सूर्योदय 5:21 सूर्यास्त 7:15

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 18.0 न्यू | 27.0 अधि |
| धर्मशाला | 21.0 न्यू | 33.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 75,415 |
| निफ्टी | 23,719 |
| सोना | 1,59,000 |
| चांदी | 2,65,000 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | सोमवार, 25 मई 2026 | 11 ज्येष्ठ, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 146, कुल पृष्ठ 12 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### नीट पेपर लीक मामले में आरोपी को 6 जून तक न्यायिक हिरासत में भेजा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने रविवार को नीट पेपर लीक मामले में आरोपी शुभम खैरनार को छह जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। विशेष न्यायाधीश रुचि अग्रवाल ने आरोपी की न्यायिक हिरासत संबंधी केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) का अनुरोध स्वीकार कर लिया। इससे पहले, अदालत ने 14 मई को कहा था कि आरोपियों के गोपनीय परीक्षा प्रश्नपत्र को आर्थिक लाभ के लिए लीक करने वाले 'संगठित गिरोह' में संलिप्तता के संकेत मिलते हैं, जिसके बाद खैरनार और चार अन्य को सात दिनों के लिए सीबीआई हिरासत में भेज दिया गया था। (अनंत ज्ञान)

### रूस ने हाइपरसोनिक ओरेश्निक मिसाइल की इस्तेमालः यूक्रेन

**एजेंसी, कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रविवार को सोशल मीडिया मंच 'टेलीग्राम' पर एक पोस्ट में कहा कि रूस ने कीव पर बड़े पैमाने पर हमले में शक्तिशाली हाइपरसोनिक ओरेश्निक बैलिस्टिक मिसाइल का इस्तेमाल किया। परमाणु या पारंपरिक युद्धक सामग्री ले जाने में सक्षम इस मिसाइल का यूक्रेन में तीसरी बार इस्तेमाल किया गया है। जेलेंस्की ने बताया कि रूस ने कीव क्षेत्र के बिला त्सेरक्वा शहर पर इस मिसाइल से हमला किया। उन्होंने बताया कि लक्ष्य का तुरंत पता नहीं चल पाया है। (अनंत ज्ञान)

### बारामूला में ठिकाने से भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद

**एजेंसी, श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में सुरक्षा बलों ने एक ठिकाने से भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद किया। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बारामूला के चंदूसा क्षेत्र में नीलसर बाग में एक गुप्त ठिकाने की मौजूदगी की सूचना के आधार पर पुलिस, सेना और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने शनिवार को एक तलाशी अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों ने तलाशी के दौरान 14 रॉकेट-चालित ग्रेनेड और नौ बूस्टर बरामद किए। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुए जांच शुरू कर दी है। (अनंत ज्ञान)

### पंजाब में 28 किलो से अधिक हेरोइन के साथ चार गिरफ्तार

**एजेंसी, चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने फिरोजपुर के गुरुहरसहाय में चार लोगों को गिरफ्तार करके मादक पदार्थ की सीमा पार तस्करी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया। यह जानकारी एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को दी। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया कि पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 28.12 किलोग्राम हेरोइन और 9.5 लाख रुपये नकद बरामद किए। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि इस गिरोह के विदेशी तस्करों से संबंध थे, जिन्होंने आरोपियों को मादक पदार्थ की खेप कथित तौर पर प्राप्त करने और उसे भारतीय क्षेत्र में वितरित करने का काम सौंपा था। डीजीपी ने बताया कि मादक पदार्थ की सीमापार तस्करी नेटवर्क को खत्म करने के लिए जांच जारी है। (अनंत ज्ञान)

# हिमाचल में 4 नए जिले बनाने की सुगबुगाहट

## पुनर्गठन आयोग के गठन से रामपुर, नूरपुर, देहरा और पालमपुर की उम्मीदें फिर जगी

अनंत ज्ञान



**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश की प्रशासनिक तस्वीर आने वाले समय में पूरी तरह बदल सकती है। राज्य सरकार द्वारा प्रशासनिक पुनर्गठन आयोग के गठन को मंजूरी मिलने के बाद नए जिलों को चर्चाओं ने एक बार फिर जोर पकड़ लिया है। लंबे समय से जिला बनाए जाने की मांग उठा रहे रामपुर बुशहर, नूरपुर, देहरा व पालमपुर जैसे क्षेत्रों में इस फैसले को लेकर नई उम्मीदें जाग उठी हैं।

जानकारी के अनुसार सरकार अब प्रदेश की प्रशासनिक इकाइयों की वास्तविक जरूरत, कार्यक्षमता और वित्तीय स्थिति का व्यापक अध्ययन करवाना चाहती है। आयोग उपमंडलों, विकास खंडों, तहसीलों और उप-तहसीलों की सीमाओं, संख्या और कार्यप्रणाली की समीक्षा करेगा। माना जा रहा है कि वर्षों से राजनीतिक संतुलन और स्थानीय दबावों के आधार पर बनाई गई कई प्रशासनिक इकाइयों ने सरकारी खर्च को लगातार बढ़ाया है। ऐसे में सरकार अब ऐसी व्यवस्था तैयार करने की दिशा में आगे बढ़ रही है, जो अधिक व्यावहारिक, जवाबदेह और जनसुविधा केंद्रित हो। प्रदेश में वर्तमान समय में 12 जिले, 81 उपमंडल, 92 विकास खंड तथा 193 तहसीलें और उप-तहसीलें संचालित हो रही हैं। आयोग भौगोलिक परिस्थितियों, जनसंख्या, दूरी, संसाधनों की उपलब्धता और प्रशासनिक पहुंच जैसे पहलुओं का गहन अध्ययन करेगा। इसके आधार पर कुछ इकाइयों के पुनर्गठन, सीमाओं में बदलाव, विलय अथवा नए जिलों के गठन से जुड़े सुझाव सरकार को सौंपे जाएंगे। विशेष रूप से कांगड़ा और ऊपरी हिमाचल के कई क्षेत्रों में लंबे समय से जिला स्तर की प्रशासनिक सुविधाओं की मांग उठती रही है।

### आयोग की रिपोर्ट पर टिकी रहेंगी प्रदेश की निगाहें

**सरकार** जल्द ही आयोग से संबंधित अधिसूचना जारी कर उसके अधिकार क्षेत्र, कार्यप्रणाली और समयसीमा को स्पष्ट करेगी। फिलहाल आयोग को रिपोर्ट सौंपने के लिए कोई निश्चित अवधि तय नहीं की गई है, लेकिन राजनीतिक और प्रशासनिक गलियारों में इस प्रक्रिया को लेकर चर्चाएं तेज हो चुकी हैं। यदि आयोग की सिफारिशें लागू होती हैं तो आने वाले वर्षों में हिमाचल प्रदेश का प्रशासनिक नक्शा पूरी तरह बदलता हुआ दिखाई दे सकता है, जिसका असर प्रदेश की राजनीति, प्रशासनिक पहुंच व विकास योजनाओं पर भी व्यापक रूप से पड़ने की संभावना है।

### ◆ प्रशासनिक ढांचे की व्यापक समीक्षा करेगी सरकार, राजनीतिक व क्षेत्रीय समीकरण भी होंगे प्रभावित

राजनीतिक दृष्टि से भी इस फैसले को बेहद अहम माना जा रहा है। नए जिलों का गठन केवल प्रशासनिक मामला नहीं होता, अपितु इससे क्षेत्रीय भावनाएं, राजनीतिक प्रतिनिधित्व और विकास की अपेक्षाएं भी सीधे जुड़ी रहती हैं। यही कारण है कि पूर्व की कांग्रेस और भाजपा सरकारें इस दिशा में निर्णायक कदम उठाने से बचती रही थीं। हालांकि वर्तमान सरकार प्रशासनिक सुविधा और बेहतर प्रबंधन को आधार बनाकर इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का संकेत दे रही है। माना जा रहा है कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनावों से पहले इस मुद्दे पर सरकार कोई बड़ा फैसला लेने की कोशिश कर सकती है।

# चिट्टा माफिया पर जारी रहेगी कड़ी कार्रवाई : मुख्यमंत्री सुक्खू

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार का चिट्टा मुक्त हिमाचल अभियान केवल नशा तस्करों पर कार्रवाई तक सीमित नहीं है, बल्कि युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने और समाज को सुरक्षित बनाने की एक व्यापक मुहिम है। उन्होंने कहा कि सरकार नशा तस्करी के पूरे नेटवर्क को जड़ से खत्म करने के लिए लगातार सख्त कदम उठा रही है और किसी भी स्तर पर इस अवैध कारोबार को पनपने नहीं दिया जाएगा।

सीएम ने कहा कि एनडीपीएस एक्ट के तहत वर्ष 2023 से अब तक प्रदेश में 6,811 मामले दर्ज किए गए हैं, जबकि 10,357 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि इस दौरान 45,867 किलोग्राम मादक पदार्थ, जिसमें चिट्टा भी शामिल है, जब्त किया गया है। सरकार ने नशे के कारोबार से जुड़े 76 अवैध संपत्तियों की पहचान की है, जिनमें से 17 मामलों में अवैध संपत्तियों को ध्वस्त भी किया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि नशा तस्करों के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य हिमाचल को पूरी तरह नशा मुक्त और सुरक्षित राज्य बनाना है। उन्होंने कहा कि युवाओं का भविष्य बचाने के लिए प्रशासन, पुलिस और समाज को मिलकर आगे आना होगा। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से भी अपील की कि नशे के खिलाफ इस जनअभियान में सरकार का सहयोग करें ताकि आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित और बेहतर वातावरण मिल सके।

# हिमाचल में पंचायत चुनाव के पहले चरण का प्रचार थमा, मतदान कल

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल में पंचायत चुनावों के पहले चरण को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां अब पूरी तरह थम चुकी हैं। रविवार दोपहर तीन बजे चुनाव प्रचार का शोर शांत होते ही प्रदेश की 1258 पंचायतों में चुनावी माहौल अब सीधे मतदान की तैयारी में बदल गया है। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों के बाद संबंधित क्षेत्रों में अगले 48 घंटों तक ड्राई डे लागू कर दिया गया है। शराब के ठेके, बीयर बार और शराब परोसने वाले होटल बंद रहेंगे, ताकि मतदान निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराया जा सके।

जानकारी के अनुसार प्रदेश भर में पहले चरण का मतदान 26 मई को सुबह सात बजे से शुरू होकर दोपहर तीन बजे तक चलेगा। मतदान समाप्त होने के तुरंत बाद प्रधान, उपप्रधान और वार्ड सदस्य पदों की मतगणना पंचायत भवनों में ही कर दी जाएगी, जबकि बीडीसी और जिला परिषद की मतपेटियां स्ट्रॉन्ग रूम में सुरक्षित रखी जाएंगी। इनकी मतगणना 31 मई को होगी। चुनाव प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी रोकने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं। दुर्गम और दूरदराज क्षेत्रों के लिए कुछ पोलिंग पार्टियां रविवार को ही मतदान सामग्री लेकर रवाना कर दी गईं, जबकि अधिकांश टीमें सोमवार सुबह मतदान केंद्रों की ओर प्रस्थान करेंगी।

गौरतलब है कि राज्य की 131 पंचायतों में चुनाव बिना मतदान के ही संपन्न हो चुका है। इन पंचायतों में प्रधान, उपप्रधान और वार्ड सदस्य पहले ही निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए जा चुके हैं। निर्वाचन आयोग का मानना है कि इससे कई क्षेत्रों में चुनावी खर्च और प्रशासनिक दबाव कम हुआ है।

### जनसभा, रैली और जुलूस पर रहेगा प्रतिबंध

**राज्य** निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि मतदान समाप्ति से 48 घंटे पहले किसी भी प्रकार की जनसभा, रैली, जुलूस, सांस्कृतिक कार्यक्रम या प्रचार गतिविधि आयोजित नहीं की जा सकेगी। सिनेमा, टेलीविजन अथवा अन्य माध्यमों से मतदाताओं को प्रभावित करने वाले कार्यक्रमों पर भी रोक लगा दी गई है। प्रशासन का कहना है कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी और किसी भी तरह की वारदात को रोकने के लिए पुलिस तंत्र पूरी तरह से मुस्तैद है।

### ◆ 48 घंटे ड्राई डे, पोलिंग पार्टियां हुईं रवाना

# प्रदेश में कल से कई जिलों में हीटवेव का अलर्ट

## हिमाचल में भीषण गर्मी के कहर से मैदानों में चलेगी लू, ऊना में पारा पहुंचा 42 डिग्री के पार

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल में आने वाले दिनों में भीषण गर्मी लोगों की मुश्किलें बढ़ाने वाली है। मौसम विभाग ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि 26 मई से प्रदेश के मैदानी और निचले इलाकों में हीट वेव का असर तेज हो सकता है। ऊना, बिलासपुर, कांगड़ा, हमीरपुर, सोलन और सिरमौर जैसे जिलों में तापमान लगातार बढ़ने की संभावना जताई गई है। अगले चार से पांच दिनों तक तेज धूप और उमस लोगों को परेशान कर सकती है।

मौसम विभाग के अनुसार 26 और 27 मई को कई जिलों में 'येलो अलर्ट' जारी किया गया है। विभाग का अनुमान है कि प्रदेश के तापमान में 3 से 7 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी हो सकती है। ऊना में तापमान पहले ही 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है, जबकि कांगड़ा, मंडी, बिलासपुर और हमीरपुर में भी गर्म हवाओं का असर लगातार बढ़ रहा है। दोपहर के समय सड़कों और बाजारों में गर्मी का प्रकोप सबसे अधिक महसूस किया जा सकता है।

जानकारी के अनुसार वहीं, प्रदेश के ऊपरी क्षेत्रों में फिलहाल मौसम सामान्य बना रहने की उम्मीद है। शिमला, कुल्लू, चंबा, किन्नौर और लाहौल-स्पीति जिलों के लिए अगले दो दिनों तक किसी बड़े मौसम अलर्ट की संभावना नहीं जताई गई है। हालांकि इन इलाकों में भी दिन के तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जा सकती है। बीते 24 घंटों में कुछ क्षेत्रों में हल्की बारिश और ऊंचाई वाले स्थानों पर हल्की बर्फबारी होने से तापमान में थोड़ी गिरावट आई थी, लेकिन अब मौसम साफ होते ही गर्मी फिर तेज होने लगी है।

मौसम विभाग ने लोगों को दोपहर के समय धूप में कम निकलने, पर्याप्त मात्रा में पानी पीने और बच्चों व बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी है। विभाग का कहना है कि लगातार बढ़ती गर्मी और उमस स्वास्थ्य पर असर डाल सकती है। खासतौर पर मैदानी इलाकों में लू जैसी स्थिति लोगों के लिए परेशानी का कारण बन सकती है।

### 28 मई को फिर बदलेगा मौसम

**28** मई के बाद प्रदेश के मौसम में एक बार फिर बदलाव देखने को मिल सकता है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से कई क्षेत्रों में गर्जन, चमक और हल्की बारिश की संभावना बन रही है। इससे तापमान में कुछ राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# पं. बंगाल में ममता का आखिरी किला भी ढहा

**एजेंसी, कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की फलता विधानसभा सीट पर हुए पुनर्मतदान में भारतीय जनता पार्टी ने ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए तृणमूल कांग्रेस के मजबूत गढ़ को ध्वस्त कर दिया। भाजपा प्रत्याशी देबाशीष पांडा ने एक लाख से अधिक मतों के भारी अंतर से जीत हासिल की। इस परिणाम को राज्य की राजनीति में बड़े बदलाव का संकेत माना जा रहा है। मतगणना के दौरान भाजपा लगातार बढ़त बनाए रही और अंतिम परिणाम में टीएमसी को करारी हार का सामना करना पड़ा। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि पिछले लोकसभा चुनाव में इसी क्षेत्र में टीएमसी को बड़ी बढ़त मिली थी, लेकिन इस उपचुनाव में पार्टी उम्मीदवार महज कुछ हजार वोटों तक सिमट गए।

भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने इसे 'टीएमसी के पतन की शुरुआत' बताते हुए कहा कि जनता ने वर्षों बाद स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान किया है। उन्होंने राज्य सरकार पर डर और दबाव की राजनीति करने का आरोप भी लगाया। उपचुनाव के दौरान टीएमसी प्रत्याशी जहांगिर खान के चुनाव मैदान छोड़ने की घोषणा ने भी राजनीतिक माहौल को प्रभावित किया। वहीं भाजपा ने स्थानीय मुद्दों, लोकतंत्र और विकास को प्रमुख चुनावी मुद्दा बनाया। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस जीत से पश्चिम बंगाल की राजनीति में भाजपा को नई मजबूती मिलेगी, जबकि टीएमसी के सामने संगठनात्मक चुनौती और बढ़ सकती है। (अनंत ज्ञान)

# हिमाचल-पंजाब टोल विवाद ने पकड़ा तूल पंजाब के जवाबी मसौदे से मचा हड़कंप

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में बाहरी राज्यों के वाहनों पर लगाए जा रहे प्रवेश शुल्क के मुद्दे ने अब बड़ा राजनीतिक व प्रशासनिक विवाद खड़ा कर दिया है। पंजाब सरकार की ओर से तैयार किए गए जवाबी टोल मसौदे ने दोनों पड़ोसी राज्यों के बीच तनाव बढ़ा दिया है। मसौदे में हिमाचल प्रदेश से पंजाब में प्रवेश करने वाले निजी वाहनों, एचआरटीसी बसों, भारी मालवाहक ट्रकों और यहां तक कि सरकारी वाहनों पर भी भारी टोल लगाने का प्रस्ताव बताया जा रहा है। इस खबर के सामने आते ही परिवहन क्षेत्र, व्यापारिक संगठनों और राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है। सूत्रों के अनुसार पंजाब सरकार के प्रस्तावित ढांचे में हिमाचल प्रदेश सरकार के आधिकारिक वाहनों पर पांच हजार रुपए तक, एचआरटीसी और अन्य भारी यात्री बसों पर तीन हजार रुपये तक तथा मालवाहक वाहनों पर करीब 2700 रुपये तक शुल्क लगाने की चर्चा है। वहीं पंजाब में प्रवेश करने वाली निजी कारों पर भी लगभग 700 रुपये तक का टोल प्रस्तावित बताया जा रहा है। इतना ही नहीं, मसौदे में त्रैमासिक और वार्षिक टोल टोकन, डिजिटल भुगतान प्रणाली, टोल रसीद और उल्लंघन पर दंड जैसी व्यवस्थाओं को भी शामिल किया गया है। इससे साफ संकेत मिल रहे हैं कि मामला केवल राजनीतिक बयानबाजी तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे कानूनी ढांचे का रूप देने की तैयारी चल रही है।

जानकारों का मानना है कि यदि यह व्यवस्था लागू होती है तो हिमाचल और पंजाब के बीच परिवहन व्यवस्था पर सीधा असर पड़ सकता है।

### ◆ सरकारी वाहनों व निजी कारों पर भी शुल्क लगाने की तैयारी

# कांकेर में नक्सली डंप से भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद

**एजेंसी, कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के सीमावर्ती जंगलों में सुरक्षाबलों ने सर्चिंग अभियान के दौरान नक्सलियों के छिपाए गए हथियारों, उपकरणों और विस्फोटक के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। यह कार्रवाई आत्मसमर्पित नक्सलियों से मिली खुफिया सूचना के आधार पर की गई। इस दौरान सुरक्षा बलों ने भारी मात्रा में हथियार, बीजीएल लांचर, विस्फोटक सामग्री, डेटोनेटर, गन पाउडर, नक्सली वर्दियां और नक्सली उपयोग की वस्तुएं बरामद कीं। यह संयुक्त अभियान जिला पुलिस, डीआरजी, बीएसएफ और बीडीएस टीम ने चलाया।

कांकेर एसपी निखिल कुमार राखेचा ने बताया कि आज रविवार को थाना कोयलीबेड़ा क्षेत्र में पहला डंप सीमावर्ती क्षेत्र के पल्लाहूर और जपमरका के जंगलों में मिला। इसमें एक कंट्रीमेड बीजीएल लांचर, 25 बीजीएल सेल, चार इम्प्रोवाइज्ड फायर कार्टिज और एक एके-47 व एक एसएलआर के खाली कार्टिज शामिल थे। पांच किलोग्राम गन पाउडर, 10 बड़े सुतली बम, तीन नक्सली वर्दी, एक सोलर चार्जर, 50 फीट वायर और मेडिकल किट भी बरामद हुई। थाना छोटेबेठिया क्षेत्र में दूसरी कार्रवाई में सीमावर्ती क्षेत्र के मरकाबेड़ा, आदनार और एलूर के जंगल से तीन 12 बोर राइफल, एक बीजीएल लांचर, छह बीजीएल सेल और 100 ग्राम बारूद बरामद किया। एक पोच, 800 इलेक्ट्रिक डेटोनेटर और 200 नॉन-इलेक्ट्रिक डेटोनेटर बरामद किया गया है। कांकेर एसपी ने बताया कि यह सफलता को सुरक्षा बलों के लिए बड़ी उपलब्धि है, क्योंकि बरामद विस्फोटक सामग्री और हथियारों का उपयोग बड़ी नक्सली घटनाओं में किया जा सकता था। (अनंत ज्ञान)

# राजौरी के गमबीर मुगलान जंगल में सुरक्षाबलों ने आतंकवादियों को घेरा

**एजेंसी, राजौरी**

पीर पंजाल बेल्ट में रविवार को एक बड़ा आतंकवाद विरोधी अभियान तेज हो गया, क्योंकि राजौरी जिले के घने गमबीर मुगलान वन क्षेत्र में छिपे भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच गोलीबारी हुई है। भारतीय सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के इस संयुक्त खुफिया नेतृत्व वाले घेरा और खोज अभियान (सीएएसओ) के लगातार दूसरे दिन यह सफलता मिली है।



भारतीय सेना की व्हाइट नाइट कोर के अनुसार सुरक्षाबलों ने शनिवार को तलाशी शुरू किया था, जिसके बाद रविवार सुबह लगभग 11:30 बजे आतंकवादियों के साथ संपर्क स्थापित किया गया। अधिकारियों ने संकेत दिया है कि दो से तीन संदिग्ध आतंकवादियों के घने वन क्षेत्र में फंसे होने की आशंका है। भागने की किसी भी कोशिश को रोकने के लिए ऊबड़-खाबड़ पहाड़ी इलाकों के आसपास सुरक्षा घेरा कड़ा करते हुए भारी सुरक्षाबल को घटनास्थल पर भेजा गया है।

राजौरी जिले के पीर पंजाल बेल्ट में स्थित गमबीर मुगलान वन क्षेत्र अपने ऊबड़-खाबड़ पहाड़ी इलाकों और घने जंगल के लिए जाना जाता है, जिससे सुरक्षा कर्मियों के लिए तलाशी अभियान चुनौतीपूर्ण हो जाता है। सुरक्षाबलों ने आस-पास के इलाकों में सख्त चौकियां स्थापित की हैं। वाहनों और पैदल यात्रियों की ट्रैकिंग बढ़ा दी गई है। स्थानीय निवासी आकिब खान ने कहा कि संदिग्ध आतंकवादियों के बारे में इनपुट के बाद सुरक्षा बलों ने कल से गमबीर मुगलान वन क्षेत्र में मजबूत उपस्थिति बनाए रखी है। पूरे क्षेत्र को कड़ी घेराबंदी में रखा गया है और तलाशी अभियान लगातार जारी है।

# व्हाइट हाउस के पास फायरिंग, ट्रंप अंदर थे मौजूद

## राष्ट्रपति डोनाल्ड ईरान समझौते पर कुछ लोगों से कर रहे थे बातचीत

**एजेंसी, वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास व्हाइट हाउस के पास शनिवार शाम हुई गोलीबारी से पूरा इलाका दहल गया।

बताया गया है कि घटना के समय राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान समझौते पर कुछ लोगों से बातचीत कर रहे थे। गोलीबारी के बाद सीक्रेट सर्विस के एजेंट्स ने समूचा इलाका घेर लिया। सुरक्षा के लिए से कुछ समय के लिए व्हाइट हाउस को बंद कर दिया गया। अनहोनी की आशंका के मद्देनजर व्हाइट हाउस को कवर करने वाले मीडिया कर्मियों को तत्काल ब्रीफिंग रूम में जाने का आदेश दिया गया।

पता चला है कि गोलीबारी में दो लोग घायल हुए हैं। सीबीएस न्यूज, एबीसी न्यूज और सीएनएन चैनल की रिपोर्ट के अनुसार, गोलीबारी में एक राहगीर और कथित रूप से एक



संदिग्ध घायल हुआ है। अधिकारियों के अनुसार, आइजनहावर एग्जीक्यूटिव ऑफिस बिल्डिंग के पास 17वीं स्ट्रीट और पेंसिल्वेनिया एवेन्यू एनडब्ल्यू पर लगभग 15 से 30 गोलियां चलाई गईं।

व्हाइट हाउस में मौजूद पत्रकारों के अनुसार उन्हें पूर्वी समयानुसार करीब 6 बजे व्हाइट हाउस परिसर की तरफ से गोली चलने जैसी आवाज सुनाई दी। इसके बाद सीक्रेट सर्विस एजेंट्स उन्हें अंदर ले गए। लगभग एक घंटे तक व्हाइट हाउस बंद रहा। व्हाइट हाउस के प्रवक्ता स्टीवन च्युंग ने पहले बताया था कि शाम चार बजे तक राष्ट्रपति ट्रंप व्हाइट हाउस में ही थे। इसके बाद कुछ अधिकारियों ने पुष्टि की कि राष्ट्रपति घटना के समय भी अपने आधिकारिक आवास पर मौजूद थे। परिसर में मौजूद पत्रकार एम्मा निकोलसन कहती हैं कि हम रिकॉर्डिंग की तैयारी कर रही थी। तभी उन्हें व्हाइट हाउस के पास कई गोलियों की आवाज सुनाई दी। वह तत्काल जमीन पर झुक गईं।

इसके बाद व्हाइट हाउस को बंद कर दिया गया। करीब एक घंटे बाद मीडिया को व्हाइट हाउस के नॉर्थ लॉन में वापस आने की अनुमति दी गई है। सूत्रों के मुताबिक, संदिग्धों ने सीक्रेट सर्विस के एजेंट्स को निशाना बनाया पर वह कामयाब नहीं हो सके। (अनंत ज्ञान)

## घमासान एक दर्जन से ज्यादा प्रमुख भाजपाइयों पर निष्कासन की लटकी है तलवार

# भाजपाइयों का निष्कासन वोटिंग से पहले या नतीजों के बाद?

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** हमीरपुर जिला की भाजपा राजनीति में पंचायत चुनावों में प्रत्याशियों की अदला-बदली और उसके बाद एक दूसरे को ठिकाने लगाने की जिद्द पाले नेताओं के अहम का उफान अभी बैठने का नाम नहीं ले रहा। जिलाभर से एक दर्जन से ज्यादा शिकायतें अलग-अलग विधानसभा क्षेत्र से अनुशासन समिति के पास अंतिम कार्रवाई के लिए पेंडिंग है।

मंडलों से जो रिपोर्ट्स निष्कासन की सिफारिश पर भेजी गई हैं, वह जिला से होती हुई प्रदेश अनुशासन समिति के पास पहुंच चुकी है, लेकिन उन पर अंतिम कार्रवाई कब होगी, इसकी इंतजार और चर्चा अलग-अलग ढंग से शुरू हो गई है। पार्टी के भीतर कहा जा रहा है कि कार्रवाई वोटिंग से पहले हुई तो यह कहीं जल्दबाजी तो नहीं हो जाए? क्योंकि 26, 28 और 30 में को अलग-अलग क्षेत्र में मतदान का सिलसिला शुरू होना है। जहां-जहां बागी उम्मीदवार भाजपा के खड़े हैं। यदि निष्कासन वोटिंग से पहले नहीं हुआ, तो इसका नफा होगा या नुकसान, मालूम नहीं। अनुशासन समिति शायद अभी माहौल देख रही है या फिर सोमवार तक वह अंतिम मोहर लगा सकती है। यदि पहले चरण की वोटिंग से पहले निष्कासन नहीं हुए, कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई, तो फिर निश्चित तौर पर माना जाएगा कि भाजपा 'वेट एंड वॉच' की राजनीति पर सवार है और जिला परिषद के जो नतीजे सामने आएंगे, उसके बाद कार्रवाई को अंजाम दिया जाएगा।

### सुजानपुर-हमीरपुर-बड़सर में सियासी घमासान, पूर्व विधायक और पदाधिकारी निशाने पर

**सबसे** गर्म माहौल सुजानपुर, हमीरपुर और बड़सर में है। जहां पूर्व विधायक बलदेव शर्मा तो मंडल के निशाने पर हैं ही, जिला पदाधिकारी भी सुजानपुर और हमीरपुर से निष्कासन की तलवार पर लटक गए हैं। पूर्व विधायक तो मीडिया में सफाई भी दे चुके हैं लेकिन बदली हुई परिस्थितियों में यहां राजनीतिक लड़ाई आर पार की हो चुकी है या लड़ाई अब किस करवट बैठेगी इसका पता अनुशासन समिति के फैसले के बाद ही चल पाएगा।

### भाजपा में निष्कासन की सिफारिश से माहौल गर्म, कांग्रेस ने साधा निशाना

**निष्कासन** की सिफारिश के बाद जिले में भाजपा के भीतर तो माहौल गर्म है ही और कांग्रेस भी इस पर खूब मजे ले रही है। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पहले ही कह चुके हैं कि भाजपा में जो कुछ हो रहा है और निष्ठावान लोगों की बेकद्री जिस तरीके से शुरू हो चुकी है, उससे उन्हें भी पीड़ा है। मतलब साफ है कि भाजपा के एक वर्ग के साथ कांग्रेस की हमदर्दी भी विशेष है। उसकी राजनीतिक बजह बताने की जरूरत नहीं है। राजनीति के जानकार सभी जानते हैं।

अनंत ज्ञान खास खबर

### जिप में बागी गतिविधियों से भाजपा को चुनौती 6 वार्ड बने टेंशन प्वाइंट

**दरअसल** में जिला परिषद के कुल 19 वार्डों में भाजपा के लिए लगभग छह वार्ड ऐसे हैं जो बागियों की गतिविधियों की वजह से चुनौती बन गए हैं। बड़सर, हमीरपुर और सुजानपुर में ऑपरेशन लोटस में भाजपा में शामिल हुए नेताओं के लिए यह परिस्थितियां चुनौती दे रही हैं और इन्हीं चुनौतियों का सामना करने के लिए आर पार की लड़ाई पर स्थानीय नेता खुद को निर्णायक माहौल में साबित करना चाह रहे हैं।

# राजधानी शिमला में हेपेटाइटिस-ए ने बढ़ाई चिंता

## डीडीयू अस्पताल में 11 बच्चे भर्ती, इनमें से 7 हेपेटाइटिस-ए पॉजिटिव

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला में बच्चों के बीच वायरल हेपेटाइटिस के बढ़ते मामलों ने स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ा दी है। दीन दयाल उपाध्याय जोनल अस्पताल में पिछले एक माह के दौरान बच्चों में हेपेटाइटिस जैसे लक्षणों के मामले लगातार सामने आने के बाद विभाग पूरी तरह सतर्क हो गया है। हालात को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने एडवाइजरी जारी कर लोगों से साफ-सफाई, सुरक्षित पेयजल और खानपान को लेकर विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। शहर में बीमारी को लेकर अभिभावकों के बीच भी चिंता का माहौल बन गया है।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार अब तक 11 बच्चों को गंभीर लक्षणों के चलते बाल रोग वार्ड में भर्ती करना पड़ा है, जिनमें से 7 बच्चों में हेपेटाइटिस-ए संक्रमण की पुष्टि हुई है। इसके अलावा कई बच्चों का ओपीडी स्तर पर उपचार किया गया है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल किसी एक क्षेत्र विशेष में संक्रमण का बड़ा क्लस्टर सामने



◆ **विभाग की टीमें मैदान में उतरीं प्रभावित इलाकों में निगरानी शुरू**

नहीं आया है, बल्कि अलग-अलग इलाकों से मामले रिपोर्ट हो रहे हैं। हालांकि प्रतिदिन या एक दिन छोड़कर नए मरीज सामने आने से स्वास्थ्य विभाग ने निगरानी और सैंपलिंग बढ़ा दी है।

स्थिति को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीमें प्रभावित क्षेत्रों में भेज दी गई हैं। टीमें घर-घर जाकर सर्वे कर रही हैं और पेयजल स्रोतों, स्वच्छता व्यवस्था तथा खाद्य सामग्री की स्थिति का आकलन किया जा रहा है। विभाग नगर निकायों और संबंधित एजेंसियों के साथ समन्वय कर पेयजल आपूर्ति की गुणवत्ता पर भी नजर रख रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि गर्मियों के मौसम में दूषित पानी, खुले खाद्य पदार्थ और खराब स्वच्छता संक्रमण फैलने की बड़ी वजह बन सकते हैं।

### घबराने की नहीं, सतर्क रहने की है जरूरत: सीएमओ

**मुख्य** चिकित्सा अधिकारी शिमला डॉ. यशपाल रांटा ने लोगों से अपील की है कि वे केवल सुरक्षित एवं उबला हुआ पानी ही प्रयोग करें, भोजन से पहले और शौच के बाद हाथों को अच्छी तरह धोएं तथा खुले में बिकने वाले कटे फल और अस्वच्छ खाद्य पदार्थों से दूरी बनाए रखें। उन्होंने कहा कि यदि किसी बच्चे या व्यक्ति में बुखार, उल्टी, मतली, पेट दर्द, पीलिया या गहरे रंग का पेशाब जैसे लक्षण दिखाई दें तो तुरंत चिकित्सकीय जांच करवाई जाए। स्वास्थ्य विभाग स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है और जनहित में सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

# हिमाचल में पीईटी के भरे जाएंगे 355 पद

## प्रदेशभर में 3 और 4 जून को होगी काउंसलिंग, 21 साल बाद होगी बैचवाइज भर्ती

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के सरकारी स्कूलों में शारीरिक शिक्षा अध्यापकों के 355 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू होते ही राज्यभर के हजारों युवाओं में नई उम्मीद की किरण जगी है। वर्षों से नियुक्ति का इंतजार कर रहे डीपीएड, डीपीई और शारीरिक शिक्षा डिग्रीधारकों के लिए यह फैसला बड़ी राहत लेकर आया है।

शिक्षा विभाग द्वारा 3 और 4 जून को आयोजित की जाने वाली काउंसलिंग को लेकर युवाओं में उत्साह का माहौल बना हुआ है। लंबे समय बाद शुरू हुई यह भर्ती प्रक्रिया प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था के साथ-साथ खेल गतिविधियों को भी नई मजबूती देने वाली मानी जा रही है। जानकारी के अनुसार प्रदेश के स्कूलों में



वर्तमान समय में पीईटी के 1011 पद खाली चल रहे हैं, जिसके चलते विद्यार्थियों की खेल गतिविधियां और शारीरिक प्रशिक्षण प्रभावित हो रहा था। ऐसे में सरकार द्वारा 355 पदों को भरने की पहल को शिक्षा क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। अभ्यर्थियों का कहना है कि करीब 21 वर्षों बाद बैचवाइज भर्ती प्रक्रिया शुरू होने से अब उन्हें नौकरी मिलने की वास्तविक उम्मीद दिखाई देने लगी है। कई युवा अब दस्तावेजों की तैयारी और काउंसलिंग प्रक्रिया को लेकर पूरी तरह सक्रिय हो चुके हैं।

इस बार शिक्षा निदेशालय ने भर्ती प्रक्रिया को पहले से अधिक सरल बनाने का प्रयास किया है। अब अभ्यर्थियों को अलग-अलग जिलों में जाकर काउंसलिंग करवाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उम्मीदवार केवल अपने ही जिले में उपस्थित होकर काउंसलिंग में भाग ले सकेंगे और अन्य जिलों के लिए प्राथमिकताओं का क्रम भर सकेंगे। पहले अभ्यर्थियों को विभिन्न जिलों के चक्कर लगाने पड़ते थे, जिससे समय और आर्थिक बोझ दोनों बढ़ जाते थे। नई व्यवस्था को युवाओं के हित में बड़ा सुधार माना जा रहा है।

प्रदेशभर में सबसे अधिक 75 पद कांगड़ा जिले में भरे जाएंगे। मंडी में 62, शिमला में 42 और ऊना में 39 पदों पर नियुक्तियां होंगी। इसके अलावा सिरमौर में 30, चंबा में 29, कुल्लू में 24, हमीरपुर में 18, सोलन में 14, बिलासपुर में 10, किन्नौर में 7 तथा लाहौल-स्पीति में 5 पदों को भरा जाएगा। जिला स्तर पर भर्ती प्रक्रिया शुरू होने से स्थानीय युवाओं में भी काफी उत्साह देखा जा रहा है।

### अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की होगी गहन जांच

**शिक्षा** विभाग ने विभिन्न वर्गों के लिए अलग-अलग कटऑफ बैच निर्धारित किए हैं। सामान्य वर्ग के लिए 31 दिसंबर 2005 तक का बैच पात्र होगा, जबकि एससी, ओबीसी, एसटी और अन्य आरक्षित वर्गों के लिए अलग-अलग कटऑफ तिथियां तय की गई हैं। काउंसलिंग के दौरान सभी अभ्यर्थियों के शैक्षणिक प्रमाणपत्रों और अन्य दस्तावेजों का सत्यापन भी किया जाएगा, ताकि चयन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी बनी रहे।

### विवि से डीपीएड डिग्री या डिप्लोमा होना अनिवार्य

**स्कूल** शिक्षा निदेशक आशीष कोहली ने बताया कि भर्ती के लिए मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से डीपीएड डिग्री अथवा डिप्लोमा अनिवार्य रखा गया है। इसके अतिरिक्त शारीरिक शिक्षा में 50 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक अभ्यर्थी भी पात्र होंगे। उन्होंने कहा कि आरक्षित वर्गों को नियमानुसार अंकों में छूट प्रदान की जाएगी तथा भर्ती प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न किया जाएगा।

# ओवरटेकिंग पर एचआरटीसी वोल्वो बस के चालक को बुरी तरह से पीटा

## शिमला पुलिस ने हरियाणा के चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** दिल्ली से शिमला आ रही एचआरटीसी की वोल्वो बस के चालक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। कच्चीघाटी क्षेत्र में ओवरटेकिंग को लेकर हुई विवाद के बाद स्कॉर्पियो गाड़ी सवारों ने बस को रोका और चालक की पिटाई कर दी। शिमला पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को मौके से और दो अन्य को रोहड़ू से गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार रविवार सुबह दिल्ली से शिमला आ रही एचआरटीसी बस ने रास्ते में हरियाणा नंबर की एक स्कॉर्पियो गाड़ी को ओवरटेक किया था। आरोप है कि ओवरटेक किए जाने से नाराज स्कॉर्पियो सवार युवकों ने बस का पीछा किया और कच्चीघाटी पहुंचते ही बस के आगे अपनी गाड़ी लगाकर



शिमला पुलिस की ओर से गिरफ्तार किए गए सभी आरोपी। अनंत ज्ञान

उसे रोक दिया। इसके बाद बीच सड़क पर चालक के साथ धक्का-मुक्की और मारपीट शुरू कर दी गई। घटना की सूचना मिलते ही बालूगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दो आरोपियों को वहीं दबोच लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान पंकज (33) पुत्र शिव कुमार तथा विकास कुमार (22) पुत्र विलक्षण राम निवासी अभयपुर, पंचकूला, हरियाणा के रूप में हुई है। वहीं घटना के बाद फरार हुए दो अन्य आरोपियों को ठियोग पुलिस की मदद से हिरासत में लेकर बालूगंज पुलिस के हवाले किया गया। इनमें एक महिला और उसका पति भी शामिल हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# 18 जून से शुरू होंगी विभागीय परीक्षाएं, 27 जून तक चलेंगी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला स्थित डॉ. मनमोहन सिंह राज्य लोक प्रशासन संस्थान ने विभागीय परीक्षाओं को लेकर संशोधित कार्यक्रम जारी कर दिया है। अपरिहार्य एवं प्रशासनिक कारणों से स्थगित की गई भारतीय प्रशासनिक सेवा, हिमाचल प्रशासनिक सेवा, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित विभिन्न राजपत्रित अधिकारियों की विभागीय परीक्षाएं अब 18 जून से 27 जून तक आयोजित की जाएंगी।

◆ **संजौली कॉलेज में होंगे अधिकांश पेपर**

◆ **पहले 28 अप्रैल से 7 मई तक होनी थीं ये परीक्षाएं**

पहले यह परीक्षाएं 28 अप्रैल से 7 मई तक प्रस्तावित थीं, लेकिन परिस्थितियों के चलते इन्हें स्थगित करना पड़ा था। विभागीय परीक्षा बोर्ड के सचिव दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि परीक्षाओं के लिए संशोधित समय सारिणी जारी कर दी गई है, जिससे हजारों अभ्यर्थियों को राहत मिली है। परीक्षाओं का मुख्य आयोजन राजकीय महाविद्यालय संजौली, शिमला में किया जाएगा। वहीं, पेपर संख्या-1 'वित्तीय प्रशासन' में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 18 जून को राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला तथा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मंडी में भी परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

संस्थान ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे परीक्षा से संबंधित संशोधित समय सारिणी एवं अन्य जानकारी एमएसएचआईपीए की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड कर लें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

# कोटखाई में गहराया पेयजल संकट

## फील्ड स्टाफ की कमी के चलते नियमित रूप से नहीं हो रही आपूर्ति

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** पंचायत चुनावों की सरगर्मियों के बीच कोटखाई क्षेत्र के कई गांव इन दिनों गंभीर पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। लोगों का आरोप है कि सिंचाई एवं जनस्वास्थ्य विभाग में कर्मचारियों और फील्ड स्टाफ की भारी कमी के चलते नियमित रूप से पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। हालात ऐसे बन गए हैं कि केवल पहुंच और सिफारिश रखने वाले इलाकों तक ही पर्याप्त पानी पहुंच रहा है, जबकि दूरदराज के गांवों में लोग बूंद-बूंद पानी के लिए परेशान हैं। पंचायत चुनाव के माहौल में भी लोगों की यह मूलभूत समस्या लगातार अनसुनी बनी हुई है, जिससे ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि क्षेत्र में वर्षों पुरानी जंग लगी पाइपों को बदलने के लिए नया सामान काफी



समय पहले पहुंच चुका है, लेकिन जिस ठेकेदार कंपनी को काम सौंपा गया है, उसने अब तक कार्य शुरू नहीं किया।

कई स्थानों पर पाइपें खुले में पड़ी हैं और उनकी चोरी तक होने लगी है, लेकिन विभागीय अधिकारियों पर इसका कोई असर दिखाई नहीं दे रहा। ग्रामीणों का कहना है कि शिकायतों का दौर लगातार जारी है और लोग कई बार विभागीय

◆ **बदली नहीं जा रहीं जंग लगी पाइपें, खुले में पड़ा सामान**

◆ **शिकायतों के बावजूद विभाग और ठेकेदार पर नहीं असर**

कार्यालयों के चक्कर भी काट चुके हैं, मगर स्थिति जस की तस बनी हुई है।

ग्रामीणों ने प्रशासन और विभाग से मांग उठाई है कि क्षेत्र में पर्याप्त स्टाफ की तैनाती कर नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए। साथ ही जंग लगी पुरानी पाइपों को तुरंत बदलकर अधूरे पड़े कार्य को शीघ्र पूरा किया जाए, ताकि गर्मियों के मौसम में लोगों को राहत मिल सके। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं निकला तो पंचायत चुनावों के बीच यह मुद्दा बड़ा जनआक्रोश बन सकता है।

# शिमला के निजी स्कूल से तीसरी कक्षा की छात्रा को अगवा करने की कोशिश

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** स्कूल की छुट्टी का समय था। बच्चे अपने अभिभावकों के साथ घर लौट रहे थे, तभी अचानक दो पुरुष और एक महिला स्कूल परिसर में पहुंचे और तीसरी कक्षा में पढ़ने वाली एक छात्रा को अपने साथ ले जाने की बात कहने लगे। स्कूल प्रशासन को उनकी गतिविधियां संदिग्ध लगीं तो तुरंत सतर्कता बरती गई और बच्ची को उनके साथ भेजने से इनकार कर दिया गया। बाद में मामले की सूचना पुलिस को दी गई। यह मामला शिमला जिला के ठियोग उपमंडल के फागू स्थित एक निजी स्कूल का है।

पुलिस के अनुसार, इस संबंध में ठियोग थाना में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। शिकायत स्कूल की वाइस प्रिंसिपल सुनीता शर्मा ने दर्ज करवाई है। उन्होंने पुलिस को बताया कि 22 मई को दोपहर करीब 2 बजकर 50 मिनट पर स्कूल में छुट्टी का समय था। इसी दौरान दो पुरुष और एक महिला स्कूल परिसर में पहुंचे और छात्रा को अपने साथ ले जाने की बात कही।

◆ **स्कूल प्रशासन की सूझबूझ से सुरक्षित रही बच्ची**

◆ **दो पुरुषों और एक महिला पर एफआईआर दर्ज**

स्कूल प्रशासन ने जब उनसे पूछताछ की और सत्यापन करने की कोशिश की तो संतोषजनक जानकारी नहीं मिल पाई। इसके बाद स्कूल प्रबंधन ने बच्ची को सुरक्षित अपने पास रखा और किसी भी तरह का जोखिम लेने से बचते हुए तुरंत पुलिस को सूचित किया।

घटना के बाद स्कूल परिसर और आसपास के इलाके में चर्चा का माहौल बना रहा। अभिभावकों में भी बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता देखी गई। स्कूल प्रशासन का कहना है कि बच्चों की सुरक्षा उनकी पहली प्राथमिकता है और बिना पुष्टि के किसी भी बाहरी व्यक्ति को बच्चों के संपर्क में नहीं आने दिया जाएगा। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि बीएनएस की धाराओं 137(2), 62 और 3(5) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। संदिग्ध लोगों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आगे कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए अभिभावकों को जागरूक करने के निर्देश

# ग्रामीण क्षेत्रों में एचपीवी टीकाकरण को जनआंदोलन बनाने पर जोर

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। सिविल अस्पताल जुन्गा में आयोजित क्षेत्रीय स्तरीय बैठक में ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी मशोबरा डॉ. संजय रनौत ने आशा वर्करों से ग्रामीण क्षेत्रों में एचपीवी टीकाकरण अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार करने का आह्वान किया। बैठक में जुन्गा अस्पताल के चिकित्सकों, पर्यवेक्षकों और विभिन्न क्षेत्रों से आई आशा वर्करों ने भाग लिया। इस दौरान ह्यूमन पेपिलोमा वायरस, क्षयरोग उन्मूलन, गैर संचारी रोग, डायरिया, स्क्रब टाइफस तथा मातृ-शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई।

डॉ. संजय रनौत ने कहा कि 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बेटियों को एचपीवी वैक्सीन लगवाने के लिए अभिभावकों को जागरूक करना बेहद आवश्यक है। उन्होंने बताया कि गर्भाशय ग्रीवा कैंसर महिलाओं में दूसरा सबसे सामान्य कैंसर है और भारत में हर वर्ष हजारों महिलाएं इसकी चपेट में आती हैं। यह बीमारी



स्वास्थ्य अधिकारी के साथ आशा वर्कर्स सामूहिक चित्र में। अनंत ज्ञान

ह्यूमन पेपिलोमा वायरस के कारण होती है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा 28 फरवरी से शुरू किया गया एचपीवी टीकाकरण अभियान 31 मई तक चलाया जा रहा है और यह टीका पूरी तरह सुरक्षित व नि:शुल्क है।

निजी अस्पतालों में इसकी कीमत करीब दस हजार रुपये तक है, इसलिए लोगों को किसी भी प्रकार की अफवाहों या भ्रामक प्रचार से बचना चाहिए। बैठक में गर्मियों के मौसम में डायरिया और स्क्रब टाइफस के बढ़ते खतरे को देखते हुए लोगों को उबालकर पानी पीने और खेतों में कार्य करते समय शरीर को पूरी तरह ढककर रखने की सलाह देने के निर्देश भी दिए गए।

इसके अलावा टीबी उन्मूलन और एनसीडी कार्यक्रमों के अंतर्गत शुगर व उच्च रक्तचाप के रोगियों की पहचान कर उनकी आईडी तैयार करने पर भी बल दिया गया, ताकि रोगियों का समुचित रिकॉर्ड उपलब्ध रह सके।

# रामपुर में महंगाई के खिलाफ कांग्रेस पार्टी ने खोला मोर्चा

अनंत ज्ञान

**रामपुर बुशहर।** शिमला जिले के रामपुर में शनिवार शाम को ब्लॉक कांग्रेस ने देश में लगातार बढ़ रही महंगाई के खिलाफ केंद्र सरकार को घेरते हुए एक रोष प्रदर्शन किया। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने देश की राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन रामपुर के एसडीएम हर्ष अमरेंद्र सिंह के माध्यम से भेजा गया। कांग्रेस नेताओं ने उम्मीद जताई है कि महामहिम राष्ट्रपति इस बेहद गंभीर विषय पर तुरंत हस्तक्षेप करेंगी और देश की आम जनता को आर्थिक राहत दिलाने के लिए आवश्यक कदम उठाएंगी।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष लाल चंद शर्मा ने केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस और अन्य सभी आवश्यक घरेलू वस्तुओं के लगातार बढ़ते दामों ने गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों का जीना मुहाल कर दिया है। उन्होंने आंकड़ों का हवाला देते हुए



◆ **पेट्रोल और गैस के बढ़ते दामों पर जताई चिंता**

◆ **एसडीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को सौंपा ज्ञापन**

कहा कि आज हमारे पड़ोसी देशों की तुलना में भारत में पेट्रोल और डीजल की कीमतें काफी अधिक हैं। ईंधन के दाम बढ़ने से परिवहन लागत में भारी बढ़ोतरी हुई है, जिसका सीधा असर रोजमर्रा की जरूरतों के सामान पर पड़ रहा है। इसके कारण आज बाजार में दूध, अनाज, दालें और हरी सब्जियों के दाम आम आदमी की पहुंच से बाहर होकर आसमान छू रहे हैं।'

# मतदान केंद्र में मोबाइल लेकर न आए कोई व्यक्ति

## रामपुर के सहायक निर्वाचन अधिकारी हर्ष अमरेंद्र सिंह ने दिए आदेश

अनंत ज्ञान

**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर।** पंचायतीराज संस्थाओं के सामान्य निर्वाचन-2026 की तैयारियों के दृष्टिगत विकास खंड रामपुर में समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक मिनी सचिवालय रामपुर में संपन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता सहायक निर्वाचन अधिकारी (जिला परिषद) एवं उपमंडलाधिकारी रामपुर हर्ष अमरेंद्र सिंह ने की। बैठक में सहायक निर्वाचन अधिकारी (एआरओ), सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा सेक्टर अधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान पंचायत चुनावों की तैयारियों, मतदान प्रक्रिया से संबंधित व्यवस्थाओं, सेक्टर स्तर की रिपोर्टों तथा निर्वाचन कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई।

उपमंडलाधिकारी नागरिक हर्ष अमरेन्द्र सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि



पंचायत चुनाव तैयारियों को लेकर समन्वय बैठक की अध्यक्षता करते सहायक निर्वाचन अधिकारी।

चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सुचारू ढंग से संपन्न करवाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा सभी अधिकारी आपसी समन्वय के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने अधिकारियों से स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी व्यक्ति को मतदान केंद्र के भीतर मोबाइल फोन लाने की अनुमति न दी जाए। केवल सहायक निर्वाचन अधिकारी (एआरओ) एवं सेक्टर अधिकारियों को ही मतदान से संबंधित आवश्यक जानकारी के आदान-प्रदान हेतु मोबाइल फोन उपयोग करने की अनुमति होगी।

बैठक में अधिकारियों को सेक्टर रजिस्टर एवं फील्ड रिपोर्ट नियमित रूप से प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए गए।

### इंपैक्ट अवॉर्ड्स | सामाजिक बदलाव लाने की सबसे प्रभावी शक्ति बन चुका है मीडिया

# मीडिया की ताकत से बदलेगा समाज: राज्यपाल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने कहा है कि मीडिया केवल समाचार और मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि समाज को सकारात्मक दिशा देने और सामाजिक बदलाव लाने की सबसे प्रभावी शक्ति बन चुका है। देर सायं शिमला में आयोजित बिग इंपैक्ट अवॉर्ड्स-2026 समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मीडिया जागरूकता फैलाने, समाज को प्रेरित करने और जनहित के अभियानों को जनआंदोलन बनाने में बड़ी भूमिका निभा सकता है।

राज्यपाल ने बिग एफएम द्वारा आयोजित कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज सेवा, नवाचार और जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले लोगों को पहचान और सम्मान देने का सशक्त मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित भी किया। उन्होंने कहा कि



बिग इंपैक्ट अवॉर्ड्स-2026 समारोह में पुरस्कार प्रदान करते राज्यपाल कविंद्र गुप्ता।

समर्पण और सामाजिक प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने वाले लोग समाज के लिए प्रेरणा बनते हैं। कविंद्र गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य की ओर आगे बढ़ रहा है और इस दिशा में मीडिया, उद्योग, शिक्षण संस्थानों तथा युवाओं की अहम भागीदारी है। उन्होंने रेडियो की बढ़ती प्रभावशीलता का उल्लेख करते हुए कहा कि 'मन की बात' जैसे कार्यक्रमों ने रेडियो को फिर से जनसंपर्क का सशक्त माध्यम बना दिया है।

उन्होंने ईंधन संरक्षण पर बल देते हुए लोगों से सार्वजनिक परिवहन, कार-पूलिंग और ऊर्जा दक्ष जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया।

### बढ़ते नशे पर जताई चिंता

**राज्यपाल** ने युवाओं में बढ़ते नशे के प्रचलन पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह समाज और नैतिक मूल्यों के लिए गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए जागरूकता, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। उन्होंने मीडिया से भी नशा मुक्ति अभियान में रचनात्मक भूमिका निभाने का आग्रह किया।

# धर्मशाला में खेल सुविधाओं में आए कई बदलाव : फोगाट

## कॉमनवेल्थ गोल्ड मेडलिस्ट बोलीं- महिला खिलाड़ी करें अपने लक्ष्य पर फोकस

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** कॉमनवेल्थ गोल्ड मेडलिस्ट बबीता फोगाट ने कहा कि धर्मशाला में साई सेंटर में काफी सुविधाएं उपलब्ध हो गई हैं, एक समय था, जब खिलाड़ी खुद अपने कमरे में खाना बनाते थे, अब बकायदा शेफ खाना बनाते हैं, ऐसे में कह सकते हैं कि खिलाड़ियों की सुविधाओं में काफी बदलाव आए हैं, जिनका खिलाड़ी लाभ भी उठा रहे हैं।

बबीता फोगाट ने कहा कि वर्ष 2030 में भारत के अहमदाबाद में कॉमनवेल्थ गेम्स का आयोजन किया जा रहा है। हिमाचल को देवों की भूमि कहा जाता है, पहले भी हिमाचल आ चुकी हूं और कई कैंपों में भी यहां भाग लिया है, देवों की भूमि में हर कोई आना चाहता है। मुझे यहां आकर अच्छा लगा, खेल सुविधाएं पहले से बेहतर हुई हैं। हर खिलाड़ी का अपने देश में अधिक

◆ **कहा- देवों की भूमि हिमाचल में हर कोई आना चाहता है**

से अधिक मेडल जीतने का सपना होता है, कॉमनवेल्थ गेम्स जो कि 2030 में भारत में होने जा रहा हैं, उसकी तैयारी में खिलाड़ी जुट गए हैं। महिला खिलाड़ियों को अपने लक्ष्य पर ध्यान रखना चाहिए और मेहनत करनी चाहिए, यही मेहनत आपको सफलता की ओर लेकर जाएगी। जब तक सफलता न मिले, तब तक रुकना, झुकना व टिकना नहीं है, लगातार मेहनत करना ही सफलता की कुंजी है।

फिट इंडिया मूवमेंट भारत में बहुत बड़ा अभियान बन चुका है, हर वर्ग को दिन में 30 मिनट या एक घंटा अपने स्वास्थ्य व शरीर के लिए निकालना चाहिए। कोरोना ने भी हमें बहुत कुछ सिखाया है कि स्वास्थ्य हम सबके लिए कितना जरूरी है।

## फिट इंडिया और फिटनेस जागरुकता को बढ़ावा देने के लिए संडेज ऑन साइकिल कार्यक्रम आयोजित



कॉमनवेल्थ गेम्स की गोल्ड मेडलिस्ट फोगाट ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर खिलाड़ियों को मोटिवेट किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** स्पोर्ट्स सिटी धर्मशाला स्थित स्पोर्ट्स ऑफ इंडिया के सेंटर में रविवार को संडेज ऑन साइकिल कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कॉमनवेल्थ गेम्स की गोल्ड मेडलिस्ट बबीता फोगाट ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। स्टार्ट ऑफ कॉमनवेल्थ गेम्स-2030 थीम के तहत आयोजित कार्यक्रम में बच्चों से लेकर युवाओं व एसएसबी जवानों ने भी भाग लिया। डीसी कांगड़ा ने विशेष अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए संडेज ऑन साइकिल में भाग लिया व साइकिल भी चलाई। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं और आमजन को फिटनेस के प्रति जागरूक करने के साथ वर्ष-2030 में भारत में प्रस्तावित कॉमनवेल्थ गेम्स के प्रति जनसमर्थन तैयार करना है। कार्यक्रम में फिट इंडिया एंबेसडर दीपक मिश्रा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। वहीं, भारतीय खेल प्राधिकरण के क्षेत्रीय निदेशक शैलेंद्र कुमार (चंडीगढ़) भी मौजूद रहे। इस दौरान संडेज ऑन साइकिल के प्रतिभागियों को योग भी करवाया गया।

### विश्व स्तर पर और ऊंचाई पर ले जानी है भारत की स्पोर्ट्स पॉजिशन : डीसी



डीसी कांगड़ा हेमराज बैरवा ने कहा कि भारत में होने जा रही कॉमनवेल्थ गेम्स के तहत फिट इंडिया मूवमेंट के तहत पूरे देश में संडेज ऑन साइकिल कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कॉमनवेल्थ गेम्स की गोल्ड मेडलिस्ट बबीता फोगाट ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए खिलाड़ियों को मोटिवेट किया है। सभी को यही संदेश देने का प्रयास किया जा रहा है, देश के स्पोर्ट्स को बढ़ाना है तथा विश्व स्तर पर स्पोर्ट्स में भारत की जो पोजिशन है, उसे और ऊंचाई पर लेकर जाना है।

## प्रदेश ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष ने की धर्मगुरु दलाईलामा से भेंट



धर्मगुरु दलाईलामा से आशीर्वाद लेते नरेंद्र अत्री। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** भाजपा के प्रदेश सचिव रहे एवं वर्तमान में हिमाचल प्रदेश ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष नरेंद्र अत्री ने धर्मशाला में तिब्बती आध्यात्मिक गुरु दलाईलामा से शिष्टाचार भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने दलाई लामा द्वारा विश्व शांति, करुणा, मानव कल्याण एवं भाईचारे के लिए किए गए ऐतिहासिक योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें मानवता का प्रेरणास्रोत बताया। नरेंद्र अत्री ने कहा कि दलाईलामा का जीवन पूरी दुनिया के लिए शांति, सहिष्णुता और सेवा का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश की पावन भूमि पर दलाईलामा की उपस्थिति प्रदेशवासियों के लिए गर्व और सौभाग्य की बात है। उनके विचार समाज को सकारात्मक दिशा देने के साथ-साथ युवाओं को नैतिक मूल्यों और मानव सेवा के लिए प्रेरित करते हैं। नरेंद्र अत्री ने कहा कि महामहिम से प्राप्त आशीर्वाद और मार्गदर्शन उनके सामाजिक एवं खेल गतिविधियों से जुड़े कार्यों में नई ऊर्जा प्रदान करेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### करियाड़ा में महंगाई के खिलाफ ग्रामीणों का प्रदर्शन



**अनंत ज्ञान, गरली।** करियाड़ा में रविवार को पेट्रोल और डीजल के दामों में लगातार बढ़ोतरी के खिलाफ लोगों का गुस्सा सड़कों पर फूट पड़ा। एक ही सप्ताह में पांचवीं बार ईंधन कीमतों में वृद्धि से नाराज ग्रामीण बड़ी संख्या में एकजुट होकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि बढ़ती महंगाई से परिवहन, खेती और दैनिक जरूरतें प्रभावित हो रही हैं, जिससे आम जीवन मुश्किल हो गया है। विरोध प्रदर्शन में महिलाओं की भी सक्रिय भागीदारी रही। उन्होंने कहा कि रसोई का बजट पूरी तरह बिगड़ चुका है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द राहत नहीं दी गई तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा।

### महंगाई की मार, घर चलाना मुश्किल : रेणु

**अनंत ज्ञान, कोहली, शाहपुर।** हिमाचल प्रदेश महिला कांग्रेस की पूर्व महासचिव रेणु बजवारिया ने देश में लगातार बढ़ रही महंगाई पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल, डीज़ल, रसोई गैस सिलेंडर और खाद्य पदार्थों के लगातार बढ़ते दामों ने हर परिवार का बजट बिगाड़ कर रख दिया है। रेणु बजवारिया ने कहा कि आज गरीब, मजदूर और मध्यम वर्गीय परिवार सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। महंगाई के कारण घर चलाना कठिन होता जा रहा है,। रसोई गैस सिलेंडर की लगातार बढ़ती कीमतों ने गरीब परिवारों की रसोई पर सीधा असर डाला है और कई परिवारों के लिए दो वक्त का भोजन जुटाना भी चुनौती बन गया है।

### कांगड़ा मंदिर बाजार चेन स्नेचिंग केस सुलझा

## हरियाणा और जयपुर से पकड़े दो चेन स्नेचर

अनंत ज्ञान

**कांगड़ा।** पुलिस थाना कांगड़ा के अंतर्गत मंदिर बाजार क्षेत्र में एक बुजुर्ग महिला के गले से दो अज्ञात मोटरसाइकिल सवारों द्वारा सोने की चेन झपट कर फरार होने की घटना सामने आई। घटना सुबह के समय की होने के कारण वहां पर कोई अन्य व्यक्ति मौजूद नहीं था ।

पुलिस थाना कांगड़ा में मामला दर्ज किया था। कांगड़ा पुलिस टीम ने तकनीकी जांच एवं गहन पूछताछ के आधार पर पता लगाया कि दोनों आरोपी बाहरी राज्यों से संबंध रखते हैं तथा कबाड़ का कार्य करते हैं। जांच के दौरान यह भी जानकारी मिली कि दोनों आरोपी वर्तमान में हरियाणा के महेंद्रगढ़ क्षेत्र में हैं। पुख्ता सूचना प्राप्त होते ही पुलिस टीम ने तवरित करवाई करते हुए आरोपियों 24 वर्षीय राहुल को हरियाणा के महेंद्रगढ़ से, जबकि 28 वर्षीय सनी को जयपुर से



गिरफ्तार किया गया। एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने पुष्टि करते हुए बताया कि पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने खुलासा किया कि उन्होंने छीनी गई सोने की चेन को हरियाणा जाते समय किरतपुर (पंजाब) स्थित एक आभूषण विक्रेता को बेच दिया था। इसके उपरांत पुलिस टीम ने किरतपुर स्थित आभूषण विक्रेता से छीनी गई सोने की चेन को बरामद किया। दुकान मालिक महेश वर्मा को भी मामले में संलिप्त पाए जाने पर अभियोग में शामिल किया है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

## कोटला में भालू के हमले से व्यक्ति घायल, क्षेत्र में दहशत

**अनंत ज्ञान, कोटला।** कोटला के वन परिक्षेत्र कोटला की वीट सोलधा में शनिवार देर शाम उस समय हड़कंप मच गया जब जंगल में लकड़ियां लेने गए एक व्यक्ति पर अचानक भालू ने हमला कर दिया। हमले में व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे स्थानीय लोगों और परिजनों की मदद से तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। बाद में उसे बेहतर उपचार के लिए टांडा मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया, जहां उसका इलाज जारी है। डॉक्टरों के अनुसार उसकी हालत अब खतरे से बाहर बताई जा रही है। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कुछ समय से जंगलों के आसपास जंगली जानवरों की गतिविधियां बढ़ गई हैं, जिससे लोगों में भय बना हुआ है। सूचना मिलते ही वन विभाग और पुलिस टीम मौके पर पहुंची और सर्च अभियान शुरू किया गया। राजेश शर्मा ने बताया कि विशेष टीम गठित कर गश्त बढ़ा दी गई है और लोगों को सतर्क रहने की अपील की गई है।

## आरसीबी-गुजरात टाइटंस फर्स्ट क्वालीफायर से बढ़ेगी ऑक्यूपेंसी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** एचपीसीए स्टेडियम धर्मशाला में आईपीएल के फर्स्ट क्वालीफायर में रॉयल चैलेंजर बंगलुरु व गुजरात टाइटंस के मैच को लेकर ऑक्यूपेंसी बढ़ने की आस होटल कारोबारी लगाए हुए हैं। गुजरात टाइटंस की टीम धर्मशाला पहुंच चुकी है, जबकि रविवार को आरसीबी के खिलाड़ी भी धर्मशाला पहुंच गए। आलम यह है कि अभी से क्रिकेट फैंस आईपीएल के फर्स्ट क्वालीफायर के लिए धर्मशाला में जुटना शुरू हो गए हैं।

26 मई को होने वाले आईपीएल मुकाबले के चलते धर्मशाला पर्यटन सर्किल में होटलों में ऑक्यूपेंसी के 90 फीसदी के पार पहुंचने की उम्मीद है। इससे पहले वीकेंड पर होटलों में ऑक्यूपेंसी 70 फीसदी के आसपास रही। बताते चलें कि आईपीएल टूर्नामेंट से हर बार पर्यटन कारोबार को खासा मुनाफा होता है। वहीं पहली बार हो रहे क्वालीफायर मैच के चलते देश भर के हजारों क्रिकेट फैंस धर्मशाला पहुंचेंगे। वीकेंड पर बाजारों में पर्यटकों की चहलकदमी बढ़ना शुरू हो गई है। एचपीसीए स्टेडियम धर्मशाला में आयोजित आईपीएल सीजन 2026 के तीन मुकाबलों ने पर्यटन कारोबार को रफ्तार दी है। मैचों के दौरान होटल ऑक्यूपेंसी 60 से 90 प्रतिशत से अधिक दर्ज की गई, जबकि पूरे आयोजन अवधि में औसतन 60 प्रतिशत तक कमरे भरे रहे। होटल एसोसिएशन के मुताबिक, 11 मई के पहले मुकाबले के दौरान धर्मशाला क्षेत्र में ऑक्यूपेंसी 60 प्रतिशत, दूसरे मुकाबले के दौरान 70 प्रतिशत, जबकि 17 मई को हुए मुकाबले में 90 प्रतिशत के पार रही। धर्मशाला पर्यटन क्षेत्र में लगभग 800 से 1000 होटल, गेस्ट हाउस, बीएंडबी और होम स्टे संचालित हैं, जिनकी आजीविका प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से पर्यटन उद्योग पर निर्भर करती है। मिडल ईस्ट संकट के कारण कमर्शियल गैस आपूर्ति प्रभावित होने से कई होटलों ने सप्ताह में दो दिन पारंपरिक कांगड़ी धाम परोसना शुरू किया। पर्यटकों के अलावा विदेशी पर्यटक भी कांगड़ी धाम को काफी पसंद कर रहे हैं। उधर, होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन धर्मशाला के अध्यक्ष अश्वनी बांबा ने बताया कि आईपीएल मुकाबलों से हर वर्ष की तरह इस बार भी पर्यटन उद्योग को बड़ा लाभ मिला है। अब 26 मई को होने वाले पहले क्वालीफायर मुकाबले से कारोबार में और उछाल आने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि मुकाबला अगर रविवार को होता तो ऑक्यूपेंसी 100 प्रतिशत होने की उम्मीद थी। उन्होंने कहा कि अब तक हुए तीन मुकाबलों में 17 मई को रविवार को हुए मुकाबले में सबसे बढ़िया कारोबार हुआ है। वीकेंड पर ऑक्यूपेंसी करीब 65 प्रतिशत है।

## गढ़ जमूला स्कूल में विद्यार्थियों को बांटे ट्रैक सूट



**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गढ़ जमूला में कक्षा नर्सरी से कक्षा आठवीं तक तथा सभी बच्चों को ट्रैक सूट प्रधानाचार्या मीनू तथा उनकी माता के सहयोग से निशुल्क वितरित किए गए। इसके अतिरिक्त विद्यालय में कार्यरत प्राध्यापक अजय सिंह पटियाल लेक्चर केमिस्ट्री द्वारा 21 ट्रैक सूट विद्यालय के जरूरतमंद बच्चों को प्रदान किए गए। विद्यालय स्टाफ तथा जनता के सहयोग से 45 अन्य जरूरतमंद बच्चों को तथा छठी से 11वीं तक प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को भी निशुल्क ट्रैक सूट प्रदान किए गए। आपको बताते चलें कि ये ट्रैकसूट वर्षों से चली आ रही सफेद बर्दी की जगह लगाए गए हैं।

## परागपुर में चुनाव प्रक्रिया की सभी तैयारियां पूरी, मतदान दल रवाना

**अनंत ज्ञान, प्रवेश शर्मा, परागपुर।** परागपुर ब्लॉक के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, परागपुर में आगामी चुनाव के सफल संचालन के लिए मतदान प्रक्रिया की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस दौरान चुनाव पर्यवेक्षक एवं निदेशक मेडिकल कॉलेज हमीरपुर तथा अन्य प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में पीठासीन और मतदान अधिकारियों को मतदान सामग्री वितरित की गई। प्रशासनिक व्यवस्था के तहत ब्लॉक को 5 सेक्टरों में विभाजित किया गया है, जिसमें कुल 63 पंचायतें शामिल हैं। चुनाव प्रक्रिया के लिए 111 मतदान पार्टियां गठित की गई हैं, जिनमें 444 अधिकारी शामिल हैं। सभी मतदान दलों को 11 बसों के माध्यम से और सेक्टर अधिकारियों को अलग वाहनों से उनके गंतव्य के लिए रवाना किया गया। प्रशासन ने निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए व्यापक प्रबंध किए हैं।

## शिव मंदिर हल्दरा में भंडारे का आयोजन

**अनंत ज्ञान, डरोह।** सुलह विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत गांव हल्दरा में हर साल की भांति इस वर्ष भी शिव मंदिर कमेटी की ओर से भंडारे का आयोजन कमेटी अध्यक्ष रजिंद्र राजा की अध्यक्षता में किया गया। 8 गांवों के लोगों ने भंडारे का भोजन ग्रहण किया। कमेटी प्रधान ने कहा कि यह आयोजन हमारे बुजुर्गों द्वारा चलाई गई एक प्राचीन प्रथा है। फसल की संभाल के बाद यह लंगर लगाया जाता है। कमेटी प्रधान राजिंद्र राजा ने बताया कि माधो राम, संजय चौधरी, त्रिलोक चंद, धर्म चंद, मिस्त्री हेम राज, संजय धीमान आदि का इस आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## गीता के श्लोकों से गूंजा विद्यालय, छात्रों ने सीखा एकाग्रता और अनुशासन का महत्व

### विवेका फाउंडेशन्ज स्कूल मनसिम्बल में गीता पाठ और आध्यात्मिक उपदेश सत्र का आयोजन

अनंत ज्ञान

**राकेश डोगरा, डरोह।** विवेका फाउंडेशन्ज वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मनसिम्बल के प्रांगण में विद्यार्थियों के नैतिक और आध्यात्मिक विकास के लिए एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विश्व प्रसिद्ध आध्यात्मिक संस्था इस्कॉन से आए हुए आध्यात्मिक गुरु अरुण चैतन्य प्रभु जी (इस्कॉन के प्रमुख) एवं अन्य पूज्य महाप्रभुओं ने शिरकत की।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को श्रीमद्भागवत गीता के शाश्वत संदेशों से अवगत कराना और उन्हें जीवन में सही दिशा दिखाना था। इस विशेष उपलक्ष्य पर विद्यालय की संस्थापक निर्देशिका एवं प्राचार्या कुसुम राणा ने मुख्य अतिथियों का स्वागत एक अनूठी और पर्यावरण-अनुकूल पहल के तहत किया। उन्होंने आध्यात्मिक गुरु अरुण चैतन्य प्रभु जी और इस्कॉन संस्था से आए अन्य प्रतिनिधियों को हरित औषधीय पौधे प्रदान कर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान इस्कॉन के प्रमुख अरुण चैतन्य प्रभु जी एवं अन्य महाप्रभुओं



नैतिक मूल्यों व संस्कारों को अपनाने पर बल दिया। अनंत ज्ञान

द्वारा पवित्र मंत्रोच्चारण और गीता पाठ किया गया, जिससे विद्यालय का संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो उठा। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बेहद सरल और व्यावहारिक भाषा में गीता के उपदेशों को समझाया। उन्होंने बताया कि गीता मात्र एक धार्मिक ग्रंथ नहीं है, बल्कि यह जीवन जीने की एक उत्कृष्ट कला और प्रबंधन मार्गदर्शिका है। सत्र के दौरान विद्यार्थियों को विशेष रूप से छात्र जीवन में एकाग्रता, अनुशासन और मन पर नियंत्रण रखने के उपाय सिखाए गए। अर्जुन और श्रीकृष्ण के संवाद के माध्यम से बच्चों को समझाया गया कि वे परिणाम की चिंता किए बिना अपने मुख्य कर्तव्य यानी अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करें। युवाओं को भटकाव और व्यसनों से दूर रहकर उच्च नैतिक मूल्यों व संस्कारों को अपनाने पर बल दिया गया। प्रधानाचार्या मनीषा अग्रवाल ने इस्कॉन संस्था का आभार व्यक्त किया। उन्होंने आध्यात्मिक गुरु अरुण चैतन्य प्रभु जी और संस्था के सभी सदस्यों का धन्यवाद किया।

## प्रदेश शारीरिक शिक्षा संघ मामले की सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई

**अनंत ज्ञान, जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** हिमाचल प्रदेश नेशनल फिटनेस कोर शारीरिक संघ के राज्य प्रधान ज्ञान सिंह बिष्ट ने प्रेस नोट जारी करते हुए बताया कि इस वर्ग के अध्यापकों की सेवाएं सरकार के अधीन किए जाने के दौरान केंद्र सरकार के नियम एफआर-39(5) के तहत राज्य ने प्रशासनिक निर्देशों के माध्यम से 1 जून 1973 से पदों को कम करते हुए 22+6 पीपी बना दिया था। उन्होंने कहा कि इससे प्रशिक्षकों और शिक्षकों के हित प्रभावित हुए हैं। इसी मामले को लेकर संघ द्वारा सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है, जिसकी सुनवाई 22 और 24 मई को दोपहर 2 बजे 40 मिनट पर वर्चुअल माध्यम से हुई। ज्ञान सिंह बिष्ट ने बताया कि प्रदेश सरकार की ओर से पैरवी के लिए कोई भी कर्मचारी अथवा अधिकारी उपस्थित नहीं हुआ। इस पर माननीय न्यायाधीश ने मामले को गंभीरता से लेते हुए न्याय प्रदान करने के लिए इसे सुप्रीम कोर्ट भेजने के निर्देश दिए। इसके लिए संघ के प्रधान ज्ञान सिंह बिष्ट ने माननीय न्यायालय का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संघ अपने अधिकारों और शिक्षकों के हितों की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष करता रहेगा।

## 'राष्ट्र प्रथम' भाजपा की मूल सोच : सुमित शर्मा

### कहा- 2027 में हिमाचल में भाजपा की वापसी तय, बंगाल जीत मेहनत और रणनीति का परिणाम

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** भाजपा नेता सुमित शर्मा ने कहा कि उनकी राजनीतिक यात्रा संगठन, अनुशासन और विचारधारा पर आधारित रही है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से शुरुआत कर उन्होंने बूथ स्तर से लेकर विभिन्न राज्यों में संगठनात्मक जिम्मेदारियां निभाईं। पश्चिम बंगाल चुनावों में 111 दिन काम करने का अनुभव अनंत ज्ञान से हुई विशेष बातचीत में साझा करते हुए उन्होंने भाजपा की जीत को कार्यकर्ताओं की मेहनत और रणनीति का परिणाम बताया। उन्होंने 'राष्ट्र प्रथम' को भाजपा की मूल सोच बताया और कहा कि संगठन में ढिलाई स्वीकार नहीं की जा सकती। हिमाचल में बेरोजगारी, ओपीएस और नशे के मुद्दे पर उन्होंने सरकार को घेरा तथा 2027 में भाजपा की मजबूत वापसी का दावा किया। पेश बातचीत के मुख्यांश :



भाजपा नेता सुमित शर्मा

अनंत ज्ञान
विशेष बातचीत

**प्रश्नः आपने राजनीति में शुरुआत कहां से की?**
**उत्तरः** छात्र जीवन में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से शुरुआत की और कैंपस सचिव से लेकर जिला व प्रदेश स्तर तक संगठन में जिम्मेदारियां निभाईं।

**प्रश्नः आपकी शैक्षिक पृष्ठभूमि क्या है?**
**उत्तरः** ऊना कॉलेज से बीएससी, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से एमबीए (एचआर) और एमएससी कंप्यूटर साइंस की पढ़ाई की। पढ़ाई के साथ संगठन का काम भी जारी रखा।

**प्रश्नः आप राष्ट्रीय संगठन से कब जुड़े?**
**उत्तरः** 1999 में संघ के संपर्क में आया और 2010-12 के दौरान प्रशिक्षित स्वयंसेवक के रूप में युवा मोर्चा से सक्रिय जुड़ाव हुआ।

**प्रश्नः पश्चिम बंगाल में आपकी जिम्मेदारी क्या थी?**
**उत्तरः** करीब 90 से 111 दिनों तक कोलकाता नॉर्थ के 166 विधानसभा क्षेत्र में बूथ प्रबंधन और फील्ड प्रचार का काम संभाला।

**प्रश्नः बंगाल जीत का मुख्य कारण क्या रहा?**
**उत्तरः** लंबे समय की संगठनात्मक तैयारी, मेहनती कार्यकर्ता, स्पष्ट रणनीति और चुनाव आयोग की सख्ती जीत का आधार बनी।

**प्रश्नः क्या मुस्लिम वोट भी भाजपा को मिले?**
**उत्तरः** स्थानीय भारतीय मुस्लिमों और राष्ट्रहित को प्राथमिकता देने वाले लोगों का भी भाजपा को समर्थन मिला।

**प्रश्नः आप खुद को हार्ड टास्क मास्टर क्यों कहते हैं?**
**उत्तरः** संगठन में छोटी ढिलाई भी भविष्य में कमजोरी बन सकती है, इसलिए अनुशासन और सख्ती जरूरी है।

**प्रश्नः हिमाचल सरकार पर आपकी क्या राय है?**
**उत्तरः** सरकार रोजगार, ओपीएस और नशा नियंत्रण जैसे मुद्दों पर उम्मीदों के अनुसार काम नहीं कर पाई।

**प्रश्नः नशा और रोजगार पर आपका दृष्टिकोण क्या है?**
**उत्तरः** केवल रैलियां काफी नहीं, युवाओं को खेल, जागरूकता और रोजगार से जोड़ना जरूरी है।

**प्रश्नः 2027 चुनावों पर आपका संदेश क्या है?**
**उत्तरः** मजबूत संगठन और केंद्र नेतृत्व के भरोसे भाजपा हिमाचल में फिर सरकार बनाने को लेकर आश्वस्त है।

## पठानकोट में नाबालिगा से युवक ने ब्लैकमेल कर कई बार किया रेप

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** पठानकोट के थाना 2 क्षेत्र में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां एक युवक ने नाबालिगा से दातर की नोक पर रेप किया और उसकी वीडियो बना ली। इसके बाद वह वीडियो दिखाकर दो साल तक नाबालिग का शारीरिक शोषण करता रहा, जिससे वह डर के मारे अपने परिवार को कुछ बता नहीं सकी। जब पीड़िता ने हिम्मत जुटाकर परिवार और पुलिस को पूरी बात बताई, तो पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता मूलरूप से गांव की रहने वाली है और 16 साल की उम्र में वह 11वीं कक्षा में पढ़ रही थी। आरोपी युवक नितिन भी उसी मकान में रहता था। 5 नवंबर 2023 को आरोपी ने उसे अपने कमरे में बुलाया और जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए, साथ ही वीडियो रिकॉर्ड कर ली। आरोपी ने उसे धमकी दी कि यदि किसी को बताया तो जान से मार देगा। पीड़िता ने डर के मारे चुप रहना बेहतर समझा, लेकिन बाद में परिवार को पूरी बात बताई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई कर रही है।

## कीड़ी पत्तन क्षेत्र में ओवरलोड टिप्पर पलटा, चालक की मौत



**अनंत ज्ञान, अशोक ठाकुर, पठानकोट।** पठानकोट के रावी दरिया स्थित कीड़ी पत्तन क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। स्टोन क्रशर यूनिट से रेत-बजरी लेकर जा रहा एक ओवरलोड टिप्पर अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में चालक मनजीत सिंह पुत्र दर्शन सिंह निवासी गांव मक्खोवाल, दसूहा, जिला होशियारपुर की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, हादसा सुबह करीब 5 बजे अड्डा कीडीयां के पास हुआ। मनजीत सिंह टिप्पर में रेत भरकर मुकेरियां की ओर जा रहा था। इसी दौरान वाहन का संतुलन बिगड़ गया और टिप्पर सड़क किनारे पलट गया। हादसे की सूचना मिलते ही थाना तारागढ़ पुलिस मौके पर पहुंची। चालक टिप्पर के नीचे फंस गया था, जिसे निकालने के लिए पोकलेन मशीन मंगवाई गई। काफी मशक्कत के बाद शव बाहर निकाला गया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। एएसआई ने बताया कि परिजनों के बयान दर्ज करने के बाद अगली कानूनी कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों ने प्रशासन पर ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए सख्त कदम उठाने की मांग की है।

# मेडिकल कॉलेज शुरू हुआ नहीं और बिजली बिल दो करोड़ 4 लाख रुपए

## भवन को बने हुए हो गए हैं तीन साल, निर्माण कंपनी कर रही बिजली का भुगतान

अनंत ज्ञान



**हमीरपुर।** प्रदेश सरकार की हमीरपुर की जनता के लिए मेडिकल कॉलेज खोलना एक बड़ी सौगात है, लेकिन मेडिकल कॉलेज के शुभारंभ को लेकर अभी भी भ्रम की स्थिति है। मेडिकल कॉलेज का भवन पिछले तीन साल से बनकर तैयार है, लेकिन मेडिकल कॉलेज का कोई भी विभाग यहां पर शिफ्ट नहीं किया गया है।

वर्ष 2024 में मेडिकल कॉलेज भवन का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और तब से लेकर अभी तक 2 करोड़ 4 लाख रुपए बिजली का बिल आ चुका है। इसमें से 1 करोड़ 36 लाख रुपए निर्माण कंपनी ने चुका दिए हैं, जबकि एक साल का बिजली का बिल 68 लाख रुपए पेंडिंग चल रहा है। कारण यह है जब तक भवन मेडिकल कॉलेज के सुपुर्द नहीं किया जाता तब तक बिजली का बिल निर्माण कंपनी को ही भुगतान करना पड़ेगा। भवन को मेडिकल कॉलेज प्रशासन के सुपुर्द करने से पहले 2 करोड़ 4 लाख रुपए कंपनी लेगी, उसके बाद ही सारी प्रक्रिया शुरू होगी। गौर रहे कि मेडिकल कॉलेज का शुभारंभ फर्नीचर लगाने तक अटका हुआ है, जिसके लिए पिछले तीन सालों से प्रयास किए जा रहे हैं फिलहाल अभी तक फर्नीचर लगने की कोई संभावना नहीं दिख रही। मेडिकल कॉलेज प्रशासन का कहना है फर्नीचर लगने का जिम्मा शिमला को दिया गया है। अब सब कुछ शिमला से ही फाइनल होगा। इसके टेंडर प्रक्रिया जारी है। इस टेंडर प्रक्रिया को मुकम्मल होने के लिए कितना समय लगेगा यह कहना मुश्किल है। मेडिकल कॉलेज प्रशासन के अधिकारी का कहना है कि टेंडर के आवंटित होने पर फर्नीचर लगा दिया जाएगा उसके बाद ही इसका विधिवत शुभारंभ किया जाएगा।वहीं करोड़ों रुपए की एमआरआई मशीन भी इंस्टॉल कर दी गई है, इसके अलावा क्रिटीकल केयर यूनिट का सामान भी मेडिकल कॉलेज का शुभारंभ होने से पहले खरीद कर रख लिया है और अब हमीरपुर अस्पताल में धूल फांक रहा है। इस बारे में विद्युत बोर्ड के उप मुख्य अभियंता ई आशीष कपूर ने बताया कि मेडिकल कॉलेज के बिजली के बिल में 2.50 लाख फिक्स है। बिजली का उपयोग करें या न करें इसका भुगतान करना ही पड़ेगा। इसके अलावा मेडिकल कॉलेज कैंपस में रात के बिजली का उपयोग किया जा रहा है। इसलिए मेडिकल कॉलेज का बिजली का बिल एक माह 6 से 7 लाख रुपए आ रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले दो वर्षों का बिजली बिल का भुगतान कर दिया है। अभी एक साल का लगभग 68 लाख पेंडिंग है।

## एचपीवी वैक्सीनेशन को लेकर डीसी ने किया फील्ड दौरा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** गंधर्वा राठौड़ ने सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए चल रहे एचपीवी टीकाकरण अभियान को गति देने के लिए शनिवार को स्वास्थ्य खंड गलोड़ के अंतर्गत ग्राम पंचायत पनसाई के गांव बेहा का दौरा किया। उन्होंने 14-15 वर्ष की सभी लड़कियों के शत-प्रतिशत टीकाकरण पर जोर दिया। दौरे के दौरान उपायुक्त ने स्थानीय महिलाओं से संवाद कर एचपीवी वैक्सीन के महत्व के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि यह टीका लड़कियों को जीवनभर सर्वाइकल कैंसर जैसे गंभीर रोग से सुरक्षित रख सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि 30 मई तक टीकाकरण का विशेष अवसर है, इसके बाद मौका सीमित हो सकता है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय अत्री ने बताया कि जिले में इस आयु वर्ग की 2967 लड़कियों को टीका लगाने का लक्ष्य है, जिनमें से 1279 लड़कियां अब तक टीकाकरण करा चुकी हैं। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विधायक आशीष ने चमनेड़ वार्ड से जिप प्रत्याशी रोहित शर्मा के पक्ष में किया डोर-टू-डोर प्रचार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, हमीरपुर।** पहले चरण के चुनाव प्रचार के आखिरी दिन कई पंचायत के क्षेत्र में प्रत्याशियों ने जमकर प्रचार किया विधायक भी इसमें जुटे रहे।

जिला परिषद चुनाव के लिए हमीरपुर के विधायक आशीष शर्मा ने भी गर्मी के मौसम में खूब पसीना बहाया। उन्होंने चमड़े बाढ़ से भाजपा समर्थित प्रत्याशी रोहित शर्मा के समर्थन में डोर-टू-डोर प्रचार किया और वोट मांगे।

विधायक ने वार्ड के भरनोट, नुहाड़ा, बलोह, चमनेड, सरली, रोहलवी, झमरेड़ा सहित विभिन्न गांवों में घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क किया और रोहित शर्मा के पक्ष में मतदान की अपील की।

इस दौरान उन्होंने कहा कि रोहित को जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है। रोहित शर्मा ने कहा कि युवाओं को नशे से बचना और खेलकूद गतिविधियों से जोड़ना उनकी प्राथमिकता है। इसके अलावा विधायक आशीष शर्मा के साथ मिलकर वार्ड में विकास को गति दी जाएगी। इस वार्ड की जनता भारी बहुमत से यह सीट भाजपा की झोली में डालेगी।

जनसंपर्क के दौरान स्थानीय लोगों ने रोहित को भारी मतों से जिताने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए वे भाजपा प्रत्याशी के साथ हैं। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष जसवीर सिंह, चुनाव प्रभारी अजय शर्मा, सह प्रभारी कमलेश परमार, महामंत्री परमोद पटियाल, अश्वनी कुमार सहित बूथ अध्यक्ष एवं स्थानीय कार्यकर्ता तथा ग्रामीण उपस्थित रहे।


अनंत ज्ञान
रोहित शर्मा के पक्ष में प्रचार करते विधायक आशीष व अन्य।

## पखरोल में श्रीमद्भागवत कथा से भक्तिमय हुआ क्षेत्र, श्रद्धालुओं की उमड़ रही भारी भीड़





अनंत ज्ञान

**नादौन।** राम सेवा समिति पखरोल की ओर से क्षेत्र में श्रीमद्भागवत पुराण कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेकर आध्यात्मिक वातावरण का आनंद उठा रहे हैं।

कथा वाचक आचार्य सुमित भारद्वाज अपने मधुर प्रवचनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत महापुराण का महत्व बता रहे हैं। कार्यक्रम के तहत प्रतिदिन सुबह प्रभात फेरी निकाली जा रही है, जिसमें महिलाएं, युवा और बुजुर्ग उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। इसके बाद दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक कथा का आयोजन किया जाता है। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं और धार्मिक प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया जा रहा है, जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो रहे हैं। भजन-कीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है।

आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा का समापन 26 मई को होगा। समापन अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

# युवा रोजगार सृजन में मोदी सरकार ने 12 साल में रचा नया इतिहास: अनुराग

अनंत ज्ञान



**हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 19वें रोजगार मेले के सफल आयोजन पर बधाई देते हुए कहा कि मोदी सरकार ने युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में ऐतिहासिक कार्य किए हैं। देशभर के 47 स्थानों पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित इस रोजगार मेले में विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में चयनित 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। इनमें रेलवे, गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, वित्तीय सेवाएं तथा उच्च शिक्षा विभाग जैसे महत्वपूर्ण विभाग शामिल रहे। अनुराग ने कहा कि मोदी सरकार केवल घोषणाएं नहीं करती, बल्कि परिणाम भी देती है।

उन्होंने बताया कि रोजगार मेले के अब तक आयोजित 18 संस्करणों के माध्यम से लगभग 12 लाख युवाओं को नियुक्त पत्र दिए जा चुके हैं, जो स्वतंत्र भारत के सबसे बड़े रोजगार अभियानों में शामिल है। उन्होंने याद दिलाया कि 24 जनवरी 2026 को आयोजित 18वें रोजगार मेले में भी 61 हजार से अधिक युवाओं को नौकरी मिली थी। उन्होंने कहा कि देश के औपचारिक रोजगार क्षेत्र में भी रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की गई है। मई 2025 में ईपीएफओ के तहत 20.06 लाख सदस्यों की शुद्ध बढ़ोतरी हुई, जिसमें 9.42 लाख नए सदस्य पहली बार औपचारिक रोजगार से जुड़े। इनमें अधिकांश युवा 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के हैं। उन्होंने बताया कि बजट 2024-25 में शुरू की गई प्रधानमंत्री एम्प्लोयी लिंक्ड इंसेंटिव योजना के तहत पहली बार नौकरी पाने वाले युवाओं को 15 हजार रुपये तक की सहायता दी जाएगी। अनुराग ठाकुर ने कहा कि रोजगार मेले, कौशल विकास योजनाओं और ईपीएफओ में बढ़ोतरी यह साबित करती है कि मोदी सरकार युवाओं को रोजगार, सम्मान और आत्मनिर्भरता देने के लिए प्रतिबद्ध है।

◆ **बोले- रोजगार मेलों से युवाओं को मिल रहे नए अवसर**

## हीरानगर में योग ध्यान प्राणायाम शिविर कल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** शहर के साथ लगते हीरानगर में स्थित चिल्ड्रन पार्क में 26 मई सुबह सवा पांच बजे से सवा 6 बजे तक फ्री योग ध्यान प्राणायाम शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें शहर के निवासियों को मुफ्त में शारीरिक, मानसिक विकृतियों का उपचार करने और बचाव करने के विभिन्न तरह के आसन, प्राणायाम ध्यान का अभ्यास करवाया जाएगा ताकि वर्तमान भागदौड़ की जीवन शैली में नौकरीपेशा ,छात्र या व्यापारी वर्ग को समुचित तरीके से अभ्यास करवाकर मन और शरीर स्वस्थ रखने का प्रशिक्षण मिल सके। इस शिविर का आयोजन रिटायर्ड प्रिंसिपल और योग प्रशिक्षक निर्मल ठाकुर द्वारा किया जा रहा है। इसमें कोई भी 10 साल उम्रवर्ग से ऊपर का नागरिक अपनी चटाई के साथ निर्धारित समय पर चिल्ड्रन पार्क पहुंच कर स्वास्थ्य लाभ ले सकता है अन्य किसी जानकारी के लिए योग प्रशिक्षिका से 9418380880 संपर्क कर सकते हैं।

# ऊहल जिप वार्ड में भाजपा के भीतर 'क्लेश' बागी बिगाड़ रहे एक-दूसरे का 'खेल'

अनंत ज्ञान

◆ **उम्मीदवार की अदला-बदली के बाद दोनों गुटों में माहौल खतरनाक**

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र की ऊहल जिला परिषद सीट भाजपा के दोनों गुटों को चुनौती दे रही है। कारण यह है कि भाजपा की विचारधारा से ताल्लुक रखने वाले तीन उम्मीदवार यहां पर चुनावी दंगल में है। इस सीट पर प्रत्याशी की अदला-बदली होने के बाद जो माहौल तैयार हुआ है, वह भाजपाइयों के लिए यहां अजीबोगरीब मरहला तैयार किए हुए हैं।

भाजपा के अधिकृत उम्मीदवार के रूप में मंगलेश ठाकुर को यहां से प्रत्याशी बनाया गया है। माहौल इसलिए गरम है, क्योंकि मंगलेश से पहले एक शिक्षक ज्योति ठाकुर को पार्टी की पहली सूची में टिकट थमाई गई थी। लेकिन इस रोज नई सूची जारी हो गई और मंगलेश ठाकुर का नाम सामने आ गया।

बस, यही गेम प्लान यहां पर भाजपाइयों का एक-दूसरे के लिए चुनौती पूर्ण हो गया। एक और बागी के रूप में सुमन चौहान भी मैदान में हैं। तीनों का ताल्लुक भाजपा से है। जबकि चौथी उम्मीदवार कांग्रेस के ज्वाला ठाकुर हैं। पुरानी बमसन क्षेत्र में स्थित या सेट भाजपा के नजरिए से बेहद जरूरी है इस इलाके में है भाजपा का प्रभाव अच्छा रहता है, लेकिन अब क्योंकि तीन महिलाएं चुनावी दंगल में हैं। ऐसा भी नहीं है कि भाजपा के त्रिकोणीय माहौल में कांग्रेस को बहुत ज्यादा फायदा हो रहा हो, लेकिन भाजपा के उम्मीदवार एक-दूसरे को पटखनी देने के लिए जो माहौल बनाए हुए हैं, वह इसलिए ज्यादा महत्वपूर्ण है, क्योंकि उसमें पूर्व मंडल अध्यक्ष और भाजपा के कई पदाधिकारी भी शुमार हैं। ज्योति ठाकुर यहां पर एक स्कूल से भी जुड़ी हुई हैं, इसीलिए इस क्षेत्र में संबंधित स्कूल की वजह से भी राजनीति का माहौल इन दोनों चमक बिखेरने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहा। भाजपा यहां दो हिस्सों में बंटी हुई है। यह भी कहा जा रहा कि नई और पुरानी भाजपा का यह माहौल यहां पर कई नेताओं के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। जिन नेताओं की यहां से निष्कासन की सिफारिश की गई है, उससे भी माहौल खूब गर्माएगा। करीब 12000 वोटर हैं और इनका बंटवारा पार्टी आधार पर होता है या फिर प्रत्याशियों की लोकप्रियता के आधार पर। यही इस चुनाव का सार होने वाला है।

# बजड़ौह में युवाओं ने की बावड़ी की साफ-सफाई


युवाओं ने बावड़ी के आसपास फैली गंदगी, झाड़ियां और कचरे को हटाया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**भोरंज।** भोरंज उपमंडल के अंतर्गत बजड़ौह पंचायत में रविवार को परमार युवक मंडल, बजड़ौह के युवाओं ने पानी के स्रोत (बावड़ी) की साफ-सफाई की। युवाओं ने बावड़ी के आसपास फैली गंदगी, झाड़ियां और कचरे को हटाकर स्रोत को स्वच्छ बनाया।

युवक मंडल के प्रधान यश ठाकुर ने बताया कि गांव के प्राकृतिक जल स्रोतों का संरक्षण करना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि गर्मियों के मौसम में इन जल स्रोतों का महत्व और बढ़ जाता है, इसलिए समय-समय पर उनकी साफ-सफाई आवश्यक है। उन्होंने युवाओं से पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता अभियानों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील भी की। इस सफाई अभियान में युवक मंडल के सदस्य अनिकेत, सौरभ कतना, सूर्या, कार्तिक, विकास, रिशव नेगी, अंकुश, शुभम कतना, रजत सहित अन्य युवाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। स्थानीय लोगों ने भी युवाओं के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक कदम बताया।

# बाबा की नगरी में चोरी करते पकड़ा लेबर कर्मचारी, श्रद्धालुओं ने की पिटाई

अनंत ज्ञान

**एसके ठाकुर, बड़सर।** दियोटसिद्ध स्थित प्रसिद्ध बालक नाथ मंदिर में चोरी की एक घटना सामने आई है, जहां मंदिर परिसर में सेवा कार्य में लगे एक लेबर कर्मचारी को चोरी करते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया गया।

जानकारी के अनुसार, आरोपी लंबे समय से मंदिर में लेबर के रूप में कार्य कर रहा था। बीती रात लंगर हाल में ठहरे श्रद्धालुओं के कमरे से सामान चोरी होने की घटना के बाद श्रद्धालुओं और अन्य सेवादारों ने संदिग्ध कर्मचारी को पकड़ लिया। इसके बाद गुस्साए श्रद्धालुओं ने उसकी पिटाई कर दी, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। घटना की सूचना मिलते ही मंदिर प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को अपने कब्जे में लेकर पुलिस को सौंप दिया गया। बताया जा रहा है कि श्रद्धालुओं का जत्था पंजाब से दर्शन के लिए आया था और घटना के बाद वे अपने गंतव्य की ओर लौट गए। चोरी किया गया सामान बाद में वन विभाग के खंडहर क्षेत्र से बरामद किए जाने की भी बात सामने आई है। मंदिर अधिकारी सुभाष मल्होत्रा ने बताया कि कुछ सामान इधर-उधर होने की शिकायत मिली थी, जिसके बाद मामले को प्रशासन तक पहुंचाया गया। हालांकि, किसी भी पक्ष द्वारा औपचारिक एफआईआर दर्ज नहीं करवाई गई। उन्होंने यह भी कहा कि चोरी हुआ सामान बरामद कर लिया गया है और संबंधित लेबर कर्मचारियों को ड्यूटी से हटा दिया गया है। इसी बीच एएसपी बड़सर लालमन शर्मा ने बताया कि पुलिस में अभी तक कोई औपचारिक मामला दर्ज नहीं हुआ है। संभव है कि शिकायतकर्ताओं ने सामान वापस मिल जाने के बाद आगे कार्रवाई न की हो। फिलहाल मामले की परिस्थितियों की जांच की जा रही है। इस घटना के बाद मंदिर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी को लेकर सवाल उठ रहे हैं, जबकि प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

◆ **मंदिर प्रशासन ने कर्मचारी को ड्यूटी से हटाया, जांच जारी**

### भाजपा के जिलाध्यक्ष राकेश और कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र ने साधा निशाना

# कांग्रेस सरकार को चुनाव के समय आती महिलाओं की याद

अनंत ज्ञान



**हमीरपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर और जिला कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा ने संयुक्त बयान में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और भोरंज के विधायक सुरेश कुमार पर तीखा निशाना साधा। राकेश ने कहा कि प्रदेश में जब-जब किसी भी प्रकार के चुनाव आते हैं, तब-तब मुख्यमंत्री को महिलाओं की याद आने लगती है।

उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनावों से पहले कांग्रेस ने प्रदेश की प्रत्येक 18 वर्ष से अधिक आयु की महिला को 1500 रुपए प्रतिमाह देने का वादा किया था, लेकिन सरकार बनने के बाद यह वादा पूरी तरह हवा-हवाई साबित हुआ। इतना ही नहीं, जिन कुछ महिलाओं से फॉर्म भरवाकर उनके खातों में पैसे डाले गए थे, उनसे वह राशि भी वापस ले ली गई। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव होने जा रहे हैं, ठीक उससे पहले कैबिनेट बैठक बुलाकर मुख्यमंत्री ने चुनावी छलावे के तौर पर 2 लाख रुपए से कम वार्षिक आय वाले परिवारों की महिलाओं को 1500 रुपए प्रतिमाह पेंशन देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह सीधे तौर पर चुनाव आचार संहिता की भावना के विपरीत है और प्रदेश की महिलाओं के साथ एक बार फिर राजनीतिक धोखा किया गया है। राकेश ने कहा कि कांग्रेस सरकार महिलाओं को केवल चुनावी हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रही है। वहीं, धर्मेंद्र शर्मा ने कांग्रेस नेता एवं भोरंज विधायक सुरेश कुमार पर वित्तीय अनियमितताओं के गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि विधायक सुरेश कुमार सत्ता का दुरुपयोग करते हुए पंचायतों में पड़े 15वें वित्त आयोग के अनस्पेंट फंड का दुरुपयोग कर महिला मंडलों को कुर्सियां बांट रहे हैं और जनता के बीच इसे अपना निजी योगदान बताकर बंदरबांट कर रहे हैं और लोगों को गुमराह कर रहे हैं। धर्मेंद्र ने आरोप लगाया कि चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए विधायक सुरेश कुमार महिलाओं को जिला परिषद चुनावों में कांग्रेस विचारधारा के प्रत्याशियों को जिताने के बदले तीर्थ यात्राएं करवाने का झूठा आश्वासन भी दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में वोट के बदले इस प्रकार के प्रलोभन देना न केवल अनैतिक है, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों के भी खिलाफ है। भाजपा नेताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा महिलाओं को बार-बार 1500 रुपये देने के नाम पर किए जा रहे झूठे वादे हों, या फिर विधायक सुरेश कुमार द्वारा वोट के बदले महिलाओं को तीर्थ यात्राओं का लालच दिया जाना-दोनों ही मामले चुनावी आचार संहिता और नैतिक मर्यादाओं के खिलाफ हैं।

## भोरंज से मतदान के लिए 92 मतदान दलों को किया रवाना



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज विकास खंड की 15 पंचायतों में पंचायतीराज संस्थाओं के पहले चरण के मतदान के लिए 26 मई को होने वाले चुनाव को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसके तहत कुल 92 मतदान केंद्रों के लिए सभी 92 मतदान दलों को रविवार को रवाना कर दिया गया। एसडीएम एवं निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) शशिपाल शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इन मतदान दलों में एक-एक पीठासीन अधिकारी तथा तीन-तीन मतदान अधिकारी शामिल हैं। इस प्रकार कुल 368 अधिकारी-कर्मचारी मतदान प्रक्रिया को संपन्न करवाएंगे। इसके अलावा सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए पुलिस और होमगार्ड के 184 जवानों की भी तैनाती की गई है। प्रशासन ने सभी मतदान दलों को निर्देश दिए हैं कि मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराया जाए। चुनाव के दौरान सभी आवश्यक व्यवस्थाओं पर प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी, ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और मतदाता निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

## 83 मतदान केंद्र अति संवेदनशील घोषित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला पुलिस हमीरपुर द्वारा पंचायतीराज चुनाव-2026 के शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित आयोजन हेतु व्यापक कानून एवं व्यवस्था संबंधी प्रबंध किए गए हैं। हमीरपुर जिले की 242 पंचायतों में मतदान तीन चरणों में आयोजित होगा। प्रथम चरण में 26 मई को 83 ग्राम पंचायतें, द्वितीय चरण में 28 मई को 82 ग्राम पंचायतें तथा तृतीय चरण में 30 मई 2026 को 77 ग्राम पंचायतों में मतदान संपन्न होगा।

जिले में कुल 1,377 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। संवेदनशीलता के आधार पर 83 मतदान केंद्रों को अति संवेदनशील, 257 को संवेदनशील तथा 1,037 को सामान्य श्रेणी में रखा गया है।

चुनाव ड्यूटी के लिए 900 से अधिक पुलिस एवं होमगार्ड जवान तैनात किए गए हैं। महिला मतदान केंद्रों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। नाका चेकिंग, गश्त, संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी तथा त्वरित प्रतिक्रिया दलों की तैनाती की गई है। हमीरपुर पुलिस आमजन से निर्भीक होकर मतदान करने एवं किसी भी अवैध गतिविधि की तुरंत सूचना देने की अपील करती है।

**तैयारी** | मतदान दलों में 1928 अधिकारियों-कर्मचारियों के अलावा पुलिस व होमगार्ड्स जवान रहेंगे तैनात

# 83 पंचायतों में चुनाव प्रचार थमा, 482 मतदान दल रवाना

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** हमीरपुर जिले की 83 पंचायतों में पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव के प्रथम चरण के लिए रविवार सायं 3 बजे चुनाव प्रचार समाप्त हो गया। इन पंचायतों में 26 मई को होने वाले मतदान के लिए कुल 482 मतदान केंद्र बनाए गए हैं तथा सभी मतदान दलों को रविवार को ही उनके गंतव्य स्थलों के लिए रवाना कर दिया गया। इन 482 मतदान दलों में एक-एक पीठासीन अधिकारी और तीन-तीन मतदान अधिकारियों सहित कुल 1928 अधिकारी-कर्मचारी शामिल हैं। मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण बनाने के लिए पुलिस और होमगार्ड्स के जवान भी तैनात किए गए हैं।

प्रथम चरण में नादौन ब्लॉक की 21 पंचायतों में 117 बूथ, बिझड़ी की 17 पंचायतों में 101 बूथ, बमसन की 9 पंचायतों में 51 बूथ, भोरंज की 15 पंचायतों में 92 बूथ, हमीरपुर ब्लॉक की 13 पंचायतों में 77 बूथ तथा सुजानपुर की 8 पंचायतों में 44 बूथ स्थापित किए गए हैं।


पंचायत चुनाव के लिए रवाना होती मतदान टीम। अनंत ज्ञान

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) गंधर्वा राठौड़ ने बताया कि चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। मतदान समाप्ति से 48 घंटे पूर्व चुनावी सभाओं, जुलूसों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और शराब की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। 26 मई को मतदान सुबह 7 बजे से शाम 3 बजे तक होगा। पंचायत प्रधान, उपप्रधान और वार्ड सदस्यों के परिणाम उसी दिन घोषित किए जाएंगे, जबकि पंचायत समिति और जिला परिषद मतों की गिनती 31 मई को होगी।

### पहला चरण: 83 पंचायतों में होगा मतदान

1. जंगलरोपा
2. टिक्कर डिडवीं
3. धरोग
4. धनेड़
5. उखली
6. कुठेड़ा
7. मझोग सुल्तानी
8. रोपा
9. गसोता
10. पंधेड़
11. नारा
12. पांडवीं
13. देई का नौण
14. खनौली
15. बजरोल
16. भटेड़
17. जंदड़ू
18. नाड़सीं
19. संगरोह कलां
20. पटनौण
21. करियाली
22. दरोगण पत्ती कोट
23. हड़ेटा
24. गोईस
25. मनसाई
26. जोल सप्पड़
27. ग्वालपत्थर
28. कश्मीर
29. उट्टप
30. बड़ा
31. मैड़ (नादौन ब्लॉक)
32. गलोड़ खास
33. फाहल
34. सनाही
35. बैहरड़
36. कमलाह
37. टिल्लू
38. चौड़ू
39. पनियाली
40. करंडोला प्लासी
41. जीहण
42. नघूं
43. रैल
44. खैरी
45. बैरी
46. डूहक
47. रंगड़
48. ठाणा धबड़ियाणा
49. मनिहाल
50. बड़ेई
51. पनोह
52. धमरोल
53. सधरियाण
54. कक्कड़ (भोरंज ब्लॉक)
55. धीरड़
56. लझियाणी
57. नंधन
58. चंबोह
59. डाडू
60. अमरोह
61. दरब्यार
62. कंजयाण
63. पट्टा
64. करहा
65. टिक्कर बुहला
66. टिक्करी मिन्हासा
67. बिझड़ी
68. लोहडर
69. मझियाणी
70. रैली
71. टिप्पर
72. पाहलू
73. कलौहण
74. जजरी
75. घोड़ी धबीरी
76. ज्योली देवी
77. कड़साई
78. कोहडरा
79. महारल
80. दंदवीं
81. कुलहेड़ा
82. जनैहण
83. सौर

## न्यूज ब्रीफ

### बीएसएल प्रोजेक्ट में चला विशेष सफाई अभियान

**अनंत ज्ञान, जंगमबाग।** भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड के दिशा-निर्देशों के तहत 'स्वच्छ भारत मिशन' को समर्पित स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत बीएसएल प्रोजेक्ट सुंदरनगर में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान बीएसएल कॉलोनी के स्कूलों, सरकारी विश्राम गृहों और प्रोजेक्ट क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर साफ-सफाई की गई। चीफ इंजीनियर बीएसएल प्रोजेक्ट सुंदरनगर बी. एस. नारा ने बताया कि अभियान का उद्देश्य कर्मचारियों, विद्यार्थियों और आम लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। गवर्नमेंट बीएसएल सीनियर सेकेंडरी स्कूल और बीएसएल मॉडल स्कूल सुंदरनगर में विद्यार्थियों ने परिसर की सफाई कर स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संकल्प लिया। विद्यालय में आयोजित अभियान में एनसीसी कैडेट्स और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान अनिल गुलेरिया, खेमराज और रमेश राणा ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। वहीं, प्रशासनिक अधिकारियों के नेतृत्व में सरकारी रेस्ट हाउसों के कमरों, गलियारों और बगीचों की भी विशेष सफाई की गई। डिप्टी चीफ इंजीनियर कश्मीर सिंह ठाकुर ने कहा कि स्वच्छता को दैनिक आदत बनाना जरूरी है, तभी स्वस्थ और बीमारी मुक्त समाज का निर्माण संभव हो सकेगा।

### बंदली में लाखों की वन संपदा जलकर राख



**अनंत ज्ञान, जयदेवी।** सुकेत वन मंडल के अंतर्गत बंदली के जंगलों में दो दिन से भीषण आग लगी हुई है, जिस कारण लाखों की वन संपदा जलकर राख हो गई है। साथ ही जंगली जीव जंतुओं के लिए भी यह जानलेवा साबित हो रही है।गौरतलब है की बंदली को गिद्धों के लिए आरक्षित क्षेत्र घोषित किया गया है, परंतु प्रतिवर्ष लगने वाली आग से इस क्षेत्र को अत्यधिक हानि हो रही है। वन क्षेत्र के निकट गांव नालनी से टेकचंद ,तुलसीराम तथा सतवाहना गांव से सन्ती देवी ने बताया कि इस क्षेत्र में प्रतिवर्ष ही आग लगती है लेकिन बुझाने का कोई उचित इंतजाम नहीं किया जाता। प्रतिवर्ष यह आग 6 से 7 दिन तक जलती रहती है, जिससे संपूर्ण क्षेत्र में तापमान अत्यधिक बढ़ जाता है । नाम न छापने की शर्त पर एक स्थानीय व्यक्ति ने बताया की कुछ स्वार्थी लोग अपने स्वार्थवश जंगल में आग लगा देते हैं ताकि आगे बरसात में उन्हें अच्छी घास प्राप्त हो सके। परंतु इस छोटे से स्वार्थ के आगे लाखों करोड़ जीव- जंतुओं की बाली चढ़ा दी जाती है जो की अत्यधिक चिंता का विषय है।

### रुचिका ने एवरेस्ट फतह कर रचा इतिहास

**अनंत ज्ञान, करसोग।** क्षेत्र की बेटी रुचिका ठाकुर ने माउंट एवरेस्ट को फतेह कर इतिहास रच दिया है। बहादुर रुचिका ने आईटीबीपी के इस वर्ष दल में शामिल होकर पूरे प्रदेश का नाम दुनिया में ऊंचा किया है।



उल्लेखनीय है कि रुचिका ठाकुर करसोग के गांव तेबण शिलह निवासी है, जिनके पिता लाल चंद साधारण किसान हैं तथा माता कृष्णा देवी पूरी जिम्मेदारी से परिवार को संभाल रही हैं। रुचिका ठाकुर की बड़ी बहन अशरफा ने जानकारी देते हुए बताया कि परिवार से संबंधित तीन बहनों में सबसे छोटी रुचिका ठाकुर है, जो हमेशा बहादुरी से काम करने के लिए अपनी पहचान रखती है। उन्होंने बताया कि दिसंबर, 2022 में रुचिका आईटीबीपी में शामिल होकर देश सेवा का जज्बा लेकर सेवारत हुई हैं तथा उसके बाद लगातार मेहनत और लगन का रास्ता लेकर रुचिका अब माउंट एवरेस्ट फतह करके नेपाल के रास्ते भारत लौट रही हैं, जिनकी उपलब्धि को सुनकर पूरा क्षेत्र गौरव से ऊंचा हुआ है। अशरफा ने बताया कि उनकी छोटी बहन रुचिका ने माउंट एवरेस्ट की चोटी को अपनी 11 सदस्यों की टीम के साथ 21 मई को फतह किया है। इस दल में हिमाचल से इकलौती करसोग की बहादुर रुचिका ठाकुर रही है। उन्होंने बताया कि रुचिका नेपाल के रास्ते होकर अभी भारत लौट रही हैं और इस खुशी के पल को सुनकर पूरा परिवार इस बेटी पर नाज होना बता रहा है।

# नौबाही में स्टोन क्रशर और हॉट मिक्सिंग प्लांट के खिलाफ फूटा ग्रामीणों का गुस्सा

## काले धुएं और प्रदूषण से परेशान लोगों ने किया जोरदार प्रदर्शन

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** सरकाघाट उपमंडल के नौबाही, दलोली, टेला और डली गांव के ग्रामीणों ने क्षेत्र में संचालित स्टोन क्रशर और हॉट मिक्सिंग प्लांट के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और युवा गांववासी एकजुट होकर प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे और पर्यावरण प्रदूषण, काले धुएं तथा अवैध खनन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों का आरोप है कि हॉट मिक्सिंग प्लांट से लगातार निकल रहा काला धुआं लोगों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन चुका है। क्षेत्र में सांस संबंधी बीमारियां, आंखों में जलन और धूल-धुएं की समस्या लगातार बढ़ रही है। ग्रामीणों ने कहा कि स्टोन क्रशर और प्लांट के कारण नौबाही माता मंदिर क्षेत्र, स्कूलों और आसपास के गांवों का वातावरण भी प्रभावित हो रहा है। लोगों ने आरोप लगाया कि देर रात तक प्लांट संचालन होने से शोर और प्रदूषण के कारण ग्रामीणों का जीना मुश्किल हो गया है। प्रदर्शन के दौरान गांववासियों ने साफ कहा कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन में विकास, आशा देवी, शीतला देवी, मीरा देवी, करमजीत देवी, कमलेश कुमार, रेखा देवी, सुनीता देवी, कुशल कुमारी, विमला, राजो देवी, लीला देवी, किरण ठाकुर, शकुंतला देवी, जमना देवी, शमा, सुमन कुमार, मोहर देवी, प्यारी देवी, राजेंद्र, पंकज, अजय, अनुराग, निर्मल, शीला देवी, पुष्पा देवी, अमी चंद, अविनाश, शालू, रवि कांता, अक्षय शर्मा और सचिन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। गभरू युवक मंडल के प्रधान प्रवीण शर्मा ने भी ग्रामीणों का समर्थन किया।



नौबाही क्षेत्र में विरोध प्रदर्शन करते ग्रामीण। अनंत ज्ञान

ग्रामीणों को चिंता है कि स्टोन क्रशर और हॉट मिक्सिंग प्लांट से फैल रहा प्रदूषण, स्कूलों और धार्मिक स्थलों के आसपास खराब होता वातावरण, काले धुएं से बढ़ रही सांस और आंखों की बीमारियां, रात के समय शोर और धूल-धुएं से लोगों की परेशानी तथा अवैध खनन और सरकारी जमीन पर कब्जे के आरोप और पेयजल योजनाओं और खेती पर पड़ता असर अर्थव्यवस्था के लिए घातक है।

### मालिक ने 15 जून के बाद हॉट मिक्सिंग प्लांट बंद करने का दिया आश्वासन

**ग्रामीणों** की चिंताओं को देखते हुए हॉट मिक्सिंग प्लांट केवल 15 जून 2026 तक ही चलाया जाएगा। इसके बाद इसे बंद कर दिया जाएगा। साथ ही प्लांट से काला धुआं न निकले, इसके लिए पानी के छिड़काव और अन्य जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी।

### ग्रामीणों की चेतावनी

**ग्रामीणों** ने चेतावनी दी कि यदि 15 जून के बाद भी हॉट मिक्सिंग प्लांट बंद नहीं हुआ तो वे दोबारा बड़ा आंदोलन करेंगे और मामले को लेकर हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे।

# करसोग में 68 पोलिंग टीमें मतदान केंद्रों के लिए रवाना

**अनंत ज्ञान, करसोग।** पंचायती राज संस्थाओं के लिए प्रथम चरण की चुनाव प्रक्रिया को स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के उद्देश्य से रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम करसोग गौरव महाजन की निगरानी में पोलिंग टीमों को उनके मतदान केंद्रों के लिए चुनाव सामग्री प्रदान कर रवाना कर दिया गया। प्रथम चरण में करसोग ब्लॉक की 12 ग्राम पंचायतों में 26 मई को चुनाव होने है। चुनाव प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न करवाने के लिए 68 पोलिंग टीमें मतदान केंद्रों के लिए भेजी गई है। जबकि 10 टीमों को रिजर्व में रखा गया है। इसके अतिरिक्त, पुलिस सुरक्षा बल के 74 जवान भी मतदान केंद्रों में तैनात किए गए है। रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम करसोग गौरव महाजन ने इस मौके पर पोलिंग टीमों को मतदान केंद्रों के लिए रवाना करने से पूर्व चुनाव संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि सभी पोलिंग टीमें आपसी तालमेल से कार्य करे और कोई भी समस्या आती है तो अपने सेक्टर ऑफिसर से संपर्क कर, उसका समाधान करे। उन्होंने कहा कि राज्य चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें और बिना पुलिस सुरक्षा के किसी भी प्रकार की मूवमेंट ना करे। मतदान संबंधी सभी प्रकार की सामग्री की सुरक्षा सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों के बाहर 100 मीटर की दूरी का पालन सुनिश्चित करें और निर्धारित दायरे में किसी भी प्रकार की भीड़ नहीं होनी चाहिए और ना ही कोई प्रचार प्रसार किया जा सकता है। पोलिंग टीमों के साथ चुनाव ड्यूटी के लिए तैनात पुलिस सुरक्षा बल के जवानों को रवाना होने से पूर्व डीएसपी करसोग चांद किशोर ने भी उनकी ड्यूटी संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चुनाव संबंधी सामग्री की पूरी सुरक्षा का जिम्मा सुरक्षा बल का है। इसमें किसी प्रकार की कोई चूक नहीं होनी चाहिए। उन्होंने जवानों को निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि मतदान के समय मतदान केंद्रों में मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति नहीं होगी।

# 90 वर्षीय वृद्धा चिन्ती देवी को 15 वर्ष बाद मिला न्याय

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** सरकाघाट की 90 वर्षीय वृद्धा चिन्ती देवी को आखिरकार 15 वर्षों बाद न्याय मिल गया है। सशस्त्र बल अधिकरण (एएफटी) चंडीगढ़ बेंच ने सेना मुख्यालय को आदेश दिए हैं कि उन्हें उनके दिवंगत पति की फैमिली पेंशन जारी की जाए तथा रोकी गई पूरी राशि ब्याज सहित तीन माह के भीतर अदा की जाए। जानकारी के अनुसार चिन्ती देवी के पति स्वर्गीय लालाराम वर्ष 1948 में भारतीय सेना में भर्ती हुए थे। करीब 14 वर्ष की सेवा के बाद वर्ष 1960 में वह हिमाचल पुलिस में भर्ती हो गए थे। वर्ष 2011 में उनके निधन के बाद पुलिस विभाग की ओर से परिवार को पेंशन मिलती रही, लेकिन सेना की तरफ से फैमिली पेंशन जारी नहीं की गई। परिवार के सदस्य करीब 15 वर्षों तक सेना मुख्यालय के साथ पत्राचार करते रहे, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। इसके बाद चिन्ती देवी ने अधिवक्ता केके वर्मा के माध्यम से सशस्त्र बल अधिकरण (एएफटी) चंडीगढ़ में याचिका दायर की।



**◆ एएफटी ने दिए फैमिली पेंशन जारी करने के आदेश**

मामले की सुनवाई के बाद ट्रिब्यूनल ने सेना मुख्यालय को निर्देश दिए कि चिन्ती देवी को उनके पति की मृत्यु के बाद से देय फैमिली पेंशन जारी की जाए। साथ ही रोकी गई पूरी राशि पर 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित भुगतान किया जाए। आदेश में यह भी कहा गया है कि तय समय में भुगतान नहीं होने पर बकाया राशि पर 8 प्रतिशत ब्याज देना होगा। इस फैसले को पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के अधिकारों से जुड़े मामलों में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# पंचायत चुनावों के लिए 121 मतदान दल रवाना

## मंडी सदर की 55 पंचायतों में 323 मतदान केंद्रों पर तीन चरणों में डाले जाएंगे वोट

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** मंडी सदर विकास खंड की 55 पंचायतों में पंचायत चुनावों को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न करवाने के लिए 121 मतदान दलों को चुनाव सामग्री के साथ रविवार को रवाना कर दिया गया। ये मतदान दल 26, 28 और 30 मई को होने वाले तीन चरणों के मतदान के लिए 323 मतदान केंद्र स्थापित करेंगे।

सहायक रिटर्निंग अधिकारी-सह-एसडीएम सदर मंडी रूपिंद्र कौर की निगरानी में मतदान दलों को बिपाशा सदन मंडी से बसों के माध्यम से प्रथम चरण के चुनावों के लिए रवाना किया गया। उन्होंने बताया कि 26 मई को सबसे अधिक 121 मतदान केंद्रों, 28 मई को 111 तथा 30 मई को 91 मतदान केन्द्रों पर मतदान करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला परिषद, पंचायत समिति, प्रधान, उपप्रधान और वार्ड सदस्य पदों के चुनावों के लिए मतदान दलों को सुरक्षा कर्मियों के साथ रवाना किया गया है। इस दौरान मतदान प्रक्रिया में शामिल अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।



रूपिन्द्र कौर ने बताया कि हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम-1994 की धारा 158-जी के तहत मतदान के दिन सभी मतदान केन्द्रों के 100 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार की प्रचार गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इसकी अनुपालना सुनिश्चित करने के निर्देश सभी मतदान अधिकारियों को दिए गए हैं। उन्होंने सभी मतदान टीमों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने की सलाह देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या आने पर तुरंत संबंधित सेक्टर अधिकारी से संपर्क करें। उन्होंने मतदान कर्मियों को निर्देश दिए कि पूर्व में जारी सभी दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें तथा पुलिस सुरक्षा के बिना किसी प्रकार की आवाजाही न करें।

### गोपालपुर में 113 मतदान पार्टियों की हुई तैनाती

**सरकाघाट।** 26, 28 व 30 मई को होने जा रहे पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव को लेकर गोपालपुर खंड में मतदान पार्टियां अपने-अपने मतदान केंद्रों के लिए रवाना कर दी गई हैं। गोपालपुर खंड में 50 ग्राम पंचायतों के लिए कुल 113 मतदान पार्टियों को तैनात किया गया है। रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम सरकाघाट राजेंद्र कुमार गौतम ने बताया कि आगामी पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव को लेकर तैनात मतदान पार्टियों को उनके गंतव्य स्थानों के लिए मतदान सामग्री के साथ रवाना कर दिया गया है। रवाना करने पूर्व उन्होंने मतदान ड्यूटी पर तैनात सभी कर्मियों को निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप अपनी चुनावी ड्यूटी पूरी निष्ठा, निष्पक्षता एवं ईमानदारी के साथ निभाने का आह्वान किया। उन्होने बताया कि गोपालपुर विकास खंड में कुल 113 मतदान पार्टियों को तैनात किया गया है।

# मंडी में उद्योग स्थापित कर ट्रक ऑपरेटरों को दिया जाए रोजगार

अनंत ज्ञान

**महादेव।** मंडी जिला में अधिक से अधिक औद्योगिक इकाइयां स्थापित कर ट्रक मालिकों और ऑपरेटरों को रोजगार उपलब्ध करवाने तथा धनोटू को ट्रांसपोर्ट नगर घोषित करने की मांग लगातार उठ रही है। मंडी जिले की पुरानी ट्रक यूनियन 'द मंडी सुकेत ट्रक ऑपरेटर्स यूनियन धनोटू' के प्रधान करतार सिंह ने सरकार और जनप्रतिनिधियों से इस दिशा में ठोस कदम उठाने का आग्रह किया है। यूनियन प्रधान करतार सिंह ने कहा कि यूनियन के अंतर्गत करीब 350 ट्रक पंजीकृत हैं, जिनमें लगभग 80 प्रतिशत गाड़ियां ऑल इंडिया परमिट से संबंधित हैं। इसके बावजूद ट्रक ऑपरेटरों को पर्याप्त काम नहीं मिल पा रहा है। वर्तमान में अधिकतर गाड़ियों को केवल लकड़ी के डिपो का सीमित काम मिल रहा है, जिससे ट्रक मालिक आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पहले लेह क्षेत्र के लिए रॉ मटेरियल मंडी से भेजा जाता था और इस कार्य में स्थानीय ट्रकों को रोजगार मिलता था, लेकिन अब यह कार्य रेलवे तथा बाहरी राज्यों के माध्यम से होने लगा है। लेह जाने वाला अधिकतर सामान अब जम्मू-कश्मीर के रास्ते भेजा जा रहा है, जिससे स्थानीय ट्रांसपोर्ट कारोबार प्रभावित हुआ है और बाहरी गाड़ियों को लाभ मिल रहा है। करतार सिंह ने कहा कि ऑनलाइन परमिट और टैक्स व्यवस्था लागू होने से ट्रक ऑपरेटरों को कुछ सुविधा जरूर मिली है, लेकिन रोजगार के मामले में मंडी जिला अब भी बरमाणा, ऊना और नालागढ़ जैसे औद्योगिक क्षेत्रों से काफी पीछे है। उन्होंने कहा कि यूनियन में सैकड़ों गाड़ियां होने के बावजूद केवल 40 से 50 ट्रकों को ही नियमित काम मिल पाता है, जबकि बाकी वाहन अधिकतर समय खाली खड़े रहते हैं। उन्होंने सरकार और सांसद से मांग की है कि मंडी जिला के उपयुक्त क्षेत्रों में नई औद्योगिक इकाइयां स्थापित की जाएं ताकि स्थानीय ट्रक मालिकों को काम मिल सके और स्वरोजगार को बढ़ावा मिले।



**◆ ट्रक यूनियन प्रधान करतार ने सरकार से किया आग्रह**

# सरकाघाट की सड़कें बदहाल, लोग बेहाल

## सरकाघाट-कुठेहड़ और सरकाघाट-रिवालसर वाया मसेरन सड़क को मरम्मत की दरकार

अनंत ज्ञान

**रितेश चौहान, सरकाघाट।** सरकाघाट के चारों तरफ की सड़कों की हालत दिन प्रतिदिन खराब हो होती जा रही हैं, जिससे जहां सरकारी तथा निजी गाड़ियों दोनों की मेंटेनेंस पर अच्छा खासा असर पड़ रहा है, वहीं यात्रियों तथा चालकों की सुरक्षा पर भी सवाल पैदा हो रहे हैं। लग रहा है सरकारी कर्मचारियों को कहीं अपनी नौकरी से हाथ न धोना पड़े, इसलिए न ही तो वो एचआरटीसी की खटारा बसों को चलाने से मना कर रहे हैं न ही इन सड़कों पर गाड़ियों को चलाने से परहेज कर रहे हैं। साथ ही, कोई दूसरा विकल्प न होने की वजह से जनता को भी इन्हीं टूटी फूटी सड़कों का इस्तेमाल करना पड़ता है।

सरकाघाट से कुठेहड़ सड़क की हालत देखें तो ऐसा लगता है इस सड़क को 50 वर्ष पहले बनाया गया और तब से अबतक, न ही तो इस पर पैच वर्क हुआ न ही तो सड़क को गुणवत्ता की सुनिश्चित करने के लिए कोई ठोस कदम उठाए गए।

वहीं, सरकाघाट से रिवालसर वाया मसेरन की सड़क भी रखोटा के पास टूट गई है जहां प्राथमिकता के आधार पर पक्का डंगा लगाने की जरूरत है, क्योंकि सड़क की चौड़ाई भी चिंताजनक है, जहां से चालकों को बड़ी ही सूझ बुझ से बसों को निकालना होता होगा।

सामाजिक कार्यकर्ता व पूर्व प्रत्याशी सरकाघाट विधानसभा रमेश चंद भारद्वाज ने मुख्यमंत्री को इन सड़कों की मरम्मत करवाने के ऑनलाइन शिकायत दर्ज की है। उन्होंने प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य तथा केंद्रीय सड़क व परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से आग्रह किया है, कि वे अगले 5 वर्षों तक भले ही नई सड़कों का न करें, पर समय-समय पर सभी सड़कों की मुरम्मत और गुणवत्ता सुनिश्चित कर लोगों की जान से खिलवाड़ होने से उन्हें बचाएं।




सरकाघाट क्षेत्र की एक खस्ताहाल सड़क। अनंत ज्ञान

# बीरबल शर्मा ने साझा किए अपनी फोटोग्राफी के अनुभव

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** दीन सहायक ट्रस्ट मंडी द्वारा आयोजित 'मंडी-500 व्याख्यानमाला' के दूसरे भाग में वरिष्ठ फोटोग्राफर, लेखक और सांस्कृतिक अध्येता बीरबल शर्मा ने 'हिमाचल जो लैंस से देखा' विषय पर विचारोत्तेजक व्याख्यान दिया। कार्यक्रम ट्रस्ट के चेयरमैन तेजिंद्र वैद्य, सेवानिवृत्त सैशन जज, की पहल पर आयोजित किया गया। बीरबल शर्मा ने कहा कि फोटोग्राफी केवल तस्वीरें लेने की कला नहीं, बल्कि समाज, संस्कृति और इतिहास को संरक्षित करने का माध्यम है। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि उन्होंने हिमाचल के दूरस्थ गांवों, मेलों, मंदिरों और लोक जीवन को कैमरे में कैद किया है। उनके अनुसार कैमरे का लैंस केवल दृश्य नहीं, बल्कि समाज की चेतना और बदलते परिवेश को भी सामने लाता है। उन्होंने कहा कि आज आधुनिकता के दौर में लोक परंपराएं और सांस्कृतिक पहचान धीरे-धीरे समाप्त हो रही हैं, ऐसे में फोटोग्राफी की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। कार्यक्रम में उन्होंने पत्रकारिता और पुराने दौर की फोटोग्राफी से जुड़े अनुभव भी साझा किए। व्याख्यानमाला में शहर के विभिन्न क्षेत्रों से प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।



**◆ 'हिमाचल जो लैंस से देखा' विषय पर दिया व्याख्यान**

**मनोरंजन** राजस्थान का ऋतिक अलग-अलग किरदारों से क्षेत्र के लोगों का बहला रहा मन

# सुंदरनगर में लोगों का मनोरंजन कर रहा 'क्रूर सिंह'

अनंत ज्ञान

**भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव।** मनोरंजन से भरपूर प्रसिद्ध धारावाहिक चंद्रकांता के चर्चित किरदार 'क्रूर सिंह' की झलक इन दिनों सुंदरनगर शहर और आसपास के क्षेत्रों में देखने को मिल रही है। राजस्थान के सीकर क्षेत्र से आने वाला बहुरूपिया कलाकार ऋतिक पुत्र रामजी लाल अपने अलग-अलग रूप, दमदार संवाद अदायगी और आकर्षक वेशभूषा के जरिए लोगों का भरपूर मनोरंजन कर रहा है।

लंबी कद-काठी और प्रभावशाली व्यक्तित्व वाले ऋतिक जहां भी पहुंचते हैं, वहां लोग उनके साथ तस्वीरें खिंचवाने और उनके संवाद सुनने के लिए उत्साहित नजर आते हैं। बहुरूपिया ऋतिक ने बताया कि यह कला उनका खानदानी पेशा है, जो पुराने समय में ठाकुरों, राजाओं और रजवाड़ों के दौर से चली आ रही परंपरा का हिस्सा है। समय के साथ इस कला में भी बदलाव आया है और लोगों का ध्यान आकर्षित करने के लिए नए-नए किरदार, वेशभूषा और अभिनय शैली अपनानी पड़ती है।

उन्होंने कहा कि इस कला को जीवित रखने के लिए काफी मेहनत और खर्च भी करना पड़ता है, इसलिए इसे एक महंगा शौक भी कहा जा सकता है। ऋतिक का कहना है कि सुंदरनगर का शांत वातावरण और यहां के लोगों का प्यार उन्हें बार-बार यहां आने के लिए प्रेरित करता है।

यही कारण है कि वह पिछले कई वर्षों से समय-समय पर सुंदरनगर पहुंचकर विभिन्न रूप धारण कर लोगों का मनोरंजन करते आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रशासन की अनुमति और पंजीकरण की औपचारिकताएं पूरी करने के बाद ही वह सार्वजनिक स्थानों पर अपनी प्रस्तुति देते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि मोबाइल और सोशल मीडिया के इस दौर में पारंपरिक लोक कलाएं धीरे-धीरे कम होती जा रही हैं।

ऐसे में बहुरूपिया कलाकारों की प्रस्तुतियां बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी के लिए आकर्षण का केंद्र बन रही हैं और लोगों को पुराने दौर की लोक संस्कृति की याद भी दिला रही हैं।

**◆ ऋतिक ने कहा-यह उनका खानदानी पेशा, सदियों से चली आ रही यह परंपरा**



सुंदरनगर में 'क्रूर सिंह' के रूप में लोगों का मनोरंजन करता राजस्थान के सीकर का बहुरूपिया ऋतिक। अनंत ज्ञान

# संधोल में विकास कार्य ठप होने से सेवा विकास एवं कल्याण समिति में नाराजगी

## मांगें पूरी न होने पर पंचायत चुनावों के बाद आंदोलन की दी चेतावनी

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** सेवा विकास एवं कल्याण समिति संधोल की महत्वपूर्ण बैठक जनता सराय भवन परिसर में समिति अध्यक्ष मान सिंह सकलानी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में क्षेत्र से जुड़े कई मूलभूत मुद्दों पर चर्चा करते हुए विकास कार्य ठप्प होने पर गहरा रोष जताया गया। बैठक में सड़कों की बदहाल स्थिति को लेकर सदस्यों ने चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि संधोल और आसपास के क्षेत्रों में सड़कें जगह-जगह टूटी पड़ी हैं, जिससे लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। विशेष रूप से संघोल-कोठुआं वाया चतरोन सड़क की खराब हालत पर नाराजगी जताई गई। सदस्यों ने कहा कि बरसात के दौरान यही मार्ग उपमंडल से जुड़ने का एकमात्र सहारा था, लेकिन बारिश के बाद इसकी सुध नहीं ली गई। समिति ने स्थानीय विधायक चंद्रशेखर, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से तुरंत हस्तक्षेप की मांग की। स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर भी समिति ने सरकार पर सवाल उठाए। सदस्यों ने कहा कि संधोल अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों, अल्ट्रासाउंड विशेषज्ञ और अन्य आवश्यक सुविधाओं की भारी कमी है। अस्पताल भवन विस्तार कार्य भी अधूरा पड़ा है। समिति अध्यक्ष मान सिंह सकलानी ने कहा कि उच्च न्यायालय के आदेशों के बावजूद अस्पताल में सुविधाएं उपलब्ध नहीं करवाई गई। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री से स्त्री रोग, बाल रोग, मेडिसिन और अल्ट्रासाउंड विशेषज्ञ डॉक्टर तैनात करने की मांग की।



बैठक में संधोल कॉलेज में विज्ञान संकाय और व्यावसायिक पाठ्यक्रम शुरू करने की मांग भी उठाई गई ताकि क्षेत्र के विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा मिल सके। परिवहन व्यवस्था और बार-बार लग रहे बिजली कटों पर भी चिंता व्यक्त की गई। समिति अध्यक्ष मान सिंह सकलानी ने कहा कि यदि जल्द मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो चुनावों के बाद जनता को साथ लेकर आंदोलन शुरू किया जाएगा।

दृढ़ इच्छा शक्ति हो तो आतशी शीशा खुद ब खुद मिल जाता हैं, जो अवसरों को खोज निकालता हैं। -शिव खेड़ा

## संपादकीय

# शांति, विकास और विश्वास

देश में दशकों तक आंतरिक सुरक्षा के लिए सबसे बड़ी चुनौतियों में शामिल रहा नक्सलवाद अब अपने अंतिम दौर में है। हाल ही में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की ओर से छत्तीसगढ़ के बस्तर में नक्सलवाद के लगभग समाप्त होने की घोषणा ने देशभर में उम्मीद और राहत का माहौल पैदा किया है। जिन क्षेत्रों ने वर्षों तक भय, हिंसा और असुरक्षा का सामना किया, वहां अब शांति और विकास की नई उम्मीद दिखाई देने लगी है। यह सरकार की प्रशासनिक सफलता है और साथ ही सुरक्षा बलों के साहस, बलिदान और लगातार चलाए गए अभियान का परिणाम।

नक्सलवाद की शुरुआत वर्ष 1967 में पश्चिम बंगाल के नक्सलबाड़ी गांव से हुई थी। प्रारंभिक दौर में इसका उद्देश्य गरीबों, आदिवासियों और पिछड़े वर्गों के अधिकारों की लड़ाई बताया गया था, लेकिन समय के साथ यह आंदोलन हिंसक होता गया और लोकतांत्रिक व्यवस्था के खिलाफ सशस्त्र संघर्ष में बदल गया। धीरे-धीरे यह आंदोलन बिहार, झारखंड, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ तक फैल गया। एक समय ऐसा आया जब 'रेड कॉरिडोर' के नाम से जाना जाने वाला क्षेत्र देश के 12 राज्यों तक फैल चुका था। नक्सलियों ने जंगलों और दुर्गम इलाकों में समानांतर व्यवस्था खड़ी कर दी थी, जहां जन अदालतें, हथियारबंद दस्ते और स्थानीय नेटवर्क सक्रिय थे।

विशेष रूप से छत्तीसगढ़ का बस्तर क्षेत्र नक्सलवाद का सबसे मजबूत गढ़ बन गया था। घने जंगल, सीमित सरकारी पहुंच और विकास की कमी ने नक्सलियों को यहां अपनी पकड़ मजबूत करने का अवसर दिया। नक्सलवाद प्रभावित इलाकों में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसी बुनियादी सुविधाएं भी लंबे समय तक नहीं पहुंच सकीं। भय और हिंसा के कारण विकास कार्य बाधित होते रहे। स्थानीय लोग दोहरी मार झेलते रहे-एक ओर नक्सलियों का दबाव और दूसरी ओर असुरक्षा का वातावरण।

पिछले कुछ वर्षों में केंद्र सरकार ने नक्सलवाद के खिलाफ अपनी रणनीति में बड़ा बदलाव किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में 'जीरो टॉलरेंस' नीति अपनाई गई। सुरक्षा बलों के नए कैंप स्थापित किए गए, अतिरिक्त पुलिस स्टेशन बनाए गए और आधुनिक तकनीक जैसे ड्रोन, सैटेलाइट निगरानी और डेटा विश्लेषण का उपयोग बढ़ाया गया। सीआरपीएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी और राज्य पुलिस ने मिलकर समन्वित अभियान चलाया। सुरक्षा बलों के जवानों ने कठिन परिस्थितियों में अद्भुत साहस दिखाया और अनेक जवानों ने देश की सुरक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान भी दिया।

हालांकि, केवल सैन्य कार्रवाई ही नक्सलवाद समाप्त करने का एकमात्र उपाय नहीं हो सकती। यह भी समझना होगा कि जिन क्षेत्रों में वर्षों तक गरीबी, बेरोजगारी, अशिक्षा और सरकारी उपेक्षा रही, वहां असंतोष को उग्रवाद ने आसानी से जगह दी। इसलिए अब सबसे बड़ी जिम्मेदारी उन क्षेत्रों में विकास पहुंचाने की है। सड़कें, अस्पताल, स्कूल, इंटरनेट, रोजगार और उद्योग-इन सबकी वास्तविक पहुंच ही स्थायी शांति सुनिश्चित कर सकती है।


सरकार को उन नक्सलियों के पुनर्वास पर भी गंभीरता से काम करना होगा जिन्होंने हथियार छोड़कर मुख्यधारा में लौटने का निर्णय लिया है। यदि उन्हें शिक्षा, रोजगार और सम्मानजनक जीवन का अवसर मिलेगा, तभी वे दोबारा हिंसा की राह पर नहीं लौटेंगे। उनके बच्चों को अच्छी शिक्षा और कौशल विकास से जोड़ना भी बेहद आवश्यक है। विकास और पुनर्वास की नीति ही नक्सलवाद के दोबारा उभरने की संभावना को पूरी तरह समाप्त कर सकती है। यह भी सच है कि नक्सलवाद के खात्मे का श्रेय केवल किसी एक व्यक्ति या सरकार को नहीं दिया जा सकता।

इसमें सुरक्षा बलों, स्थानीय प्रशासन, खुफिया एजेंसियों और उन आम नागरिकों की भी बड़ी भूमिका रही है जिन्होंने भय के बावजूद शांति का साथ दिया, लेकिन यह स्वीकार करना होगा कि पिछले कुछ वर्षों में केंद्र सरकार की रणनीति अधिक आक्रामक, संगठित और तकनीक आधारित रही, जिसका प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। आज आवश्यकता इस बात की है कि सरकार केवल नक्सलवाद समाप्त होने की घोषणा तक सीमित न रहे, बल्कि प्रभावित क्षेत्रों को देश के विकास की मुख्यधारा से जोड़े। बस्तर और अन्य आदिवासी इलाकों को शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन, कृषि और उद्योग के नए केंद्रों के रूप में विकसित किया जा सकता है। यदि वहां रहने वाले लोगों को सम्मान, अवसर और सुरक्षा मिलेगी, तो हिंसा की विचारधारा स्वत: कमजोर पड़ जाएगी।

नक्सलवाद का कमजोर होना देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए बड़ी उपलब्धि है, लेकिन असली जीत तब मानी जाएगी जब उन इलाकों में रहने वाले लोग भयमुक्त जीवन जी सकें, बच्चों के हाथों में हथियार नहीं बल्कि किताबें हों, और विकास की रोशनी देश के अंतिम गांव तक पहुंचे। यही किसी भी लोकतंत्र की सबसे बड़ी सफलता होगी।

## आज की प्रमुख हस्ती

### प्रसिद्ध उर्दू शायर



दाग देहलवी
जन्म : 25 मई, 1831
मृत्यु : 17 मार्च, 1905

**दाग देहलवी** (वास्तविक नाम नवाब मिर्जा खां) उर्दू साहित्य के उन महान शायरों में शामिल हैं, जिन्होंने गजल को आम बोलचाल की मिठास, भावनात्मक गहराई और शहरी तहजीब से जोड़कर एक नया रूप दिया। उनका जन्म 25 मई 1831 को दिल्ली में हुआ और मृत्यु 17 मार्च 1905 में हैदराबाद में हुई। उनके जीवन और रचनाओं में तत्कालीन दिल्ली की सांस्कृतिक झलक साफ दिखाई देती है, जिसने उनकी शायरी को एक विशिष्ट पहचान दी।

दाग देहलवी का बचपन अत्यंत कठिन परिस्थितियों में बीता। उनके पिता शम्सुद्दीन खां को अंग्रेजों द्वारा फांसी दिए जाने के बाद उनका परिवार कई वर्षों तक छिपकर जीवन जीने को मजबूर रहा। इस अस्थिरता और संघर्ष ने उनके व्यक्तित्व को प्रभावित किया, लेकिन आगे चलकर यही अनुभव उनकी शायरी में गहराई और संवेदनशीलता का आधार बना। बाद में उनका संबंध मुगल दरबार से भी जुड़ा और वे लाल किले के सांस्कृतिक वातावरण का हिस्सा बने, जहां उन्होंने कई वर्षों तक शिक्षा और साहित्यिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। दाग देहलवी का जीवन केवल साहित्य तक सीमित नहीं था। वे विभिन्न रियासतों और शाही दरबारों से जुड़े रहे, विशेषकर रामपुर और हैदराबाद के नवाबों के साथ। जीवन के अंतिम चरण में वे हैदराबाद में रहे। आर्थिक और व्यक्तिगत कठिनाइयों के बावजूद उन्होंने अंतिम समय तक साहित्य सृजन जारी रखा।

दाग की विरासत यह साबित करती है कि उर्दू शायरी केवल भावनाओं की अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि एक सामाजिक और सांस्कृतिक दस्तावेज भी है। उनकी गजलें आज भी गाई और पढ़ी जाती हैं।



कविता

### ...ये जो है जिंदगी!

मुमुक्षु के. ठाकुर
ओबड़ी मोहल्ला, चंबा टाउन

**उचित** नहीं है बिलकुल भी, जीवन की चुनौतियों के नाम पर
चीखना-चिल्लाना, और उपद्रव करना, जीवन संघर्ष का बनाकर बहाना।
ऐसी परिस्थितियां आती ही हैं, संसार के सभी व्यक्तियों की जिंदगी में।
कभी न कभी अवश्य ही, जब बहुत बड़ी सफलता मानी जा सकती है।
केवल और केवल इस मानुष शरीर में होना और सिर्फ जिंदा बने रहना भी।
कितना ही अद्भुत धैर्य और साहस चाहिए, जीवन के वास्तविक संघर्ष में।
कितनी ही बड़ी करनी होती है प्रतीक्षा। बीज के बोने, उसके अंकुरित
होकर पलने-बढ़ने तक। फिर जो मिलता है उसके पश्चात सफल जिंदगी
में, उस सफलता के समक्ष न्यूनतम और नागण्य। मालूम पड़ते हैं उसको
पाने के लिए किए गए प्रयास और संघर्ष। शोलों में तप-तपकर जिंदगी
निखरती ही गई, जितना नाराज हुई, और उतना संवरती ही गई।

# अंकों की चमक में दबता बचपन और शिक्षा का असली उद्देश्य



डॉ. सत्यवान सौरभ
सामाजिक विचारक


परीक्षा परिणाम आते ही आजकल विद्यालयों के बाहर एक अजीब सी होड़ दिखाई देने लगती है। कहीं बड़े-बड़े होर्डिंग लगे होते हैं, कहीं रंगीन पोस्टर, कहीं सोशल मीडिया पर लगातार तस्वीरों की भरमार।

किसी छात्र के साथ 99%, किसी के साथ 98%, किसी के साथ 97% अंक लिखे होते हैं। विद्यालय इन तस्वीरों को ऐसे प्रस्तुत करते हैं मानो कोई व्यावसायिक उपलब्धि हासिल हुई हो। देखने वाले अभिभावकों को संदेश दिया जाता है कि यही वह संस्थान है जहां 'सफलता' मिलती है। शिक्षा अब धीरे-धीरे ज्ञान का माध्यम कम और प्रचार का साधन अधिक बनती दिखाई दे रही है। यही कारण है कि आज यह प्रश्न गंभीरता से उठने लगा है कि क्या पढ़ाई अब शिक्षा कम और विज्ञापन अधिक बन गई है?

निस्संदेह, मेहनत करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान होना चाहिए। अच्छे परिणाम किसी भी छात्र, शिक्षक और अभिभावक के लिए गर्व का विषय होते हैं, लेकिन समस्या तब शुरू होती है जब विद्यालय केवल कुछ चुनिंदा विद्यार्थियों को ही सफलता का चेहरा बनाकर प्रस्तुत करने लगते हैं। बाकी बच्चे, जिन्होंने अपनी क्षमता के अनुसार मेहनत की, संघर्ष किया, परिस्थितियों से लड़ते हुए परीक्षा पास की, वे सब इस चमक-दमक में कहीं पीछे छूट जाते हैं। विद्यालय के पोस्टरों पर उनकी तस्वीरें नहीं होतीं, उनके प्रयासों की चर्चा नहीं होती। धीरे-धीरे उनके मन में यह भावना बैठने लगती है कि शायद वे पर्याप्त अच्छे नहीं हैं।

आज शिक्षा का वातावरण अत्यधिक प्रतिस्पर्धात्मक हो चुका है। बच्चे अब ज्ञान प्राप्त करने के लिए नहीं, बल्कि प्रतिशत हासिल करने के लिए पढ़ रहे हैं। माता-पिता की अपेक्षाएं, समाज की तुलना और विद्यालयों की प्रचार नीति मिलकर बच्चों पर ऐसा दबाव बना देती हैं कि वे स्वयं को अंकों के तराजू में तौलने लगते हैं। यदि किसी बच्चे के 95% अंक आए हैं तो वह 'प्रतिभाशाली' कहलाता है, लेकिन 70% लाने वाला बच्चा स्वयं को साधारण या कमजोर मानने लगता है। यह सोच शिक्षा की आत्मा के विरुद्ध है।

हर बच्चा अलग होता है। किसी की रुचि विज्ञान में होती है, किसी की साहित्य में, कोई खेल में उत्कृष्ट होता है तो कोई कला, संगीत या तकनीकी कौशल में लेकिन वर्तमान शिक्षा व्यवस्था ने सफलता की परिभाषा को केवल परीक्षा परिणामों तक सीमित कर दिया है। विद्यालय भी उसी दिशा में चलते दिखाई देते हैं जहां



उन्हें अधिक प्रचार और अधिक प्रवेश मिलने की संभावना हो। परिणामस्वरूप बच्चे 'विद्यार्थी' कम और 'रिजल्ट प्रोडक्ट' अधिक बनते जा रहे हैं।

सबसे अधिक चिंता का विषय यह है कि इस प्रकार का प्रचार बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। जिन छात्रों के अंक अपेक्षाकृत कम आते हैं, वे स्वयं को दूसरों से कमतर समझने लगते हैं। कई बच्चे अवसाद, तनाव और हीनभावना का शिकार हो जाते हैं। कुछ बच्चे तो इतने दबाव में आ जाते हैं कि वे परिवार और समाज से कटने लगते हैं। आज देश में परीक्षा परिणामों के बाद आत्महत्या जैसी घटनाएं भी सामने आती हैं। यह केवल व्यक्तिगत कमजोरी नहीं, बल्कि उस सामाजिक और शैक्षणिक दबाव का परिणाम है जो बच्चों पर लगातार डाला जा रहा है। विद्यालयों को यह समझना होगा कि शिक्षा केवल टॉपर बनाने का माध्यम नहीं है। एक योग्य शिक्षक की पहचान केवल इस बात से नहीं होती कि उसके कितने छात्रों ने 95% अंक प्राप्त किए, बल्कि इससे होती है कि उसने कितने बच्चों के भीतर आत्मविश्वास जगाया। असली शिक्षा वह है जो बच्चे को जीवन के संघर्षों के लिए तैयार करे, उसे संवेदनशील बनाए, उसके भीतर नैतिकता और मानवता का विकास करे। यदि कोई बच्चा परीक्षा में औसत अंक लाता है लेकिन अच्छा इंसान बनता है, समाज के प्रति जिम्मेदार बनता है, तो वह भी शिक्षा की सफलता है। आज कई विद्यालय परीक्षा परिणामों को व्यवसायिक रणनीति की तरह इस्तेमाल करते हैं। सोशल मीडिया पर लगातार पोस्ट, अखबारों में विज्ञापन, शहर भर में बैनर-यह सब शिक्षा के व्यवसायीकरण का संकेत है।

अभिभावक अक्सर चमकदार परिणामों और अधिक टॉपर्स वाले विद्यालयों से प्रभावित होकर स्कूल का चयन करते हैं, लेकिन शिक्षा की गुणवत्ता केवल कुछ विद्यार्थियों के अंकों से नहीं आँकी जा सकती। किसी भी विद्यालय की वास्तविक पहचान इस बात से होती है कि वह औसत और कमजोर छात्रों के साथ कैसा व्यवहार करता है और उन्हें कितना सहयोग व प्रोत्साहन देता है।

दुर्भाग्य से कई विद्यालय केवल मेधावी छात्रों पर ध्यान केंद्रित करते हैं ताकि उनका परिणाम बेहतर दिखे, जबकि कमजोर विद्यार्थियों को उपेक्षा का सामना करना पड़ता है। इससे बच्चों में भेदभाव और हीनभावना उत्पन्न होती है।

अभिभावकों की तुलना करने की आदत भी बच्चों के आत्मविश्वास को प्रभावित करती है। हर बच्चा अलग गति से सीखता है, इसलिए उसे समझना और प्रोत्साहित करना आवश्यक है। शिक्षा का उद्देश्य केवल अंक नहीं, बल्कि व्यक्तित्व का विकास होना चाहिए। सही शिक्षा वही है जो हर बच्चे को सम्मान, अवसर और आत्मविश्वास दे।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# शिक्षा के मंदिरों में मूल्य आधारित शिक्षा की बहुत आवश्यकता



केशव शर्मा 'रसिक'
स्वतंत्र लेखक, गांव कोटला, घुमारवीं

शिक्षा को मानव जीवन का आधार माना गया है। विद्यालय और महाविद्यालय केवल पढ़ाई करने के स्थान नहीं होते, बल्कि इन्हें 'शिक्षा के मंदिर' कहा जाता है, क्योंकि यहीं से व्यक्ति के व्यक्तित्व, सोच और संस्कारों का निर्माण होता है। आज के आधुनिक और प्रतिस्पर्धात्मक युग में शिक्षा का मुख्य उद्देश्य अक्सर केवल अंक प्राप्त करना, नौकरी पाना और आर्थिक सफलता तक सीमित होता जा रहा है। ऐसे समय में शिक्षा के मंदिरों में मूल्य आधारित शिक्षा की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक महसूस की जा रही है।

मूल्य आधारित शिक्षा का अर्थ ऐसी शिक्षा से है, जो विद्यार्थियों को केवल पुस्तकीय ज्ञान ही न दे, बल्कि उनमें नैतिकता, अनुशासन, ईमानदारी, दया, सहिष्णुता, जिम्मेदारी, सहयोग और मानवता जैसे गुणों का भी विकास करे। यह शिक्षा विद्यार्थियों को एक बेहतर इंसान बनने की दिशा में प्रेरित करती है। यदि शिक्षा केवल ज्ञान देने तक सीमित रह जाए और उसमें नैतिक मूल्यों का समावेश न हो, तो समाज में शिक्षित व्यक्ति तो होंगे, लेकिन चरित्रवान नागरिकों की कमी महसूस होगी।

आज समाज में बढ़ती हिंसा, भ्रष्टाचार, असहिष्णुता, नशे की प्रवृत्ति, अनुशासन हीनता और सामाजिक विघटन जैसे कई संकट देखने को मिल रहे हैं। इसका एक बड़ा कारण नैतिक मूल्यों का ह्रास भी है। जब विद्यार्थी बचपन और युवावस्था में अच्छे संस्कारों से वंचित रह जाते हैं, तब आगे चलकर समाज पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसलिए विद्यालयों में ऐसी शिक्षा की आवश्यकता है, जो बच्चों को सही और गलत में अंतर समझाने के साथ-साथ समाज और राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व का भाव भी सिखाए।

मूल्य आधारित शिक्षा विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, सहनशीलता और सकारात्मक




सोच विकसित करती है। यह उन्हें दूसरों का सम्मान करना, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक होना, सत्य का पालन करना और कठिन परिस्थितियों में भी सही मार्ग चुनने की प्रेरणा देती है। एक मूल्यवान विद्यार्थी न केवल अपने परिवार और समाज का नाम रोशन करता है, बल्कि राष्ट्र निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

शिक्षकों की भूमिका इसमें अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। शिक्षक केवल पाठ पढ़ाने वाले नहीं, बल्कि समाज के मार्गदर्शक भी होते हैं। यदि शिक्षक अपने व्यवहार, आचरण और शिक्षण पद्धति में नैतिक मूल्यों को शामिल करें, तो विद्यार्थी स्वाभाविक रूप से उनसे प्रेरित होंगे। विद्यालयों में प्रार्थना सभा, प्रेरणादायक प्रसंग, सामाजिक सेवा गतिविधियां, योग, पर्यावरण जागरूकता कार्य, म और नैतिक शिक्षा से जुड़े आयोजन विद्यार्थियों में अच्छे संस्कार विकसित करने में सहायक हो सकते हैं।

अभिभावकों की भूमिका भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। घर और विद्यालय दोनों यदि मिलकर बच्चों को अच्छे संस्कार देने का प्रयास करें, तो मूल्य आधारित शिक्षा अधिक प्रभावी बन सकती है। माता-पिता का व्यवहार, भाषा और जीवनशैली बच्चों के व्यक्तित्व पर गहरा प्रभाव डालती है।

वर्तमान समय में तकनीक और इंटरनेट ने शिक्षा को नई दिशा दी है, लेकिन इसके साथ चुनौतियां भी बढ़ी हैं। सोशल मीडिया और डिजिटल दुनिया में बढ़ते प्रभाव के बीच बच्चों को सही दिशा दिखाने के लिए नैतिक शिक्षा और जीवन मूल्यों का महत्व और बढ़ जाता है। केवल तकनीकी ज्ञान ही पर्याप्त नहीं, बल्कि उसका सदुपयोग करना भी सिखाया जाना चाहिए।

शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार प्राप्त करना नहीं, बल्कि एक अच्छे चरित्रवान और जिम्मेदार नागरिक का निर्माण करना भी है। इसलिए शिक्षा के मन्दिरों में मूल्य आधारित शिक्षा को प्राथमिकता देना समय की मांग है। जब शिक्षा में नैतिक मूल्यों का समावेश होगा, तभी समाज में शांति, सद्भाव, अनुशासन और मानवीय संवेदनाओं का विकास संभव होगा तथा राष्ट्र मजबूत और समृद्ध बन सकेगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# भगवान श्रीराम के ध्यान से बीमारी पर जीत हासिल कर लेंगे



संजय गोस्वामी
स्वतंत्र लेखक

बीमारी मुख्य रूप से अपच, नींद न आने और एंग्जायटी की वजह से होती है, और बीमारी के बारे में चिंता करने से यह और बढ़ जाती है। जब आपको नींद न आए तो बैठकर गाना गाएं। बस बैठकर भगवान श्रीराम का ध्यान अपने विचारों को बिना उनसे इंटरैक्ट किए देखने से मन शांत होता है।

आखिर, आपके मन में जो विचार हैं, वे आपके ही हैं। आप उनसे कब तक डरेंगे? अपने विचारों को, चाहे वे कितने भी डरावने क्यों न हों, बार-बार शांत और न्यूट्रल मन से देखने से उनकी इंटेंसिटी कम हो जाती है। अपने मन के साथ खुद को मिलाने और खुद के साथ शांति पाने का यही एकमात्र तरीका है। अगर आप अपने मन से दोस्ती कर लेते हैं, तो आप अपनी आधी बीमारी और दुख पर जीत हासिल कर लेंगे। भगवान ने आपको ऐसा शरीर दिया है जिसमें बीमारी अपने आप ठीक हो जाती है। बीमारी के बारे में सोचना, बार-बार उसके बारे में बात करना और उससे डरना उसे और बढ़ाता है। जीने के ये नए तरीके आपकी पर्सनैलिटी के डेवलपमेंट के लिए फायदेमंद होंगे। होम्योपैथी, एलोपैथी वगैरह से ज्यादा फायदेमंद है बीमारी की चिंता न करना। बीमारी की चिंता करने से वह और बढ़ती है।

इलाज ढूंढना होगा। कुछ लोग, अपने नाजुक स्वभाव के बावजूद, बीमार रहना चाहते हैं। यह उनके लिए गर्व की बात है। ऐसे लोगों से हमेशा बचें। उनके संपर्क में आने से मनगढ़ंत बीमारियां होती हैं। किसी खास व्यक्ति की बीमारी के लक्षणों पर ध्यान देना, या यह सोचना कि आपको वह बीमारी हो रही है, एक बड़ी गलती है। अगर आप डॉक्टर नहीं हैं, तो बीमारियों के बारे में डिटेल में जानकारी हासिल करने की कोशिश न करें, क्योंकि उनके बारे में जानकर आप अपने मन में भी बीमारी के बारे में गलत सोच बना सकते हैं। ऐसे डॉक्टर से



बचें जो बीमारी को 'बहुत खराब' बताकर उसे लाइलाज जैसा बना दे। कुछ काम ऐसे होंगे जिनसे आपको डर लगेगा, कुछ चीजें जो आपने पहले कभी नहीं की होंगी उन्हें एक्सप्लोर करें। जब आप जिंदगी में मुश्किलों का सामना करते हैं, तो आप अपने डर पर काबू पाने लगते हैं, और इससे आपको आगे बढ़ने में मदद मिलती है।

'आपको एक गंभीर बीमारी है, आपका इलाज करना मुश्किल है'-ऐसी बातें अक्सर बिना सोचे-समझे डॉक्टर कहते हैं। अपनी तुलना किसी बीमार व्यक्ति से न करें, हेल्दी लोगों से प्रेरणा लें। हर किसी की हालत अलग होती है। उम्मीद, विश्वास और पक्की इच्छाशक्ति से गंभीर बीमारियां भी ठीक हो सकती हैं। इसलिए, नेगेटिव सोच बिलकुल भी मंजूर नहीं है। अपनी रिकवरी और हेल्दी रहने पर पक्का विश्वास रखें।

जिंदगी में विश्वास, जोश और भरोसा इंसान को हमेशा जवान बनाए रखता है। बीमार सोच में जीने से बीमारी और बढ़ती है। अपनी ताकत पर काम करें। कुछ ऐसी घटनाएं होती हैं जो हमारी जिंदगी पर असर डालती हैं, जिससे हम सख्त हो जाते हैं। यह हमें अपने अनुभव को बढ़ाने और अपनी सोच की रुकावटों को दूर करने से रोकता है। एक मुमकिन हल यह है कि इन खराब सोच और पहले से बनी सोच को छोड़ दें और हालात को बड़े नज़रिए से देखें।

यह विचार रामायण, संगीत और आधुनिक न्यूरोसाइंस को जोड़ने की कोशिश करता है, लेकिन इसे वैज्ञानिक तथ्य नहीं बल्कि प्रतीकात्मक व्याख्या समझना चाहिए। संगीत और मंत्र-जप से तनाव कम हो सकता है, क्योंकि यह मन को शांत करता है और नर्वस सिस्टम को रिलैक्स करता है।

रामायण को न्यूरॉन्स या ब्रेन के हिस्सों का वास्तविक मॉडल मानना वैज्ञानिक रूप से सिद्ध नहीं है। यह अधिकतर एक रूपक है, जिसमें पात्रों और घटनाओं को मन की अवस्थाओं से जोड़ा जाता है। न्यूरोसाइंस मस्तिष्क और व्यवहार का अध्ययन प्रयोग और प्रमाणों पर आधारित करती है, जबकि धार्मिक कथाएं अनुभव और विश्वास पर आधारित होती हैं। इसलिए दोनों को अलग-अलग दृष्टिकोण से समझना अधिक उचित है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# मधुर वाणी: व्यक्तित्व का सबसे सुंदर आभूषण व जीवन की सबसे बड़ी शक्ति



धर्म देवा
प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक, गांव धारना, जिला चंबा

वाणी मनुष्य को मिला वह अनमोल वरदान है, जो उसे अन्य जीवों से अलग कर श्रेष्ठ बनाता है। यह केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि विचारों, भावनाओं और संबंधों की नींव भी है। मधुर वाणी किसी भी व्यक्ति के व्यक्तित्व का सबसे सुंदर आभूषण मानी जाती है, क्योंकि यही वह गुण है जो उसे समाज में सम्मान, प्रेम और स्वीकार्यता दिलाता है।

वाणी के माध्यम से मनुष्य अपने मित्र बना सकता है, बिगड़े संबंध सुधार सकता है और कठिन परिस्थितियों को भी सरल बना सकता है। इसके विपरीत कटु वचन सबसे मजबूत संबंधों को भी तोड़ने की क्षमता रखते हैं।

मृदुभाषी व्यक्ति समाज में सदैव आकर्षण का केंद्र होता है। उसका व्यवहार लोगों के दिलों में जगह बना लेता है और उसके प्रति विश्वास स्वत: उत्पन्न हो जाता है। चाहे व्यक्ति कितना भी ज्ञानी या सक्षम क्यों न हो, यदि उसकी वाणी में मधुरता नहीं है, तो उसका प्रभाव सीमित रह जाता है। वास्तव में वाणी ही किसी व्यक्ति के संस्कार, चरित्र और मानसिकता का दर्पण होती है, जिससे उसके व्यक्तित्व का वास्तविक मूल्यांकन किया जा सकता है।

इतिहास और धर्मग्रंथ भी वाणी के महत्व को स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं। रामायण में कुंभकर्ण का प्रसंग यह सिखाता है कि गलत समय पर बोले गए शब्द जीवन की दिशा बदल सकते हैं। माता सरस्वती के प्रभाव से उसकी वाणी भ्रमित हो गई और इच्छित वरदान के स्थान पर कुछ और ही मांग निकल गई, जिससे उसका भाग्य बदल गया। यह घटना बताती है कि वाणी पर नियंत्रण और स्पष्टता कितनी आवश्यक है।

इसी प्रकार महाभारत के भीषम द्वारा दिया गया उपदेश अत्यंत महत्वपूर्ण है कि बाण और मुख से निकले शब्द वापस नहीं लिए जा सकते। यह संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना उस समय था, क्योंकि एक बार कही गई बात संबंधों को जोड़ भी सकती है और तोड़ भी सकती है। महान संत



तुलसीदार ने भी अपनी चौपाई में मधुर वाणी को एक वशीकरण मंत्र बताया है।

उनके अनुसार मीठे शब्द न केवल वातावरण को शांत और सुखद बनाते हैं, बल्कि कठोर हृदय को भी पिघलाने की शक्ति रखते हैं। वास्तव में, मधुर वाणी वह साधन है जिससे प्रेम, सौहार्द और सहयोग का वातावरण निर्मित होता है। आज के समय में, जब जीवन में तनाव, प्रतिस्पर्धा और अस्थिरता लगातार बढ़ रही है, तब मधुर वाणी का महत्व और भी अधिक हो जाता है। एक विनम्र और सौम्य भाषा न केवल व्यक्ति के पारिवारिक और सामाजिक संबंधों को मजबूत करती है, बल्कि समाज में विश्वास, सहयोग और सद्भाव का वातावरण भी बनाती है। जिस व्यक्ति की वाणी में मिठास होती है, वह कठिन परिस्थितियों में भी लोगों का सहयोग आसानी से प्राप्त कर लेता है और अपने व्यवहार से विरोधियों को भी अपना समर्थक बना सकता है। मधुर वाणी व्यक्ति की छवि को निखारने के साथ-साथ उसके व्यक्तित्व को भी प्रभावशाली बनाती है। यह नेतृत्व क्षमता को बढ़ाती है, क्योंकि लोग ऐसे व्यक्ति पर अधिक विश्वास करते हैं जो शांत, संयमित और सम्मानपूर्वक बात करता है। इसके विपरीत कटु वचन रिश्तों में दूरी पैदा करते हैं और अवसरों को भी कमजोर कर देते हैं।

कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि वाणी का सही उपयोग जीवन को सरल, सुंदर और सफल बनाता है, जबकि उसका दुरुपयोग संबंधों और अवसरों दोनों को नष्ट कर सकता है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को चाहिए कि वह अपने शब्दों में मिठास, संयम और संवेदनशीलता अपनाए, क्योंकि मधुर वाणी ही वास्तव में व्यक्तित्व का सबसे सुंदर आभूषण है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

अनंत ज्ञान

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## एना मारिया का दिलकश अंदाज

**क्रोएशिया।** एना मारिया मार्कोविक को अक्सर दुनिया की सबसे खूबसूरत महिला फुटबॉलर के रूप में जाना जाता है। वह क्रोएशिया की एक पेशेवर फुटबॉलर हैं और सोशल मीडिया पर अपनी खूबसूरत तस्वीरों के लिए जानी जाती हैं। एना के 10 लाख से ज्यादा है फ्लोअर्स हैं।



## स्पोर्ट्स विंडो

### स्टार फुटबॉलर हैरी केन की हैट्रिक बायर्न म्यूनिख ने जर्मन कप जीता

**एजेंसी, बर्लिन।** स्टार फुटबॉलर हैरी केन की हैट्रिक की मदद से बायर्न म्यूनिख ने मौजूदा चैंपियन स्टटगार्ट को 3-0 से हराकर जर्मन कप फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता और इस तरह से वर्तमान सत्र में घरेलू टूर्नामेंट जीतने का डबल पूरा किया। केन की दूसरे हाफ में बनाई गई हैट्रिक ने बायर्न के प्रशंसकों के बीच जबरदस्त उत्साह पैदा कर दिया। इस बीच दोनों टीम के प्रशंसकों ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने के लिए जर्मन फुटबॉल महासंघ (डीएफबी) के विरोध में नारे भी लगाए। केन ने 55वें मिनट में माइकल ओलिस के क्रॉस पर हेडर से पहला गोल किया। इससे बायर्न के प्रशंसकों ने आतिशबाजी शुरू कर दी। इससे काफी धुआं हो गया और खेल रोकना पड़ा। इंग्लैंड के स्टार खिलाड़ी केन ने 80वें मिनट में दूसरा गोल किया और फिर इंजरी टाइम में पेनल्टी को गोल में बदलकर हैट्रिक पूरी की। (अनंत ज्ञान)

### ईरान ने अपना आधार शिविर मैक्सिको में किया स्थानांतरित

**एजेंसी, फीनिक्स।** ईरान फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष मेहदी ताज ने शनिवार को कहा कि फीफा से मंजूरी मिलने के बाद उनकी टीम के आधार शिविर को अमेरिका से मैक्सिको में स्थानांतरित कर दिया गया है। मेहदी ताज ने एक बयान में यह जानकारी दी हालांकि अभी तक फीफा ने इसकी पुष्टि नहीं की है। ईरान को एरिजोना के टक्सन में अभ्यास शिविर लगाना था, लेकिन मध्य पूर्व में चल रहे युद्ध और सुरक्षा चिंताओं के कारण इसे कहीं और स्थानांतरित करने की संभावना बनी हुई थी। टक्सन के कीनो स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के अधिकारियों ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की। महासंघ का कहना है कि टीम अब सैन डिएगो के ठीक दक्षिण में स्थित मैक्सिको के तिजुआना में ठहरेगी। इस वर्ष विश्व कप 11 जून से 19 जुलाई तक चलेगा। अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको मिलकर इसकी मेजबानी कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### कर्नाटक : कलबुर्गी में नीट अभ्यर्थी ने फंदे से लटककर की आत्महत्या

**एजेंसी, कलबुर्गी।** कर्नाटक के कलबुर्गी में राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) देने वाली एक छात्रा ने अपने घर पर फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। छात्रा के पिता ने रविवार को यह जानकारी दी। पिता राजशेखर ने यहां पत्रकारों को बताया कि भाग्यश्री (18) पढ़ाई में बहुत अच्छी थी और उसने पीयूसी परीक्षा 92 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की थी। उन्होंने बताया, 'हमारे परिवार में कोई परेशानी या समस्या नहीं थी, हम खुशी से रह रहे थे। पिता ने रोते हुए पत्रकारों को बताया, 'उसने (भाग्यश्री ने) नीट में अच्छा प्रदर्शन किया था, सब कुछ ठीक चल रहा था। शायद उसके मन में परीक्षा दोबारा देने का विचार था। मैं किसी को दोष नहीं दे रहा और न ही किसी पर आरोप लगा रहा हूं। हम उसके दर्द या पीड़ा को नहीं जानते। मैं क्या कह सकता हूं?' पुलिस के अनुसार, छात्रा ने कोई 'सुसाइड नोट' नहीं लिखा और न ही आत्महत्या का कोई कारण बताया। इस संबंध में स्टेशन बाजार थाने में मामला दर्ज किया गया है। (अनंत ज्ञान)

### दिल्ली से करोड़ों की चोरी करने वाले दो नेपाली नागरिक गिरफ्तार

**एजेंसी, काठमांडू।** भारत की राजधानी नई दिल्ली में हुई चोरी की घटना में दो नेपाली नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से हीरा, मोती, सोने-चांदी के गहने, विभिन्न कंपनियों की घड़ियां और नकदी समेत करीब 2 करोड़ 10 लाख मूल्य का सामान बरामद किया गया है। पुलिस ने खप्तड गाउंपालिका निवासी लोकेश धामी और बुढीगंगा नगरपालिका निवासी उपेन्द्र रावत को गिरफ्तार किया है। प्रदेश प्रहरी कार्यालय धनगढी और जिल्ला प्रहरी कार्यालय कैलाली की संयुक्त टीम ने लंबे समय तक जांच के बाद यह गिरफ्तारियां कीं और रविवार को सार्वजनिक किया।चोरी में शामिल सॉफेबगर निवासी अर्जुन सुनार फिलहाल फरार हैं और पुलिस उनकी तलाश कर रही है। प्रदेश प्रहरी कार्यालय धनगढी के प्रमुख पुलिस नायब महानिरीक्षक (डीआईजी) ओम बहादुर राना के अनुसार पकड़े गए आरोपित काम की तलाश में दिल्ली पहुंचे थे। घरेलू काम करने के दौरान उन्होंने राजेन्द्र नगर निवासी संजय कुमार मखीजा के घर में 25 मार्च को चोरी की थी और फिर नेपाल लौट आए। (अनंत ज्ञान)

### सद्भाव यात्रा में नही पहुंचे हुड्डा और समर्थक, हाईकमान पहुंचा मामला

**एजेंसी, रोहतक।** कांग्रेस के पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह की सद्भाव यात्रा के समापन पर रोहतक में पूर्व सीएम हुड्डा सहित चारों विधायकों व अन्य पदाधिकारियों का शामिल न होने का मामला हाईकमान तक जा पहुंचा है। जबकि यात्रा में शामिल होने के लिए पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह का कहना है कि उन्होंने पूर्व सीएम हुड्डा को चिठ्ठी तक लिखी थी। यात्रा में रोहतक से सांसद दीपेंद्र हुड्डा भी शामिल नहीं हुए थे, जिसको लेकर अब चर्चा का विषय बना हुआ है। यात्रा को निजी बताने के सवाल पर पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह कहते है कि आखिर कांग्रेस यात्रा कौनसी होगी, उन्हें समझाया जाए, जबकि गुरुग्राम में इस यात्रा में राहुल गांधी तक शामिल हुए हैं। चर्चा है कि यात्रा में गुटबाजी को लेकर जवाबदेही हो सकती है। प्रदेश के 90 विधानसभा क्षेत्रों से होते हुए करीब 13 हजार किलोमीटर चली पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह के नेतृत्व में सद्भाव यात्रा के समापन पर पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा गुट का नदारद रहना कांग्रेस की एकता पर बड़ा सवाल उठाती है। (अनंत ज्ञान)

# प्रणति नायक ने एफआईजी वर्ल्ड चैलेंज कप में जीता रजत पदक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत की प्रणति नायक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ताशकंद में एफआईजी वर्ल्ड चैलेंज कप 2026 में महिला वॉल्ट स्पर्धा में रजत पदक जीता। एशियाई चैंपियनशिप में तीन बार पदक जीत चुकी ओडिशा की 31 वर्षीय प्रणति ने शनिवार को फाइनल में अपने दो वॉल्ट में क्रमश: 12.950 और 12.700 अंक बनाकर कुल 13.025 के स्कोर के साथ रजत पदक अपने नाम किया। वियतनाम की थी क्विन्ह न्हु गुयेन ने 13.375 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि उज्बेकिस्तान की शाखिनाबोनू यूसुफोवा ने 12.950 के स्कोर के साथ कांस्य पदक हासिल किया। भारत की एक अन्य खिलाड़ी प्रोतिस्था सामंता 12.850 के स्कोर के साथ छठे स्थान पर रहीं।

प्रणति ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि पिछले कुछ महीने आसान नहीं रहे। ऐसे दिन भी आए जब मैंने असफलताओं का सामना किया। कुछ दिन बेहद कठिन थे लेकिन मैंने कभी हार नहीं मानी। इस पदक के साथ पोडियम पर खड़ा होना इस बात का प्रमाण है कि धैर्य, दृढ़ता और विश्वास हमेशा अच्छे परिणाम देता है। (अनंत ज्ञान)



महिला वॉल्ट में प्रणति नायक का शानदार प्रदर्शन, भारत को मिला सिल्वर

## नॉर्वे शतरंज में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे गुकेश, प्रज्ञानानंदा

**एजेंसी, ओस्लो।** विश्व चैंपियन डी गुकेश सोमवार से यहां शुरू हो रहे प्रतिष्ठित नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के जरिए विश्व चैंपियनशिप में खिताब की रक्षा के अपने अभियान से पहले लय हासिल करने के इरादे से उतरेंगे जबकि एलीट खिलाड़ियों की मौजूदगी में उनके धैर्य और कौशल की परीक्षा होगी। टूर्नामेंट में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन भी हिस्सा ले रहे हैं। गुकेश और आर प्रज्ञानानंदा की मौजूदगी में भारतीय दल टूर्नामेंट में खिताब के अपने सूखे को खत्म करने की कोशिश करेगा। प्रतियोगिता के ओपन और महिला वर्ग में दुनिया के छह सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगे। प्रतियोगिता में चार खिलाड़ी भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। गुकेश और प्रज्ञानानंदा ओपन वर्ग में शिरकत करेंगे तो वहीं महिला वर्ग में कोनेरू हंपी और विश्व कप विजेता दिव्या देशमुख हिस्सा लेंगी। भारतीय खिलाड़ियों के लिए हालांकि चुनौती आसान नहीं होगी। ओपन वर्ग में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी कार्लसन के अलावा फ्रांस के स्टार अलीरेज फिरोजा, जर्मनी के विन्सेंट कीमर व अमेरिका के अनुभवी वेस्ली सो जैसे दिग्गज भी हिस्सा ले रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

## आईपीएल फर्स्ट क्वालीफायर

# 26 मई को जीटी से भिड़ने के लिए धर्मशाला पहुंची आरसीबी की टीम



**अनंत ज्ञान**

**ब्यूरो, धर्मशाला।** एचपीसीए स्टेडियम धर्मशाला में 26 मई को खेले जाने वाले आईपीएल के फर्स्ट क्वालीफायर के लिए दोनों टीमें धर्मशाला पहुंच चुकी हैं। रविवार को रॉयल चैलेंजर बंगलुरु की टीम भी धर्मशाला पहुंच गई। कांगड़ा एयरपोर्ट पर टीम खिलाडियों विशेषकर विराट कोहली के दीदार को काफी संख्या में फैन्स पहुंचे हुए थे, लेकिन विराट कोहली के टीम के साथ न आने से फैन्स को निराशा हाथ लगी। वहीं टीम के गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार परिवार के साथ अलग फ्लाइट में कांगड़ा एयरपोर्ट पहुंचे। आरसीबी खिलाड़ियों के एयरपोर्ट से बाहर आते समय फैन्स में खासा उत्साह देखा गया। जैसे-जैसे खिलाड़ी बाहर आ रहे थे तो फैन्स उनके नाम पुकार रहे थे। आरसीबी टीम कांगड़ा एयरपोर्ट से सुरक्षा पहरे में विशेष वाहनों में धर्मशाला के लिए रवाना हो गई।

# सचिन तेंदुलकर ने अपने बेटे अर्जुन के धैर्य और क्षमता की सराहना की

**एजेंसी, लखनऊ**

दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने अपने बेटे और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्जुन की इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के अंतिम लीग मैच में इस फ्रेंचाइजी की तरफ से अपने पदार्पण मैच में अच्छा प्रदर्शन करने पर उनके धैर्य और क्षमता की सराहना की।

एलएसजी ने इससे पहले अर्जुन को किसी भी मैच में खेलने का मौका नहीं दिया। इस बीच वह नेट और अभ्यास मैचों में अच्छा प्रदर्शन कर रहे थे लेकिन अपनी काबिलियत साबित करने के लिए उन्हें सत्र के आखिरी मैच तक इंतजार करना पड़ा। एलएसजी की पंजाब किंग्स से हार के बाद तेंदुलकर ने सोशल मीडिया पर एक भावुक संदेश लिखा।

तेंदुलकर ने कहा, ''शाबाश, अर्जुन। इस पूरे सत्र में जिस तरह से तुमने खुद को संभाला है, उस पर मुझे गर्व है। हमेशा अपनी क्षमता पर विश्वास बनाए रखा, धैर्य रखा, चुपचाप कड़ी मेहनत की और आखिरी मैच तक अपने मौके का इंतजार करने के बावजूद सकारात्मक बने रहे।'' उन्होंने कहा, ''क्रिकेट में कौशल के साथ-साथ धैर्य की भी परीक्षा होती है और आज तुमने दोनों को बखूबी निभाया। अपने पांव जमीन पर बनाए रखना और खेल के प्रति अपने प्रेम को हमेशा की तरह बरकरार रखना। तुम्हें ढेर सारा प्यार। अर्जुन का पहला ओवर काफी अच्छा था और अगर कप्तान ऋषभ पंत ने प्रभसिमरन सिंह की गेंद पर मुश्किल कैच लपक लिया होता तो उन्हें विकेट मिल सकता था। उन्होंने शुरुआती ओवरों में लेंथ पर गेंदबाजी की, लेकिन 15वें ओवर में प्रभसिमरन को यॉर्कर पर पगबाधा आउट किया। उन्होंने 9वां, 15वां और 17वां ओवर भी फेंका और कुल मिलाकर 36 रन देकर एक विकेट लिया। सचिन तेंदुलकर का पुत्र होने के कारण अर्जुन शुरू से ही सुर्खियों में रहे हैं। (अनंत ज्ञान)



## गुरिंदरवीर सिंह ने बनाया इतिहास

**एजेंसी, रांची।** गुरिंदरवीर सिंह ने रांची में आयोजित राष्ट्रीय सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़ मात्र 10.09 सेकंड में पूरी कर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बना दिया। वह भारत के पहले खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने 10.10 सेकंड से कम समय में 100 मीटर दौड़ पूरी की। इस शानदार प्रदर्शन के बाद उन्हें भारत का नया 'उसेन बोल्ट' कहा जा रहा है। फाइनल मुकाबले में उन्होंने ओडिशा के धावक अनिमेष कुजूर को पीछे छोड़ते हुए स्वर्ण पदक जीता। सेमीफाइनल में दोनों खिलाड़ियों के बीच रिकॉर्ड तोड़ने की कड़ी टक्कर देखने को मिली थी। गुरिंदरवीर की इस उपलब्धि ने भारतीय एथलेटिक्स में नया इतिहास रच दिया है। इस जीत से उन्होंने 2026 राष्ट्रमंडल व एशियाई खेलों के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है। (अनंत ज्ञान)



# राष्ट्रमंडल खेलों के लिए ओलंपिक स्तर का बुनियादी ढांचा हो रहा है तैयार : मांडविया

**एजेंसी, अहमदाबाद**

राष्ट्रमंडल खेल 2030 को लेकर चल रही तैयारियों से उत्साहित खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने रविवार को कहा कि इन खेलों के लिये ओलंपिक स्तर का बुनियादी ढांचा तैयार किया जा रहा है और भारतीय खिलाड़ी भी पोडियम पर खड़े होने के लिये काफी मेहनत कर रहे हैं ।



राष्ट्रमंडल खेल दिवस के अवसर पर यहां साबरमती रिवरफ्रंट पर आयोजित 'संडेज आन साइकिल' कार्यकम के दौरान पीटीआई भाषा से बातचीत में मांडविया ने कहा ,''संडेज आन साइकिल का आज 75वां सत्र है और राष्ट्रमंडल खेल दिवस भी है जिसे देखते हुए यहां राष्ट्रमंडल खेल 2030 के मेजबान शहर में मुख्य आयोजन किया गया है और हजारों की संख्या में युवाओं ने इससे जुड़कर फिट इंडिया का संदेश दिया है।'' अहमदाबाद 2030 में राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी करेगा जो दिल्ली में 2010 में हुए खेलों के बाद पहली बार भारत में हो रहे हैं। भारत ने अहमदाबाद में ही ओलंपिक 2036 की मेजबानी का 'आशय पत्र' भी अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति को सौंप दिया है।

राष्ट्रमंडल खेलों की तैयारियों के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि राष्ट्रमंडल खेलों के लिये ओलंपिक स्तर का खेलों का बुनियादी ढांचा तैयार हो रहा है । इसके साथ ही हमारे देश के खिलाड़ी भी मेहनत कर रहे हैं ताकि राष्ट्रमंडल खेल व ओलंपिक में पोडियम पर खड़े होकर देश का नाम रोशन कर सकें।

राष्ट्रमंडल खेलों से पहले अहमदाबाद के नारनपुरा में 825 करोड़ की लागत से 20 एकड़ में फैले वीर सावरकर परिसर का उद्घाटन पिछले साल ही हो चुका है जबकि नरेंद्र मोदी स्टेडियम के इर्द गिर्द 335 एकड़ में सरदार वल्लभभाई पटेल खेल एंक्लेव में तीन नये परिसर तैयार हो रहे हैं । इस एंक्लेव और कराइ में गुजरात पुलिस अकादमी में निर्माण कार्य 2028 से 2029 के बीच पूरा हो जायेगा जहां मुख्यत: एक्वाटिक्स, टेनिस, एथलेटिक्स और निशानेबाजी स्पर्धायें होनी हैं।

खेल मंत्री मांडविया ने तेल बचाने के प्रधानमंत्री मोदी के अभियान में शामिल होने के लिये देशवासियों से साइकिलिंग से जुड़ने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि साइकिलिंग फिट इंडिया का मंत्र है, पोल्यूशन का सोल्यूशन है और तेल की बचत भी करता है । इसलिये आज देश के 8000 से अधिक स्थानों पर संडे आन साइकिल के जरिये देश के युवा साइकिलिंग से जुड़ रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

# 'परमाणु कार्यक्रम की कोई डील नहीं'

## अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के दावों को ईरान ने किया खारिज

**एजेंसी, नई दिल्ली**

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जारी जंग थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। युद्ध विराम की खबर आने कुछ ही देर बाद फिर ईरान की ओर से समझौते का खंडन कर दिया जाता है। एक बार फिर ऐसा ही हुआ है। दरअसल अमेरिका की ओर आज सुबह ही ये दावा किया गया था कि समझौते के तहत होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोला जाएगा। लेकिन ईरान ने इस दावे को खारिज करते हुए कहा कि वह होर्मुज पर अपना नियंत्रण बनाए रखेगा।

दरअसल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि उन्होंने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से भी बात की, जो बहुत सकारात्मक रही। उन्होंने कहा, 'अलग से मेरी प्रधानमंत्री नेतन्याहू से बात हुई, जो बहुत अच्छी रही। समझौते के अंतिम बिंदुओं पर चर्चा चल रही है और जल्द घोषणा की जाएगी, लेकिन दूसरी ओर ईरान ने अमेरिका के सभी दावों को खारिज कर दिया है। ईरान की ओर से कहा गया है कि वह होर्मुज पर अपना नियंत्रण बनाए रखेगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक ईरान केवल युद्ध से पहले जितने जहाज गुजरते थे, उतनी अनुमति देने पर सहमत है, लेकिन इसे पूरी तरह मुक्त मार्ग नहीं माना जा सकता। ट्रंप के शांति संदेश में ईरान के परमाणु कार्यक्रम का कोई जिक्र नहीं था। ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड (आईआरजीसी) ने ट्रंप के बयान को 'प्रचार' बताते हुए कहा कि अभी तक परमाणु कार्यक्रम को लेकर कोई समझौता या प्रतिबद्धता नहीं हुई है।

ट्रंप ने इसे मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग बताया, जिसमें शांति से जुड़े कई बिंदु शामिल हैं। उनके अनुसार यह समझौता अभी अमेरिका, ईरान और अन्य देशों की मंजूरी के बाद ही अंतिम रूप लेगा। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि वार्ता का मुख्य फोकस युद्ध खत्म करने पर है। इसमें समुद्री हमलों को रोकना और कुछ प्रतिबंधों में ढील जैसे मुद्दे शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

### शहबाज शरीफ ने की ट्रंप की शांति के प्रयासों की सराहना

**पाकिस्तान** के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि वह उम्मीद करते हैं कि जल्द ही अमेरिका-ईरान वार्ता का अगला दौर पाकिस्तान में हो सकता है। उन्होंने ट्रंप की शांति प्रयासों की सराहना करते हुए इसे असाधारण प्रयास बताया।

## यूपी विस चुनाव के लिए पूरी जी जान से जुटें कार्यकर्ता: मायावती

**एजेंसी, लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने रविवार को यूपी विधानसभा चुनाव-2027 की तैयारियों को लेकर पार्टी पदाधिकारियों को जीत का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बसपा की एक बार फिर से सरकार बनाने के लिए कार्यकर्ता कोई कसरन छोड़े और पूरे जी जान से वोट की सुरक्षा करें।

बसपा प्रमख मायावती ने रविवार को यहां 12 माल एवेन्यू स्थित पार्टी मुख्यालय पर सभी वरिष्ठ पदाधिकारी, कोआर्डिनेटर और जिलाध्यक्षों के साथ एक बैठक की। बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि देश में चुनाव जिस प्रकार की नई—नई चुनौतियों के बीच हो रहे हैं, उसको देखते हुए पार्टी की तैयारियों के हर स्तर पर और भी चुस्त—दुरुस्त और मुस्तैद बनाने की जरूरत है। ताकि पार्टी के पक्ष में बढ़ते हुए जन रुझान के फलस्वरूप यूपी में पांचवीं बार बसपा की सरकार बनाने का मिशनरी लक्ष्य सुनिश्चित हो सकें। बसपा प्रमुख ने कहा कि यूपी विधानसभा चुनाव की तैयारियों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

प्रदेश में बसपा की एक बार फिर से सरकार बनाने के लिए कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए मायावती ने कहा कि पूरी जी जान से वोट की सुरक्षा करना है। मायावती ने कहा कि अभी हाल में ही सम्पन्न हुए पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव जो कुछ हुआ व जिस प्रकार से हुआ उसका संज्ञान लेने की जरूरत है। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड व पंजाब राज्य में अगले वर्ष विधानसभा का चुनाव होना है। (अनंत ज्ञान)

## राहुल गांधी के 'एक साल में सरकार गिरने' वाले बयान पर जमकर बरसे पीयूष गोयल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के अगले एक वर्ष में मोदी सरकार गिरने वाले बयान पर भारतीय जनता पार्टी हमलावर है। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने राहुल गांधी के बयान को देश में अराजकता फैलाने की साजिश बताया। पीयूष गोयल ने कहा कि राहुल गांधी का यह बयान देश के खिलाफ कांग्रेस और विपक्षी दलों के तथाकथित टूलकिट एजेंडे की ओर इशारा करता है।



उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस लोकतांत्रिक तरीके से भाजपा को पराजित नहीं कर पा रही है, इसलिए अब देश में अस्थिरता और अराजकता फैलाने की कोशिश की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देश की जनता के दिलों से हटाना संभव नहीं है और जनता कांग्रेस की राजनीति को भलीभांति समझती है। भाजपा नेता सैयद शाहनवाज हुसैन ने कहा कि राहुल गांधी को समझना चाहिए कि यह लोकतांत्रिक तरीके से चुनी हुई सरकार है। प्रधानमंत्री मोदी देश की प्रगति के लिए दिन-रात काम कर रहे हैं और राहुल गांधी पहले भी कई बड़े दावे कर चुके हैं, लेकिन उनका कोई असर नहीं हुआ। शाहनवाज ने कहा कि इस प्रकार की भाषा देशहित में नहीं है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने कहा कि कुछ नेता विदेशी ताकतों के इशारे पर काम करते हुए देश के खिलाफ दुष्प्रचार कर रहे हैं। राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी ने अपनी विचारधारा और पहचान से समझौता कर लिया है। केंद्रीय मंत्री सुकांता मजूमदार ने राहुल गांधी के बयान को महत्वहीन बताते हुए कहा कि राहुल गांधी कब क्या बोलेंगे, यह उनकी पार्टी के लोगों को भी नहीं पता होता। (अनंत ज्ञान)

# ट्विशा शर्मा मौत मामला : दिल्ली एम्स की टीम कर रही दोबारा पोस्टमॉर्टम

**एजेंसी, भोपाल**



अभिनेत्री और मॉडल ट्विशा शर्मा की संदिग्ध मौत का मामला बेहद हाई-प्रोफाइल हो चुका है। भोपाल के एम्स अस्पताल में दिल्ली एम्स से आई 4 सदस्यीय विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ट्विशा के शव का दोबारा पोस्टमॉर्टम कर रही है। सुरक्षा के लिहाज से मॉर्च्यूरी और पूरे एम्स परिसर को छावनी में तब्दील कर दिया गया है, जहां भारी पुलिस बल तैनात है।

ट्विशा के भाई मेजर हर्षित ने बताया कि दोबारा पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद रविवार शाम 5 बजे भदभदा श्मशान घाट में ट्विशा का अंतिम संस्कार किया जाएगा। हालांकि, उन्होंने अंतिम संस्कार में ट्विशा की आरोपित सास और पति के शामिल होने के सवाल पर किसी भी तरह की टिप्पणी करने से साफ इनकार कर दिया। वहीं, मृतका के पिता नवनिधि शर्मा ने मांग की है कि राज्य सरकार की सहमति के बाद अब मामले को बिना देरी किए जल्द से जल्द सीबीआई को स्थानांतरित किया जाए।

गौरतलब है कि 12 मई की रात भोपाल के कटारा हिल्स में ट्विशा की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। ससुराल पक्ष ने इसे आत्महत्या बताया, जबकि मायका पक्ष पति और ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगा रहा है।

7 दिन की पुलिस रिमांड पर चल रहे आरोपित पति समर्थ सिंह से कटारा हिल्स थाने में करीब दो घंटे तक गहन पूछताछ की गई। पुलिस पूछताछ में समर्थ ने खुद को बेकसूर बताते हुए कई दावे किए हैं, हालांकि पुलिस का मानना है कि वह जांच भटकाने के लिए भ्रामक जानकारी दे रहा है। समर्थ ने बताया कि शादी के बाद उनके रिश्ते सामान्य थे।

## पाकिस्तान के क्वेटा में हमला, 10 की मौत

**एजेंसी, इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान के क्वेटा में एक बड़ा आत्मघाती हमला हुआ है। इस हमले में कम से कम 10 लोगों की मौत हुई है और बड़ी संख्या में लोग घायल हुए हैं। अल जजीरा की रिपोर्ट्स के अनुसार, हमलावर ने रेलवे ट्रैक के पास खुद को विस्फोट से उड़ा लिया, जिसकी चपेट में आकर कई वाहन तबाह हो गए। हमले के बाद क्वेटा के सरकारी अस्पतालों में इमरजेंसी लागू कर दी गई है।

पाकिस्तानी मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार, रविवार को क्वेटा के चमन फाटक के पास धमाका हुआ, जिसमें 20 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। धमाके में वहां से गुजर रही ट्रेन को भी नुकसान पहुंचा है। वहीं रेलवे ट्रैक के पास खड़े 10 के करीब वाहनों को भी नुकसान हुआ। धमाके इतनी तेज था कि आसपास की इमारतों के शीशे और खिड़कियां भी टूट गईं।

हालात को देखते हुए क्वेटा सरकार ने आसपास के अस्पतालों में इमरजेंसी घोषित कर दी है। रिपोर्ट्स के अनुसार, पेशावर जा रही जाफर एक्सप्रेस ट्रेन को क्वेटा रेलवे स्टेशन पर ही एहतियातन रोक दिया गया। धमाके के बाद क्वेटा में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। लोगों को धमाके वाली जगह पर इकट्ठा होने से मना किया गया है। (अनंत ज्ञान)

# इबोला संकट से निपटने के लिए भारत ने अफ्रीका भेजी चिकित्सा सहायता की खेप

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारत सरकार ने अफ्रीका में तेजी से फैल रहे इबोला जन स्वास्थ्य आपातकाल से निपटने के लिए मानवीय सहायता के तहत चिकित्सा सामग्री और सुरक्षा किटों की पहली खेप रविवार को रवाना कर दी। यह सहायता अफ्रीका रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (अफ्रीका सीडीसी) को भेजी गई है।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जानकारी साझा करते हुए कहा कि भारत उभरते इबोला जन स्वास्थ्य आपातकाल से निपटने में अफ्रीकी देशों के साथ पूरी मजबूती से खड़ा है। उन्होंने कहा, 'इबोला संकट से निपटने में अफ्रीका का समर्थन करने के लिए हम पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

भारत द्वारा भेजी गई इस सहायता में चिकित्सा उपयोग की आवश्यक सामग्री, सुरक्षा उपकरण और स्वास्थ्यकर्मियों के लिए विशेष सुरक्षा किट शामिल हैं। इन संसाधनों का उपयोग प्रभावित क्षेत्रों में संक्रमण नियंत्रण, मरीजों की देखभाल और स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए किया जाएगा।

अफ्रीका के कई हिस्सों में इबोला संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सहयोग और संसाधनों की आवश्यकता महसूस की जा रही है। ऐसे समय में भारत की यह पहल वैश्विक एकजुटता और साझेदारी का महत्वपूर्ण उदाहरण मानी जा रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि इबोला जैसी संक्रामक बीमारी से निपटने के लिए त्वरित चिकित्सा सहायता, सुरक्षा उपकरण और अंतरराष्ट्रीय सहयोग अत्यंत आवश्यक हैं। भारत पहले भी विभिन्न देशों को स्वास्थ्य आपात स्थितियों के दौरान दवाइयां, वैक्सीन व चिकित्सा उपकरण उपलब्ध कराता रहा है। भारत सरकार ने संकेत दिए हैं कि आवश्यकता पड़ने पर आने वाले दिनों में अतिरिक्त सहायता सामग्री भी भेजी जा सकती है, ताकि प्रभावित देशों को राहत और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने में मदद मिल सके। (अनंत ज्ञान)

## राणाबाग से बालू-बलेहड़ मार्ग की टॉरिंग की गुणवत्ता पर उठे सवाल

# मिट्टी पर बिछा दी तारकोल ठेकेदार को लगाई फटकार

अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान मुद्दा

**जितेंद्र गुप्ता, आनी।** कुल्लू जिले के आनी में नाबार्ड के तहत बन रही राणाबाग से बालू-बलेहड़ सड़क मार्ग की टॉरिंग को लेकर क्षेत्र की जनता ने ठेकेदार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क के करीब 50 मीटर हिस्से में ठेकेदार ने मौके पर तैनात मल्टी टास्क वर्करों की आंखों में धूल झोंककर मिट्टी को पूरी तरह साफ किए बिना ही टॉरिंग शुरू कर दी, जिससे गुणवत्ता को लेकर संदेह पैदा हो गया। लोगों ने मौके पर विरोध जताते हुए विभाग से टॉरिंग कार्य रुकवाने की मांग की।

सूचना मिलने पर लोक निर्माण विभाग के अधिकारी सहायक अभियंता मनीष कुमार और जेई सुरजीत बुशहरी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मौजूदगी में जांच की। जांच में पाया कि टॉरिंग में इस्तेमाल किया जा रहा मैटेरियल गुणवत्ता मानकों के अनुरूप था, लेकिन सड़क के बीच के हिस्से में गटका के ऊपर डाली गई मिट्टी को पूरी तरह हटाए बिना तारकोल बिछाई। अधिकारियों ने ग्रामीणों के सामने उक्त हिस्से को उखाड़कर जांच की। सड़क के किनारों पर टॉरिंग सही पाई गई और तारकोल वहां से नहीं उखड़ा। उन्होंने स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया पर यह अफवाह फैलाई जा रही है कि टॉरिंग अपने आप उखड़ रही है, जबकि वास्तविकता यह है कि गुणवत्ता जांच के लिए ग्रामीणों की उपस्थिति में इसे उखाड़ा था। सहायक अभियंता मनीष कुमार ने बताया कि वे खुद मौके पर जाकर निरीक्षण कर आए हैं। अधिकारियों ने बताया कि सड़क की टॉरिंग की गुणवत्ता और मोटाई निर्धारित मापदंडों के अनुरूप पाई गई है। हालांकि ठेकेदार की लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए उसे दोबारा टॉरिंग करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही चेतावनी दी गई है कि भविष्य में ऐसी शिकायत मिलने पर ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट किया जा सकता है। गौरतलब है कि नाबार्ड के तहत करीब 11 करोड़ रुपए की लागत से 11 किलोमीटर लंबी इस सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है। लोक निर्माण विभाग ने ग्रामीणों से भी अपील की है कि गड़बड़ी की आशंका होने पर तुरंत विभाग को सूचित करें।


टारिंग को उखाड़कर गुणवत्ता की जांच करते हुए। अनंत ज्ञान

### ◆ विभाग ने मौके पर टॉरिंग को उखाड़कर की जांच

## पंचायत चुनाव से पहले लाहौल-स्पीति में भाजपा को लगा बड़ा झटका

# 71 पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने दिया सामूहिक इस्तीफा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** लाहौल-स्पीति में पंचायत चुनाव से ठीक पहले भारतीय जनता पार्टी को बड़ा राजनीतिक झटका लगा है। यहां भाजपा के 71 पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने अपने परिवारों सहित पार्टी के सभी पदों और प्राथमिक सदस्यता से सामूहिक इस्तीफा दे दिया है। कार्यकर्ताओं की ओर से भेजे गए संयुक्त त्यागपत्र में जिला भाजपा अध्यक्ष रिगजिन हायरपा की कार्यशैली, संगठनात्मक फैसलों और कार्यकर्ताओं की कथित अनदेखी को मुख्य कारण बताया गया है। इस्तीफा पत्र प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल को भेजा गया है।

इस्तीफा देने वाले कार्यकर्ताओं का कहना है कि पार्टी में लंबे समय से जमीनी स्तर पर काम करने वाले समर्पित कार्यकर्ताओं की उपेक्षा की जा रही थी। उनका आरोप है कि संगठन में कांग्रेस से आए लोगों को अधिक महत्व दिया जा रहा है, जिससे पुराने कार्यकर्ताओं में असंतोष बढ़ता गया। इस घटनाक्रम को पंचायत चुनाव से पहले भाजपा संगठन के लिए गंभीर चुनौती माना जा रहा है। स्थानीय राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि इतने बड़े पैमाने पर सामूहिक इस्तीफे से पार्टी की चुनावी तैयारियों और जमीनी नेटवर्क पर असर पड़ सकता है। वहीं कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह निर्णय मजबूरी में लिया गया कदम है, क्योंकि लगातार शिकायतों के बावजूद संगठनात्मक स्तर पर कोई सुधार नहीं हुआ।

### जिला अध्यक्ष पर दोहरे मापदंड अपनाने के आरोप, विस चुनाव में नुकसान की आशंका

**इस्तीफा** देने वाले कार्यकर्ताओं ने अपने पत्र में आरोप लगाया है कि वर्तमान जिला अध्यक्ष रिगजिन हायरपा वर्ष 2021 के पंचायत चुनाव में कोलोंग जिला परिषद वार्ड से भाजपा प्रत्याशी तेंजिन नोरबू के खिलाफ निर्दलीय चुनाव लड़ चुके हैं, जबकि उस समय वे पार्टी के जिला उपाध्यक्ष पद पर थे। इसके बावजूद उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि अब सिस्सू वार्ड से संजीव कुमार और कोलोंग वार्ड से टशी सोनम के निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरने पर उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया गया, जो दोहरे मापदंड को दर्शाता है। साथ ही यह भी आरोप लगाया गया कि वर्ष 2012 में वर्तमान जिला अध्यक्ष खुले तौर पर कांग्रेस के पक्ष में प्रचार कर रहे थे। उधर, 71 पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के सामूहिक इस्तीफे के बाद लाहौल-स्पीति भाजपा में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। लिहाजा, भाजपा के 71 पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के इस्तीफे की बात आगे सही है तो पंचायत चुनाव के साथ-साथ आगामी विधानसभा चुनावों में भी इसका असर देखने को मिल सकता है।

### 71 लोगों के इस्तीफे की बात झूठ व निराधार: हायरपा

**इन** सभी आरोपों का व 71 पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के इस्तीफे की बात का खंडन करते हुए लाहौल-स्पीति भाजपा जिला अध्यक्ष रिगजिन समफेल हायरपा ने कहा कि जो 71 लोगों के इस्तीफे की बात की गई है वो सरासर झूठ, निराधार व तथ्यहीन है। जारी एक प्रेस बयान में उन्होंने कहा कि यह एक ही व्यक्ति द्वारा लिखी गई टेबल्ड स्टोरी है, जनता ऐसे भ्रामक लोगों से सावधान रहें। उन्होंने कहा कि जो नाम बताए जा रहे हैं उन नामों के जिला में कई लोग हैं। इस्तीफे में सिर्फ उनका नाम और लाहुल लिखा है गांव का या जिला भाजपा में उक्त नामों के व्यक्तियों की मेंबरशिप या पद का कोई जिक्र नहीं किया गया है। उन्होंने लोगों अपील की है कि ऐसे लोगों की बातों में विश्वास न करें। इस दौरान उनके साथ में ज़िला उपाध्यक्ष तंजिन कारपा, जिला महामंत्री संजय कटोच जिला सचिव मोहनलाल उपस्थित रहे।

# कल से दिल्ली-केलांग-लेह बस सेवा होगी शुरू

## देश-दुनिया के पर्यटकों के लिए बड़ी खुशखबरी: मात्र 1,839 रुपए किराया देकर कर सकेंगे बस में सफर

अनंत ज्ञान

कमलेश वर्मा, केलांग। गर्मियों के मौसम में देश के सबसे रोमांचक और खूबसूरत सफर पर निकलने वाले पर्यटकों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है।

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण लाहौल-स्पीति की ओर से केलांग-लेह मार्ग को सभी प्रकार के वाहनों के लिए खोलने के बाद, अब हिमाचल पथ परिवहन निगम भी इस रूट पर अपनी प्रसिद्ध बस सेवा शुरू करने जा रहा है।

26 मई से दिल्ली-केलांग-लेह बस सेवा विधिवत रूप से बहाल हो जाएगी। क्षेत्रीय प्रबंधक (एचआरटीसी केलांग) अंशित शर्मा ने बताया कि मार्ग खुलने के बाद सभी जरूरी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं। गौरतलब है कि सर्दियों में भारी बर्फबारी के कारण इस रूट को वाहनों की आवाजाही के लिए बंद कर दिया गया था। इसके साथ ही, चंडीगढ़ के लिए भी शाम 5:30 बजे की बस सेवा को बहाल कर दिया गया है।



(फाइल फोटो)

### 990 किमी का सफर और प्रमुख पर्यटन स्थल

**यह** बस सेवा एनएच-03 पर स्थित देश के सबसे खूबसूरत और चुनौतीपूर्ण दर्रों व पर्यटन स्थलों से होकर गुजरेगी। जिस्पा, दारचा, जिंगजिंग बार, बारालाचा ला, भरतपुर, सरचू, गाटा लूप्स, नकी ला पास, तंगलंग ला, रुम्तसे और उपशी। लगभग 990 किलोमीटर की दूरी, यात्रियों को इस लंबे और रोमांचक सफर के लिए मात्र 1,839 रुपए का टिकट लेना होगा। यात्रियों की सुविधा के लिए एचआरटीसी (एचआरटीसी) के आधिकारिक पोर्टल पर ऑनलाइन टिकट बुकिंग की व्यवस्था शुरू कर दी गई है। यात्रियों की सुविधा के लिए रूट का समय इस प्रकार निर्धारित किया गया है। दिल्ली (प्रस्थान) दोपहर 12:10 बजे,अंबाला कैंट दोपहर 3|:50 बजे,चंडीगढ़ शाम 06:20 बजे, मंडी रात 10:55 बजे, कुल्लू रात 01:30 बजे, मनाली रात 02:30 बजे केलांग (आगमन) सुबह 05:30 बजे (अगले दिन),लेह (अंतिम पड़ाव) शाम 07:00 बजे (अगले दिन) रहेगा। वहीं, लेह से यह बस सुबह 03:30 बजे रवाना होगी और शाम 04:30 बजे केलांग पहुंचेगी।

### मौसम की जानकारी लेकर ही निकलें

**एचआरटीसी** प्रबंधन ने जनता और पर्यटकों से अपील की है कि ऊंचे पहाड़ी क्षेत्रों में मौसम पल-पल बदलता है, इसलिए यात्रा पर निकलने से पहले मौसम और मार्ग की ताजा स्थिति की जानकारी अवश्य प्राप्त कर लें। सुरक्षित और सुगम यात्रा के लिए निगम द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें।

# कुल्लू जिले में पंचायतीराज चुनाव में 3,17,476 मतदाता करेंगे मतदान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** जिले में पंचायतीराज संस्थाओं के आगामी निर्वाचन को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और सुचारु रूप से संपन्न करवाने के लिए जिला प्रशासन ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अनुराग चंद्र शर्मा ने जानकारी दी कि इस निर्वाचन प्रक्रिया को कुल तीन चरणों में विभाजित किया गया है। जिले के कुल 3,17,476 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए 7,228 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

निर्वाचन के पहले चरण के तहत कुल्लू जिले की 85 ग्राम पंचायतों में मतदान प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी। कुल 511 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। पहले चरण में 2,601 सरकारी कर्मचारी तैनात रहेंगे। इस चरण के दौरान कुल 1,14,072 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। प्रथम चरण के तहत आने वाले सभी विकास खंडों की निम्न ग्राम पंचायतों में मतदान 26 मई को होगा। विकास खंड निरमंड, की अरसू, सरघा, खरगा, जुआगी, चायल, देहरा, बडीधार, गमोग, तुनन, कुंडाकोड और राहणू। विकास खंड आनी की करशैईगाड, टकरासी, मुहान, कराड, मुण्डदल, कराणा, खनाग, कोहिला, लफाली, दलाश, चवाई, कुठेड़ और तांदी। विकास खंड बंजार की गाडापारली, शांघड़, सुचैहण, कोटला, गोपालपुर, तुंग, पलाहच, श्रीकोट, मशियार, सजवाड, खाबल, तांदी, सराज और कोठीचैहणी। विकास खंड भुंतर की बरशैणी, मलाणा, छलाल, ब्राधा, जलूग्रां, छैउर, दनोगी, रैला 2, देवगढगोही, ज्येष्ठा, भलाण 1, सचाणी, नरैश, भुईन, न्यूल, कलैहली, शमशी और बशौणा। विकास खंड कुल्लू की बंदरोल, बनोगी, फलाण, तियून, चताणी, चन्सारी, बंदल, भल्याणी, बुआई, शिल्लीराजगिरी, बाराहार, चौपारसा, डुंखरीगाहर और मौहल। विकास खंड नगर की पलचान, बुरूआ, चचोगा, प्रीणी, पनगां, मंडलगढ़, देवगढ़, हलाण 1, रायसन, सोयल 2, कटराई, बैंची, पिछलीहार, रियाड़ा और शिरड़ पंचायतों में मतदान होगा। उपायुक्त ने सभी मतदाताओं तथा प्रत्याशियों से शांतिपूर्ण मतदान के लिए सहयोग की अपील की है।

# पंचायतीराज चुनाव: लाहौल-स्पीति व कुल्लू में पोलिंग पार्टियां रवाना

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** लाहौल-स्पीति के लाहौल उपमंडल में पंचायतीराज चुनावों के प्रथम चरण के मतदान को शांतिपूर्ण और सुचारु ढंग से संपन्न करवाने के लिए रविवार को जिला मुख्यालय केलांग से पोलिंग पार्टियों को विभिन्न मतदान कंद्रों के लिए रवाना किया गया। प्रशासन ने सभी आवश्यक व्यवस्थाओं के साथ मतदान दलों को बसों के माध्यम से उनके निर्धारित क्षेत्रों तक भेजा।

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) किरण भड़ाना ने बताया कि कुल 60 पोलिंग पार्टियां रवाना की गई हैं, जिनमें 50 पुरुष और 10 महिला पोलिंग पार्टियां शामिल हैं। प्रथम चरण का मतदान 26 मई को तिंदी, तिंगरेट, त्रिलोकीनाथ, मुरिंग, नालडा, गोहरमा, रानिका, कारदंग, मूलिंग, दारचा, कोकसर और केलांग पंचायतों में होगा। द्वितीय चरण 28 मई तथा अंतिम चरण 30 मई को विभिन्न पंचायतों में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि महिला पोलिंग पार्टियों में से पांच त्रिलोकनाथ और पांच केलांग क्षेत्र में मतदान प्रक्रिया संभालेंगी। प्रत्येक पोलिंग पार्टी के साथ दो पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है ताकि मतदान केंद्रों पर कानून व्यवस्था बनी रहे। प्रशासन ने मतदान दलों को 11 बसों के माध्यम से रवाना किया है। प्रथम चरण में विकासखंड लाहौल की 12 पंचायतों के 60 मतदान केंद्रों पर मतदान कराया जाएगा, जिसके लिए 367 मतदान कर्मियों की नियुक्ति की गई है। चुनाव प्रक्रिया की निगरानी और सहायता के लिए सात सेक्टर अधिकारियों को भी तैनात किया गया है। जिला प्रशासन ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।


पोलिंग पार्टियां मतदान केंद्रों के लिए रवाना होते हुए। अनंत ज्ञान

### उपमंडल कुल्लू से 84 पोलिंग पार्टियों को चुनाव सामग्री के साथ किया रवाना

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। कुल्लू जिले में पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचन को लेकर प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। तीन चरणों में आयोजित होने वाले पंचायत चुनावों के सफल एवं शांतिपूर्ण संचालन के लिए उपमण्डल कुल्लू से कुल 84 पोलिंग पार्टियों को बैलेट बॉक्स, वोटिंग कंपार्टमैंट, वोटिंग लिस्ट तथा अन्य आवश्यक चुनाव सामग्री प्रदान कर अपने-अपने मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया गया। प्रत्येक पार्टी में कुल 6 सदस्य हैं, जिसमें 4 मतदान कर्मी व 2 सुरक्षा कर्मी शामिल हैं। यह पोलिंग पार्टियां 26, 28 एवं 30 मई को विभिन्न मतदान केंद्रों पर मतदान प्रक्रिया संपन्न करवाएंगी। निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम कुल्लू निशांत कुमार ने बताया कि चुनाव में कुल 420 कर्मी लगाए गए हैं तथा सभी पोलिंग पार्टियों के कर्मियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों तथा मतदान प्रक्रिया से संबंधित आवश्यक प्रशिक्षण एवं निर्देश प्रदान किए गए हैं, ताकि चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा मतदान केंद्रों पर सुरक्षा, पेयजल, विद्युत तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं के समुचित प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं, ताकि मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं प्रतिबद्ध है। सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गई हैं।

## पंचायत चुनावों को लेकर सभी तैयारियां पूरी: बीडीओ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा।** पंचायत चुनावों को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न करवाने के लिए अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय परिसर काज़ा में रविवार को पोलिंग अधिकारियों की अंतिम रिहर्सल हुई। इस दौरान विभिन्न पंचायतों में चुनाव ड्यूटी पर नियुक्त पोलिंग पार्टियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया और चुनाव संबंधी प्रक्रियाओं की जानकारी हासिल की। अंतिम रिहर्सल की अध्यक्षता करते हुए ज़िला निर्वाचन अधिकारी (पं0) एवं अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी स्पीति शिखा ने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों का पूरी गंभीरता, पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ पालन सुनिश्चित किया जाए ताकि चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न हो सके। इसके अतिरिक्त चुनाव के दौरान उत्पन्न होने वाली संभावित परिस्थितियों से निपटने और मतदान केंद्रों पर अनुशासन बनाए रखने को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निर्वाचन अधिकारी एवं बीडीओ काजा अंशुल शांडिल ने बताया कि पंचायत चुनावों को लेकर प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने कहा कि तीसरी एवं अंतिम रिहर्सल के उपरांत विकास खण्ड काज़ा खंड के अंतर्गत 26 मई, 2026 को प्रथम चरण में होने वाले मतदान के लिए पोलिंग पार्टियों को चुनाव सामग्री सहित पथ परिवहन निगम की बसों के माध्यम से संबंधित मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया गया।

## परी एंजल मॉडल स्कूल के छात्र मनस का जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन


छात्र के चयन पर मिठाई खिलाकर बधाई देते शिक्षक। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** परी एंजल मॉडल स्कूल के छात्र मनस कपूर पुत्र रोशन लाल का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय में हुआ है।

मनस कपूर की इस उपलब्धि से विद्यालय, अभिभावकों एवं क्षेत्र में खुशी का माहौल है। विद्यालय के प्रधानाचार्या प्रोमिला ठाकुर एवं समस्त स्टाफ ने मनस कपूर को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता छात्र की मेहनत, अनुशासन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है।विद्यालय प्रबंधन ने भी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय भविष्य में भी विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं उचित मार्गदर्शन प्रदान करता रहेगा।

**कार्यक्रम** कैम्ब्रिज इंटरनेशनल स्कूल में 'इन्वेस्टिचर सेरेमनी' का आयोजन, छात्रों को सौंपी कमान

# अरिहंत हेड ब्वॉय और साइमा शर्मा बनी हेड गर्ल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू:** कैम्ब्रिज इंटरनेशनल स्कूल मौहल कुल्लू के आउटडोर एम्फीथिएटर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए नए छात्र परिषद (स्टूडेंट काउंसिल) के शपथ ग्रहण के लिए 'इन्वेस्टिचर सेरेमनी' (समारोह) का आयोजन किया गया। इसमें नवनियुक्त छात्र नेताओं को उनके कर्तव्यों और जिम्मेदारियों के लिए आधिकारिक रूप से पदभार सौंपा गया। इस समारोह में द्वितीय आईटीबीपी बटालियन के कमांडेंट सौरभ दुबे ने बतौर मुख्यातिथि सम्मिलित हुए।

विद्यालय प्रबंधन द्वारा मुख्यातिथि को सम्मानित किया गया। मुख्यातिथि द्वारा नवनियुक्त काउंसिल के सदस्यों को सैश पहनाया गया तथा छात्रों के अभिभावकों द्वारा उन्हें बैज पहनाकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने नवनियुक्त छात्र नेताओं को बधाई दी और उन्हें पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ नेतृत्व करने की प्रेरणा दी। समारोह में विशेष रूप से श्रद्धा शर्मा, प्रबंध निदेशक शांतनु शर्मा, अमरीका से आई (शिक्षिकाओं की टीम), छात्र परिषद के अभिभावकगण, स्कूल के शिक्षकगण व विद्यार्थी उपस्थित रहे।परेड की सलामी लेने के बाद सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि मार्च पास्ट के दौरान छात्रों द्वारा दिखाया गया त्रुटिहीन तालमेल और ऊर्जा उनके समर्पण, कड़ी मेहनत और अनुशासन की गहरी भावना को दर्शाती है। स्कूल की प्रधानाचार्या रैना वर्मा द्वारा सभी छात्र परिषद के सदस्यों को गोपनीयता और कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। चुने गए हेड ब्वॉय अरिहंत गोरसी और हेड गर्ल साइमा शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से 'धन्यवाद प्रस्ताव' प्रस्तुत किया गया। स्कूल के प्रबंधक राजीव शर्मा ने इस समारोह में मुख्यातिथि के पधारने पर उनका धन्यवाद किया साथ ही नवनियुक्त छात्र परिषद को बधाई दी साथ ही उन्होंने इस इस समारोह के सफल आयोजन के लिए छात्रों एवं शिक्षकगणों की सराहना की।

समारोह में विशेष रूप से श्रद्धा शर्मा, प्रबंध निदेशक शांतनु शर्मा, अमरीका से आई आईएलपी (शिक्षिकाओं की टीम), छात्र परिषद के अभिभावकगण, स्कूल के शिक्षकगण व विद्यार्थी उपस्थित रहे।


विद्यार्थियों को संबोधित करते मुख्यातिथि द्वितीय आईटीबीपी बटालियन के कमांडेंट सौरभ दुबे। अनंत ज्ञान

### स्पोर्ट्स कैप्टन ब्वॉय सृजन को चुर्ना

**हेड** ब्वॉय अरिहंत गोरसी, हेड गर्ल साइमा शर्मा, स्पोर्ट्स कैप्टन ब्वॉय सृजन कीर्ति कात्यायन, स्पोर्ट्स कैप्टन गर्ल वागीशा शर्मा, जबकि विभिन्न हाउस के नवनियुक्त पदाधिकारी जिसमें सिडार हाउस कप्तान वैदेही, उपकप्तान साम्या वर्मा प्रीफेक्ट्स, जानवी सिंह, तेनजिन येमोन बोध, मेपल हाउस कप्तान-सक्षम शर्मा, उपकप्तान उत्कर्ष वर्मा प्रीफेक्ट्स, कामाख्या कौंडल व सुवर्णा ठाकुर ,ओक हाउस कप्तान मन्नत कालरा, उप कप्तान धरा गौर प्रीफेक्ट्स ओउर्वी शर्मा, वेदिका ठाकुर पाइन हाउस कप्तान-श्रीदा शर्मा उपकप्तान सारांश गौतम, प्रीफेक्ट्स अंजनी नाग, स्वरा धीमान शामिल हैं।

# कुल्लू में पहली बार लगेगी प्रसिद्ध चित्रकार डॉ. नीता श्रीवास्तव की एकल प्रदर्शनी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** जबलपुर की प्रसिद्ध चित्रकार डॉ. नीता श्रीवास्तव 26 से 28 मई तक कुल्लू में अपनी एकल चित्रकला प्रदर्शनी आयोजित करने जा रही हैं। यह पहला अवसर होगा जब डॉ. नीता श्रीवास्तव कुल्लू में अपनी कला का प्रदर्शन करेंगी। कला प्रेमियों के लिए यह प्रदर्शनी विशेष आकर्षण का केंद्र रहने वाली है। डॉ. नीता श्रीवास्तव पिछले लगभग 25 वर्षों से देश और विदेश की विभिन्न प्रतिष्ठित कला दीर्घाओं में अपनी चित्रकला का प्रदर्शन कर चुकी हैं। उनकी कला में भारतीय लोकजीवन, आदिवासी संस्कृति और आध्यात्मिक विषयों की गहरी छाप देखने को मिलती है।

भील आदिवासी जनजीवन पर पीएचडी करने के बाद उनकी कला शैली में लोक संस्कृति और आदिवासी जीवन का प्रभाव विशेष रूप से दिखाई देता है। उनकी कलाकृतियों में आदिवासी समाज की परंपराएं, सामाजिक गतिविधियां और जीवन के विविध रंग बेहद प्रभावशाली ढंग से उभरकर सामने आते हैं। इसके साथ ही उन्होंने अपनी कला के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं को भी मौलिक शैली में अभिव्यक्त किया है। उनकी चित्रकृतियों में आध्यात्मिकता और भारतीय संस्कृति का सुंदर सामंजस्य देखने को मिलता है। डॉ. नीता श्रीवास्तव केवल चित्रकला ही नहीं, बल्कि शास्त्रीय संगीत से भी गहरा जुड़ाव रखती हैं। उन्होंने शास्त्रीय संगीत में स्नातकोत्तर शिक्षा प्राप्त करने के बाद विश्व विख्यात ध्रुपद गुरु उस्ताद जिया फरीरुद्दीन डागर से ध्रुपद संगीत की विधिवत शिक्षा ग्रहण की है। यही कारण है कि उनकी कला में संगीत के विभिन्न रागों की लयात्मकता और भावनात्मक गहराई स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। आगामी प्रदर्शनी में डॉ. नीता श्रीवास्तव लोक जीवन, सामाजिक सरोकारों और श्रीकृष्ण की लीलाओं सहित अनेक विषयों पर आधारित अपनी विशेष कलाकृतियां प्रदर्शित करेंगी। कला प्रेमियों को इस प्रदर्शनी में भारतीय लोक संस्कृति, आध्यात्मिकता और संगीतात्मक सौंदर्य का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा।


चित्रकार डॉ. नीता श्रीवास्तव व उनके द्वारा बनाई पेंटिंग। अनंत ज्ञान

# बाइक-कार टक्कर में 21 वर्षीय युवक की मौत

## कंडाघाट में दर्दनाक सड़क हादसा, प्रशासन ने परिवार को दी 25 हजार की फौरी राहत

अनंत ज्ञान

**कंडाघाट।** राष्ट्रीय उच्च मार्ग-5 चंडीगढ़-शिमला सड़क मार्ग पर नगर पंचायत कंडाघाट के समीप रविवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसा जल शक्ति विभाग कार्यालय से करीब 100 मीटर की दूरी पर सुबह लगभग 10 बजे हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रत्यक्षदर्शी टैक्सी चालक ने पुलिस को बताया कि बाइक सवार युवक तेज रफ्तार में बाइक चला रहा था। इसी दौरान वह बाइक से नियंत्रण खो बैठा और डिवाइडर से टकराकर सड़क पर गिर गया। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को एंबुलेंस सेवा के माध्यम से सिविल अस्पताल कंडाघाट पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। डीएसपी हेडक्वार्टर सोलन अशोक चौहान ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि मृतक की पहचान रमेश पुत्र पूर्ण, निवासी गांव दरागटू, डाकघर तुंदल, तहसील कंडाघाट, जिला सोलन, उम्र 21 वर्ष के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल सोलन भेज दिया है। वहीं पुलिस थाना कंडाघाट में मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी गई है। प्रशासन की ओर से मृतक युवक के परिजनों को फौरी राहत के तौर पर 25 हजार रुपये की सहायता राशि भी प्रदान की गई है।

## नेरवा की खड्ड में डूबने से युवक की मौत

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिले के नेरवा क्षेत्र से एक बेहद दुखद हादसे की खबर सामने आई है। जानकारी के अनुसार पांवटा साहिब का एक युवक अपने हरियाणा निवासी दोस्तों के साथ घूमने के लिए नेरवा क्षेत्र पहुंचा था। बताया जा रहा है कि बानी पुल के आगे खड्ड के पास नहाने अथवा पानी के समीप जाने के दौरान युवक अचानक गहरे पानी में डूबने लगा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक को डूबता देख स्थानीय निवासी राजेंद्र कुमार मस्टा ने बिना अपनी जान की परवाह किए उसे बचाने का प्रयास किया। उन्होंने साहस और मानवता का परिचय देते हुए युवक को बाहर निकालने की भरसक कोशिश की, लेकिन दुर्भाग्यवश युवक की जान नहीं बचाई जा सकी। इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहाड़ी क्षेत्रों की नदियां, खड्डें और झीलें बाहर से शांत दिखाई देती हैं, लेकिन इनमें तेज बहाव, अधिक गहराई और फिसलन बेहद खतरनाक साबित हो सकती है। लोगों ने प्रशासन से ऐसे संवेदनशील स्थलों पर चेतावनी बोर्ड और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं को रोका जा सके।

## ढिमकी मंदिर मोड़ पर सड़क हादसे में दो युवक घायल

**अनंत ज्ञान, नाहन।** चंडीगढ़-देहरादून नेशनल हाईवे पर ढिमकी मंदिर मोड़ के पास तेज रफ्तार स्कूटर ट्रक कंटेनर से टकरा गया, जिससे शिमला के दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शी मनीश कुमार के अनुसार स्कूटर तेज गति और लापरवाही से चलाया जा रहा था। मोड़ पर चालक नियंत्रण खो बैठा और सामने से आ रहे कंटेनर से जा भिड़ा। हादसे में स्कूटर चालक साहिल और उसका साथी कार्तिक सड़क पर दूर जा गिरे। स्थानीय लोगों ने दोनों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामला दर्ज कर दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है।

## पिकअप ने बाइक को टक्कर मारी दो युवक घायल

**अनंत ज्ञान, नाहन।** थाना सदर नाहन क्षेत्र के अंतर्गत खजुरना स्थित लोहे के पुल के पास बीती रात एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने मोटरसाइकिल नंबर को टक्कर मार दी। प्रत्यक्ष जानकारी के अनुसार हादसा उस समय हुआ जब बाइक सवार सड़क से गुजर रहे थे। टक्कर के बाद मोटरसाइकिल सड़क पर गिर गई और दोनों युवक घायल हो गए। पुलिस के अनुसार हादसे में बाइक चालक अरविंद पाल सिंह पुत्र स्वर्गीय परमजीत सिंह निवासी गांव बनकला तहसील नाहन तथा संदीप ठाकुर पुत्र रविंद्र सिंह निवासी बनेठी घायल हुए हैं। दोनों युवकों को टांग और बाजू में चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों की सहायता से घायलों को उपचार के लिए पहुंचाया गया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी एकत्र की।

### एचआरटीसी कर्मियों की चेतावनी

# समय पर वेतन नहीं मिला तो प्रदेशभर में हड़ताल

अनंत ज्ञान

**नाहन।** हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) के कर्मचारियों और मैकेनिकल स्टाफ ने समय पर वेतन और लंबित वित्तीय लाभों की मांग को लेकर सरकार और निगम प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। नाहन बस स्टैंड और निगम वर्कशॉप परिसर में कर्मचारियों ने सांकेतिक धरना-प्रदर्शन कर अपनी नाराजगी जताई। कर्मचारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि एक जून की शाम तक वेतन जारी नहीं किया गया तो दो जून रात 12 बजे से जिला सिरमौर सहित पूरे प्रदेश में निगम की बसों के पहिए जाम कर दिए जाएंगे। उनका कहना है कि यात्रियों को होने वाली असुविधा की जिम्मेदारी सरकार और निगम प्रबंधन की होगी। चालक, परिचालक एवं सर्व कर्मचारी संघ के अध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा ने कहा कि निगम कर्मचारियों को हर बार अपने हक के लिए संघर्ष करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि अन्य विभागों में वेतन समय पर मिल जाता है, जबकि निगम कर्मचारियों के लिए कोई निश्चित तिथि तय नहीं है। साथ ही ओवरटाइम और नाइट भत्ते जैसे कई लाभ लंबे समय से लंबित हैं। कर्मचारियों का कहना है कि वे परिवार की जिम्मेदारियों और ऋण की किस्तों के दबाव में हैं, ऐसे में वेतन में देरी गंभीर समस्या बन गई है। प्रदर्शनकारियों ने मांग की है कि वेतन की निश्चित तिथि तय की जाए और सभी लंबित भुगतान जल्द जारी किए जाएं।

◆ लंबित वित्तीय लाभ जारी करने की मांग तेज

## न्यूज ब्रीफ

### निर्वाचन के लिए अलग-अलग रंग के मतपत्र निर्धारित : जोगिंद्र प्रकाश राणा

**अनंत ज्ञान, सोलन।** ज़िला पंचायत अधिकारी सोलन जोगिंद्र प्रकाश राणा ने कहा कि ज़िला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) सोलन के निर्देशानुसार ज़िला में पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचन के लिए सभी स्तरों पर तैयारियां पूर्ण की जा रही है। जोगिंद्र प्रकाश राणा ने कहा कि प्रदेश के साथ-साथ सोलन ज़िला में भी 26, 28 व 30 मई, 2026 को ग्राम पंचायत वार्ड सदस्य, उप प्रधान, प्रधान, सदस्य पंचायत समिति तथा ज़िला परिषद सदस्य का निर्वाचन होगा। मतदान प्रातः 07.00 बजे से सायं 03.00 बजे तक आयोजित होगा। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के लिए अलग-अलग रंग के मतपत्र निर्धारित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि वार्ड सदस्य के लिए सफेद रंग का मतपत्र, उप प्रधान के लिए पीला रंग का मतपत्र, प्रधान के लिए हल्का हरा रंग का मतपत्र, पंचायत समिति सदस्य के लिए गुलाबी रंग का मतपत्र तथा ज़िला परिषद सदस्य के लिए नीला रंग का मतपत्र निर्धारित किया गया है।

### सोलन में आज विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**अनंत ज्ञान सोलन।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड सोलन से प्राप्त जानकारी के अनुसार आवश्यक रखरखाव के दृष्टिगत सोलन के कुछ क्षेत्रों में 25 मई को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी सहायक अधिशाषी अभियंता सोलन विपुल कश्यप ने दी। विपुल कश्यप ने कहा कि 25 मई, 2026 को प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 02.00 बजे तक पवन विहार के कुछ क्षेत्रों में, डिग्री कॉलेज के ऑपोजिट, राजगढ़ रोड़ क्षेत्र, एसबीआई बैंक तथा आस-पास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने कहा कि इसी दिन प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 02.00 बजे तक खुंडीधार, साईंटिस्ट कॉलोनी के कुछ क्षेत्रों में, विवेकानंद विहार रोड तथा आस-पास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने कहा कि उपरोक्त समय तथा तिथि में खराब मौसम व किन्हीं अपरिहार्य कारणों से परिवर्तन किया जा सकता है।

### धरोगड़ा पंचायत में उपप्रधान पद का चुनाव रोचक

**अनंत ज्ञान, सोलन।** शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की धरोगड़ा पंचायत में इस बार उप प्रधान पद का चुनाव काफी दिलचस्प होता जा रहा है। पंचायत के पूर्व उप प्रधान रह चुके लालचंद मेहता ने एक बार फिर चुनावी मैदान में उतरकर मतदाताओं के बीच अपनी मजबूत पकड़ बना ली है। विकास कार्यों और निष्पक्ष कार्यशैली के दम पर वे ग्रामीणों का भरोसा जीतने में सफल दिखाई दे रहे हैं। पूर्व में निर्विरोध उप प्रधान चुने गए लालचंद मेहता ने अपने कार्यकाल के दौरान कई ऐसे विकास कार्य करवाए, जिनकी लंबे समय से मांग चली आ रही थी। मालगी-धरोगड़ा सड़क को पूरा करवाने से लेकर घर-घर पेयजल सुविधा उपलब्ध करवाने तक उन्होंने अहम भूमिका निभाई। इसके अलावा पंचायत के विभिन्न गांवों तक पक्के रास्तों के निर्माण की पहल भी उनके कार्यकाल में शुरू हुई, जिससे ग्रामीणों को काफी राहत मिली। ग्रामीणों का कहना है कि लालचंद मेहता ने बिना किसी भेदभाव के पंचायत के हर वर्ग और हर गांव के लिए काम किया। यही वजह है कि इस बार भी उन्हें पंचायत के प्रबुद्ध मतदाताओं का भरपूर समर्थन और आशीर्वाद मिल रहा है।

### राजगढ़ विद्यालय में मनाया जैव विविधता दिवस

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** पीएम श्री गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल राजगढ़ के यूथ एंड इको क्लब, द्वारा विश्व जैव विविधता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य प्रेमचंद तथा इको क्लब प्रभारी प्रवीण शर्मा प्रवक्ता गणित द्वारा बच्चों को प्रार्थना सभा में इस दिवस को मनाने के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई ,और बच्चों को बताया गया कि पृथ्वी पर पाए जाने वाले सभी जीव जंतु, पेड़ पौधे, पक्षी ,सूक्ष्म जीव और प्राकृतिक संसाधनों की विविधता को जैव विविधता कहा जाता है और यह पृथ्वी पर जीवन का आधार है। हम जो भी खाते हैं ,जो पीते हैं और शुद्ध हवा हमें प्रकृति देती है। इसलिए हमें पर्यावरण में संतुलन बनाए रखना चाहिए लेकिन दुख की बात है कि आज मानव की स्वार्थ पूर्ण गतिविधियां जैव विविधता को खत्म कर रही हैं। जंगलों की कटाई, प्रदूषण, प्लास्टिक का अत्यधिक उपयोग, जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन प्रकृति को नुकसान पहुंचा रहा है, जिसके कारण अनेक जीव जंतु और पक्षियों की प्रजातियां विलुप्त हो रही हैं। अगर यही स्थिति रही तो आने वाली पीढियों को स्वच्छ पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधन नहीं मिल पाएंगे इसलिए आज समय की सबसे बड़ी मांग है, कि हम प्रकृति संरक्षण को अपनी जिम्मेदारी समझे। इस अवसर पर स्कूल में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें समृद्धि 12वीं कक्षा ने प्रथम स्थान, निवेदिता 12वीं ने द्वितीय स्थान तथा महक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### सत्संग ब्यास समागम के आयोजन संबंधी बैठक


**अनंत ज्ञान, सोलन।** राधा स्वामी सत्संग ब्यास (आरएसएसबी) के 13 व 14 जून, 2026 को सोलन में आयोजित होने वाले सत्संग ब्यास समागम आयोजन के संबंध में रविवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने की। मनमोहन शर्मा ने कहा कि यह आयोजन समूचे क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ यह सुनिश्चित बनाएं कि इस अवधि में सत्संग का लाभ उठाने सोलन पहुंचे श्रद्धालुओं के साथ-साथ स्थानीय निवासियों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। उपायुक्त ने इस अवधि में चिकित्सा सुविधा के दृष्टिगत दो पैरा-मेडिकल कर्मियों के साथ एक एंबुलेंस की तैनाती करने के लिए स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए। उन्होंने आवश्यक दवाओं और उपकरणों के साथ क्षेत्रीय अस्पताल में 3-4 बिस्तर की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने पुलिस विभाग को कानून और व्यवस्था की स्थिति यथावत बनाए रखने के लिए आवश्यकतानुसार सेक्टर मजिस्ट्रेट की नियुक्ति करने के निर्देश दिए। मनमोहन शर्मा ने विद्युत बोर्ड को सत्संग के दौरान नियमित बिजली तथा जल शक्ति विभाग को पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए संबधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत 13 से 14 जून, 2026 तक बड़ोग से होकर वाहनों की आवाजाही सुनिश्चित करने तथा सोलन बाईपास, राजगढ़ मार्ग, राधा स्वामी सत्संग परिसर सहित अन्य उपलब्ध स्थानों पर भारी वाहनों तथा बसों की पार्किंग व्यवस्था बनाने तथा आवश्यकता के अनुसार पुलिस मैदान में उचित प्रबंधन करने के विषय में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सत्संग समागम के दौरान यातायात व्यवस्था, पेयजल एवं विद्युत व्यवस्था, स्वास्थ्य आवश्यकताओं सहित सीवरेज तथा अग्निशमन सेवा व आपदा प्रबंधन व्यवस्था के अतिरिक्त अन्य विषयों पर सारगर्भित चर्चा की गई।

# पर्यटकों की लापरवाही से अश्वनी खड्ड प्रदूषित, जल आपूर्ति पर खतरा

## इस नदी के पानी पर निर्भर है सोलन शहर की आबादी

अनंत ज्ञान





**आर मोहन चौहान, सोलन।** सोलन जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल साधुपुल में पर्यटकों की बढ़ती भीड़ अब पर्यावरण के लिए चिंता का विषय बनती जा रही है। अश्वनी खड्ड के किनारे बड़ी संख्या में पहुंच रहे पर्यटक नदी में कूड़ा-कचरा फेंक रहे हैं, जिससे खड्ड का पानी लगातार प्रदूषित हो रहा है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि कई पर्यटक खाने-पीने का सामान, प्लास्टिक बोतलें और अन्य कचरा सीधे नदी में छोड़ रहे हैं।

गौरतलब है कि इसी अश्वनी खड्ड के पानी से सोलन शहर के हजारों लोगों की पेयजल आपूर्ति होती है। ऐसे में नदी का प्रदूषण लोगों के स्वास्थ्य पर भी गंभीर असर डाल सकता है। स्थानीय निवासियों और सामाजिक संगठनों ने प्रशासन से मांग की है कि साधुपुल क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को मजबूत किया जाए और पर्यटकों द्वारा गंदगी फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले समय में जल संकट और दूषित पानी की समस्या और बढ़ सकती है। उन्होंने पर्यटकों से भी अपील की है कि प्राकृतिक स्थलों की स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें और कचरा निर्धारित स्थानों पर ही डालें। प्रशासन की ओर से भी समय-समय पर लोगों को जागरूक करने के प्रयास किए जाते रहे हैं, लेकिन अब जरूरत सख्त निगरानी और जुर्माने जैसी कार्रवाई की महसूस की जा रही है ताकि अश्वनी खड्ड को प्रदूषण से बचाया जा सके।

## सोलन में घरेलू गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी व्यवस्था चरमराई

अनंत ज्ञान

**सोलन।** शहर में घरेलू गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी व्यवस्था को लेकर लोगों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि लगातार दो-दो बार बुकिंग रद्द की जा रही है और एजेंसी पहुंचने पर उन्हें कहा जा रहा है कि सिलेंडर खुद गोदाम (गोडाउन) से ले जाएं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले करीब दो सप्ताह से यही स्थिति बनी हुई है। एजेंसी की ओर से हर बार 'एक सप्ताह के भीतर घर पर सिलेंडर पहुंचाने' का आश्वासन दिया जाता है, लेकिन समय पर डिलीवरी नहीं हो रही। इससे खासकर बुजुर्ग लोगों और महिलाओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जो खुद गोदाम तक जाकर सिलेंडर लाने में असमर्थ हैं।

उपभोक्ताओं ने सवाल उठाया है कि जब गोदाम में सिलेंडर उपलब्ध हैं और वहीं लोगों को दिए जा रहे हैं, तो फिर घर-घर डिलीवरी क्यों नहीं की जा रही। लोगों का कहना है कि घरेलू गैस की होम डिलीवरी को प्राथमिकता मिलनी चाहिए, लेकिन व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई नजर आ रही है।

### छोगटाली विद्यालय के तीन विद्यार्थियों का डिजिटल योजना में चयन, मिलेगा 16-16 हजार का लाभ

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजगढ़ ब्लॉक के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छोगटाली के तीन विद्यार्थियों का चयन हिमाचल प्रदेश सरकार की श्रीनिवास रामानुजन स्टूडेंट्स डिजिटल योजना के तहत हुआ है। प्रधानाचार्या विजय कुमारी ने बताया कि चयनित प्रत्येक विद्यार्थी को डिजिटल लर्निंग डिवाइस खरीदने के लिए 16 हजार रुपए की सहायता मिलेगी। दीक्षा, कनिका ठाकुर और गुंजन ठाकुर ने क्रमशः 96 व 93 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय का नाम रोशन किया है।

# सोलन जिप चुनाव :17 वार्डों में 3.52 लाख मतदाता, प्रशासन ने शुरू की तैयारियां

## सोलन में पंचायत चुनाव का खाका तैयार, कुनिहार से नालागढ़ तक वार्डवार मतदाता संख्या हुई जारी

अनंत ज्ञान

**सोलन।** सोलन जिला में जिला परिषद चुनावों की तैयारियां तेज हो गई हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त मनमोहन शर्मा ने बताया कि जिले के सभी 17 जिला परिषद वार्डों में 26, 28 और 30 मई 2026 को मतदान प्रस्तावित है। उन्होंने जानकारी दी कि कुल 3,52,901 मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें 1,79,987 पुरुष और 1,72,914 महिला मतदाता शामिल हैं। कुनिहार विकास खंड के अंतर्गत वार्ड नंबर-1 दाड़ला में 24,260 मतदाता हैं, जबकि सूरजपुर में 24,400 और डुमैहर में 26,213 मतदाता दर्ज हैं। कंडाघाट खंड के वाकना वार्ड में 15,996 और दंघील वार्ड में 14,055 मतदाता हैं। सोलन खंड के डांगरी वार्ड में 22,154 और चेवा वार्ड में 25,589 मतदाता शामिल हैं। धर्मपुर खंड में धर्मपुर वार्ड में 18,528 और टकसाल में 18,341 मतदाता हैं। पट्टा खंड के बढ़लग में 19,922 तथा मंधाला में 21,357 मतदाता हैं। नालागढ़ खंड के तहत खेड़ा, रडियाली, दभोटा, लग, बवासनी और बगलेहड़ वार्डों में क्रमशः 19,888, 23,158, 22,273, 17,407, 18,076 और 21,284 मतदाता दर्ज किए गए हैं। प्रशासन के अनुसार सभी वार्डों में ग्राम पंचायतों का निर्धारण कर लिया गया है और मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। अधिकारियों ने बताया कि मतदाता सूची के अंतिम सत्यापन के साथ-साथ मतदान केंद्रों की व्यवस्थाओं को भी अंतिम रूप दिया जा रहा है।

### पंचायत मतदान तिथि व मतगणना के दिन संबंधित क्षेत्रों में ड्राई-डे

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला सिरमौर में पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव 2026 के मद्देनजर जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त प्रियंका वर्मा ने मतदान तिथियों और मतगणना प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए 26, 28 और 30 मई को मतदान प्रक्रिया से 48 घंटे पूर्व से तथा 31 मई को होने वाली पंचायत समितियों तथा जिला परिषद की मतगणना के दिन संबंधित क्षेत्रों में ड्राई डे घोषित करने के आदेश जारी किए हैं। आदेशों में यह भी स्पष्ट किया गया है कि मतदान समाप्त होने के निर्धारित समय से 48 घंटे पूर्व से लेकर मतगणना पूर्ण होने तक किसी भी होटल, ढाबा, दुकान, शराब विक्रय केंद्र या किसी भी सार्वजनिक एवं निजी स्थान पर मादक पदार्थों की बिक्री, वितरण या परोसने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इन आदेशों का उल्लंघन करने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# सोलन में एलआईसी की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न, विजेता किए सम्मानित

## अब जयपुर में उत्तर क्षेत्रीय प्रतियोगिता में करेंगे शिमला मंडल का प्रतिनिधित्व

अनंत ज्ञान



प्रतियोगिता में अव्वल रहे प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित। अनंत ज्ञान

**सोलन।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) शिमला मंडल की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन सोलन स्थित पुलिस लाइन ग्राउंड में उत्साह और धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता में विभिन्न शाखाओं के कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं प्रबंधक (कार्मिक) सुशीला नेगी ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि खेलकूद गतिविधियां शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के साथ-साथ टीम भावना, अनुशासन और आत्मविश्वास को भी मजबूत करती हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी उत्साह के साथ भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर आयोजन समिति के सचिव रूप लाल, तकनीकी सलाहकार प्रेम दास और धर्मपाल शर्मा सहित लीला दत्त, दीपक गुप्ता एवं तारादत्त शर्मा उपस्थित रहे और आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया।

प्रतियोगिता के दौरान ट्रैक एवं फील्ड इवेंट्स में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। 5,000 मीटर दौड़ में गुरनाम सिंह प्रथम और जसप्रीत सिंह द्वितीय रहे। 800 मीटर में धर्मेंद्र प्रथम तथा अनिल पांटा द्वितीय रहे। 400 मीटर और 200 मीटर दौड़ में जसप्रीत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ में विनीत प्रथम, अमित द्वितीय और सचिन तृतीय रहे। लंबी कूद में आशुतोष प्रथम और विनीत द्वितीय रहे, जबकि तिहरी कूद में गुरनाम प्रथम और हेम पुष्प द्वितीय रहे। गोला फेंक में गौरव शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेता खिलाड़ियों को आगामी जयपुर में होने वाली उत्तर क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में शिमला मंडल का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा।

# सिरमौर पंचायत चुनाव: 3894 प्रत्याशी मैदान में, 27 पंचायतें निर्विरोध चुनीं

अनंत ज्ञान

**नाहन।** जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त सिरमौर प्रियंका वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि सिरमौर जिला में पंचायती राज संस्थाओं के जिला परिषद, पंचायत समिति, प्रधान, उप-प्रधान तथा वार्ड सदस्य पदों के लिए चुनाव 26, 28 व 30 मई, 2026 को तीन चरणों में होंगे।

उन्होंने बताया कि जिला परिषद सदस्य पदों के लिए कुल 53 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं जबकि पंचायत समिति सदस्य पदों के लिए 318 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। उन्होंने बताया कि प्रधान पद के लिए कुल 826 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं तथा उप-प्रधान पद के लिए कुल 650 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। जबकि वार्ड सदस्य पदों के लिए 2047 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। जबकि जिला की 27 पंचायतें निर्विरोध चुनी गई है जिसमें विकास खंड पच्छाद में 02 पंचायतें शाडिया व दाडो देवरिया, विकास खंड संगडाह में 03 पंचायतें जिसमें दाना घाटों, संगडाह (ग्रामीण), व रणफूआ जबडोग, विकास खंड राजगढ़ में 04 पंचायतें जिसमें माटल बखोग, नेहरटी बघोट, काथली भरण व हाब्बन शामिल है।

इसी प्रकार विकास खंड कमरऊ स्थित तिलोरधार में 05 पंचायतें जिसमें टटियाना, पोका, शावगा, शरलीमानपुर व कांडो च्यिोग तथा विकास खंड शिलाई में 10 पंचायतें जिसमें बकरास, बाम्बल, बिन्डला दिगवा, धारवा, द्राविल, जरवा जुनेली, कांडो भटनोल, नावणा भटवाड़, सखोली व शिरी क्यारी तथा विकास खंड पांवटा साहिब की 02 पंचायतें जिसमें भैला व शिवा तथा विकास खंड ददाहू की 01 पंचायत चाडना शामिल है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सिरमौर जिला में मतदान हेतु कुल 1641 मतदान केंद्र बनाए गए है जिनमें 54 अति संवेदनशील, 268 संवेदनशील तथा 1319 सामान्य श्रेणी में बांटा गया है।

### सतर्कता | सिरमौर में दो नाबालिगों की मौत के मामलों को लेकर पुलिस सतर्क

# एसआईटी करेगी जांच, अफवाहों से बचने की अपील

अनंत ज्ञान

**एसपी जैरथ, नाहन।** हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले में यमुना नदी से बरामद हुई दो नाबालिग लड़कियों के शवों के मामलों की जांच अब विशेष जांच दल (एसआईटी) करेगा। पुलिस अधीक्षक निश्चिंत सिंह नेगी ने नाहन में मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि दोनों घटनाएं पांवटा साहिब उपमंडल क्षेत्र से संबंधित हैं और जांच सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर की जाएगी।

एसपी ने बताया कि एसआईटी का नेतृत्व पुलिस उपाधीक्षक स्तर के अधिकारी द्वारा किया जाएगा। टीम में पांवटा साहिब थाना प्रभारी के साथ साइबर प्रकोष्ठ के अधिकारियों को भी शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि एसआईटी प्रतिदिन अपनी जांच प्रगति रिपोर्ट सीधे पुलिस अधीक्षक कार्यालय को सौंपेगी। पुलिस के अनुसार हाल ही में 10 वर्षीय बच्ची अपने घर से लापता हो गई थी, जिसका शव करीब चार घंटे बाद यमुना नदी से बरामद किया गया। जांच के दौरान पुलिस को सीसीटीवी फुटेज भी मिली है, जिसमें बच्ची नदी की ओर जाते हुए दिखाई दे रही है। एक प्रत्यक्षदर्शी ने भी बयान दर्ज करवाया है कि उसने बच्ची की आवाज सुनी थी, लेकिन जब तक वह मौके पर पहुंचा, तब तक बच्ची पानी में डूब चुकी थी। पुलिस के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बच्ची के शरीर पर किसी प्रकार की बाहरी या आंतरिक चोट के निशान नहीं मिले हैं और प्रारंभिक जांच में यौन उत्पीड़न के संकेत भी सामने नहीं आए हैं। इससे पहले 13 वर्षीय लड़की का शव भी यमुना नदी से बरामद हुआ था। उस मामले में विसरा जांच रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। पुलिस ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है।

## पांवटा साहिब में पुलिस ने नशा तस्कर की कार से बरामद किए प्रतिबंधित कैप्सूल

**अनंत ज्ञान, नाहन।** पांवटा साहिब में पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए नाकाबंदी के दौरान एक कार से 264 नशीले कैप्सूल बरामद किए हैं। मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 22 मई 2026 को थाना पांवटा साहिब की पुलिस टीम भांटावाली रेनबेक्सी चौक से गंगुवाला जाने वाली सड़क पर वाहनों की चैकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस ने कार को रुकने का इशारा किया। पुलिस ने बताया कि चालक ने कार को अचानक दाहिनी ओर कच्चे रास्ते में उतारकर भागने की कोशिश की, लेकिन आगे आम का पेड़ और सड़क किनारे पड़े लोहे के पाइप होने के कारण वह वाहन को आगे नहीं ले जा सका। इसके बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर चालक को हिरासत में लिया। जब पुलिस ने कार की तलाशी ली तो डैशबोर्ड में रखे एक बैग से स्ट्रिपों में 264 नशीले कैप्सूल बरामद हुए।

आरोपी इन कैप्सूलों के संबंध में कोई लाइसेंस या डॉक्टर की पर्ची पेश नहीं कर सका। आरोपी की पहचान बसारत अली उम्र 41 वर्ष पुत्र यामीन मोहम्मद निवासी गांव घुतनपुर, डाकघर बातामंडी, तहसील व थाना पांवटा साहिब, जिला सिरमौर, के रूप में हुई है।

# 43 महिलाओं को बांटा निशुल्क राशन

## बाबा बाल महाराज ने वितरित की खाद्य सामग्री, हिमोत्कर्ष परिषद को दिए एक लाख रुपए

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, ऊना।** हिमोत्कर्ष परिषद द्वारा संचालित अमोदिनी महिला सशक्तिकरण सेवा प्रकल्प के तहत रविवार को बचत भवन ऊना में वर्ष 2026-27 के लिए चयनित 43 पात्र विधवा महिलाओं को 96 हजार 750 रुपए का निशुल्क राशन वितरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज ने शिरकत की और अपने कर कमलों से महिलाओं को राशन वितरित किया। इस दौरान उन्होंने परिषद को सहयोग स्वरूप एक लाख रुपए की राशि भी भेंट की।

बाबा बाल महाराज ने कहा कि जरूरतमंद परिवारों की सहायता करना सच्ची इंसानियत है और हिमोत्कर्ष परिषद समाजसेवा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि समाज को स्वयं आगे बढ़कर अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए तथा हर कार्य के लिए केवल सरकारों पर निर्भर रहना उचित नहीं है। उन्होंने परिषद द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा भी की। इससे पहले हिमोत्कर्ष परिषद के प्रदेशाध्यक्ष जतिंद्र कंवर ने परिषद की विभिन्न समाजसेवी गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वर्ष 2013 से शुरू किए गए इस प्रकल्प के तहत पिछले 13 वर्षों में दानवीरों के सहयोग से 741 पात्र विधवा महिलाओं को लगभग 62 लाख रुपए का राशन वितरित किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि नए सत्र 2026-27 के लिए चयनित 43 महिलाओं को अप्रैल 2026 से मार्च 2027 तक प्रतिमाह राशन सहायता प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम को परिषद महासचिव नरेश सैनी और जिलाध्यक्ष कर्णपाल मनकोटिया ने भी संबोधित किया। इससे पूर्व बाबा बाल जी महाराज ने उपस्थित लोगों को आशीर्वाद दिया तथा प्रभु भजन प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

कार्यक्रम में ठाकुर यशपाल सिंह, डॉ. रविंद्र सूद, कुलदीप दयाल, विजय साहनी, रजनीश डोगरा, कृष्णपाल शर्मा, मुनिंद्र अरोड़ा, अश्वनी सैनी, एमएम गर्ग, संजीव अग्निहोत्री, रजनीश लुंबा, अजय ठाकुर, निशांत चौधरी, राज कुमार, मणि कुमार, चंद्रशेखर शर्मा, वीके धीमान, अशोक ऐरी, मोहन सैनी, सरदार इंद्रजीत सिंह, सरदार ज्ञान सिंह, ई. एचएन सेठी, मदन मनकोटिया, सुरेश शर्मा, नरेंद्रजीत सिंह राणा, केपी सूद, ओंकार चंद शर्मा, डॉ. जागृति दत्ता, सुदेश अरोड़ा, महिंद्र वर्मा, अजय शर्मा, रविंद्र नाथ शारदा, सुधीर चौधरी, मंजू मनकोटिया, रमा कंवर, कविता गोयल, रंजू देवी, मीना ठाकुर, निशा, रेखा जसवाल सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।


महिलाओं को राशन वितरित करते राष्ट्रीय संत बाबा बाल महाराज एवं अन्य गणमान्य लोग।

### अमोदिनी महिला सशक्तिकरण सेवा प्रकल्प के तहत इनको मिला राशन

**राशन** लेने वालों में लोअर बसाल की रक्षा देवी और संतोष कुमारी, धर्मपुर की सुमन, ईसपुर की सरला देवी, ऊना वार्ड नंबर-8 की राज कुमारी, पुलवाला बाजार वार्ड-11 की सुषमा, संतोषगढ़ की अनु बाला, भदौड़ी की राज रानी और अंजु रानी, नंगड़ा की अनुराधा और सीता देवी, सुनेहरा की कांता देवी, शिववाड़ी की राज कुमारी, भदसाली की रेखा देवी, वार्ड नंबर-10 ऊना की रजनी, दियाड़ी की प्रतिभा देवी, सैंसोवाल की पूनम देवी, चौकीमन्यार की सुदेश कुमारी, पंडोगा की सोमा देवी और रितु बाला, ठठल की बख्शो देवी, आबादा बराना की निर्मला देवी, रीना रानी और रजनीश कुमारी, खानपुर की कमलेश, अरनियाला की उषा देवी, लमलैहड़ी की किरण देवी, कुठार खुर्द की भगवती, चताड़ा खास की अंजना, बसदेहड़ा की इंदु बाला, नंगल खुर्द की रीटा देवी, कर्मपुर की भोली देवी, पंजावर की जीवन कुमारी, धुसाड़ा की ममता देवी, कोटला खुर्द की सुनीता देवी, मंलागढ़ की उषा देवी और रोशनी देवी, रैंसरी की राधा रानी, लमलेहड़ा की सुधा शर्मा, पोलियांबीत की मंजीत कौर, बहडाला की सोनिया राणा, अपर बसाल की दीपा रावत तथा मल्लुवाल की उषा देवी शामिल हैं।

# कुटलैहड़ में महंगाई के खिलाफ गरजी कांग्रेस

## विधायक विवेक शर्मा के नेतृत्व में सड़कों पर उतरे पार्टी कार्यकर्ता

अनंत ज्ञान

**राजेश, बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी द्वारा पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की लगातार बढ़ती कीमतों के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा विक्कू के नेतृत्व में आयोजित हुआ, जिसमें कांग्रेस कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने बढ़ती महंगाई के खिलाफ केंद्र सरकार के विरुद्ध नारेबाजी की। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विवेक मिंका सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ रोष व्यक्त किया। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि लगातार बढ़ती महंगाई ने आम जनता की कमर तोड़ दी है और केंद्र सरकार लोगों को राहत देने की बजाय उन पर आर्थिक बोझ डाल रही है। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए विधायक विवेक शर्मा विक्कू ने कहा कि केवल 15 दिनों के भीतर तीसरी बार पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ाए गए हैं, जिससे आम लोगों की परेशानियां और बढ़ गई हैं। उन्होंने कहा कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी का असर केवल वाहन चालकों तक सीमित नहीं रहता बल्कि इसका सीधा प्रभाव खाद्य पदार्थों, परिवहन और रोजमर्रा की जरूरतों की वस्तुओं पर भी पड़ता है। उन्होंने कहा कि जब भी पेट्रोल और डीजल महंगे होते हैं तो बाजार में हर वस्तु के दाम बढ़ जाते हैं और इसका सबसे ज्यादा असर गरीब तथा मध्यम वर्गीय परिवारों पर पड़ता है। विधायक ने कहा कि देश की जनता पहले ही आर्थिक तंगी और महंगाई से परेशान है, ऐसे समय में ईंधन के दाम बढ़ाना जनता के साथ अन्याय है। इस प्रदर्शन में सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।


टीहरा में केंद्र सरकार के खिलाफ की नारेबाजी करते कांग्रेसी।

### केंद्र सरकार जनता पर डाल रही आर्थिक बोझ: विवेक शर्मा

**विधायक** विवेक शर्मा ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि देश इस समय कई आर्थिक चुनौतियों से गुजर रहा है। आम जनता पहले से ही बेरोजगारी, महंगाई और आर्थिक दबाव का सामना कर रही है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं और कठिन परिस्थितियों के कारण कई परिवार आर्थिक रूप से कमजोर हो चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद केंद्र सरकार पेट्रोल, डीजल और गैस सिलेंडर की कीमतें बढ़ाकर जनता पर अतिरिक्त बोझ डाल रही है। उन्होंने कहा कि रसोई गैस के बढ़ते दामों ने गृहिणियों का बजट पूरी तरह बिगाड़ दिया है। गरीब परिवारों के लिए दो समय का भोजन बनाना भी कठिन होता जा रहा है। विवेक शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार को जनता को राहत देने के लिए टैक्स कम करने चाहिए, लेकिन सरकार लगातार कीमतें बढ़ाकर लोगों को परेशान कर रही है।

# महिला को जबरन जहरीला पदार्थ पिलाने का आरोप

## पीड़िता की बहन की शिकायत पर पति और सास के खिलाफ मामला दर्ज

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, ऊना।** हरोली थाना क्षेत्र के कांटे गांव में एक महिला को कथित तौर पर जबरन जहरीला पदार्थ पिलाने का मामला सामने आया है। गंभीर हालत में महिला को क्षेत्रीय अस्पताल ऊना से पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया है। पुलिस ने पीड़िता की बहन की शिकायत पर पति और सास के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार अमनदीप कौर पत्नी रणजीत सिंह निवासी गांव कांटे को गत दिवस जहरीला पदार्थ सेवन की हालत में उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना लाया गया। यहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार और मेडिकल जांच के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया। पीड़िता की बहन मनदीप कौर ने पुलिस को दिए बयान में आरोप लगाया कि अमनदीप की शादी करीब 12 वर्ष पहले रणजीत सिंह के साथ हुई थी, लेकिन उनकी कोई संतान नहीं है।

इसी बात को लेकर उसका पति और सास उसे लगातार ताने देते थे तथा मारपीट भी करते थे। शिकायतकर्ता के अनुसार दो-तीन दिन पहले भी पीड़िता के साथ मारपीट की गई थी, जिसकी शिकायत महिला थाना में दी गई थी। मनदीप कौर ने बताया कि गत दिवस सुबह उनके पिता का फोन आया कि अमनदीप ने जानकारी दी है कि उसका पति रणजीत सिंह और सास तरसेम कौर उसके साथ मारपीट कर रहे हैं। जब वह अपनी बहन के घर पहुंची तो अमनदीप बरामदे में बैठी थी और उसके मुंह पर दवाई के निशान थे। आरोप है कि अमनदीप ने बताया कि उसे जबरन कनक में डालने वाली जहरीली दवाई पिलाई गई है। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम क्षेत्रीय अस्पताल ऊना पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी रणजीत सिंह और उसकी मां तरसेम कौर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# शिक्षा उपनिदेशक ने जांचे बच्चों के टिफिन

**अनंत ज्ञान, ऊना।** स्कूल शिक्षा उपनिदेशक माध्यमिक अनिल कुमार तक्खी ने अपनी टीम सहित सीबीएसई राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धर्मशाला महंता तथा राजकीय केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला धर्मशाला महंता का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की समस्त व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। निरीक्षण के दौरान तक्खी ने विभिन्न कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से प्रश्न पूछे। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह, आत्मविश्वास एवं बेहतर तैयारी के साथ प्रश्नों के उत्तर दिए, जिसकी उन्होंने प्रशंसा की। उपनिदेशक ने उन बच्चों के भोजन का भी निरीक्षण किया जो घर से टिफिन लेकर आते हैं।उन्होंने विद्यार्थियों को संतुलित एवं पौष्टिक आहार के महत्व के बारे में जानकारी दी।

# सनौली में बाबा सिद्ध चानो कमेटी ने करवाया दहजा

## धार्मिक आयोजन में क्षेत्र की सुख-समृद्धि, खुशहाली और जनकल्याण की कामना की

अनंत ज्ञान

**टाहलीवाल।** सनौली में बाबा सिद्ध चानो कमेटी द्वारा धार्मिक आस्था और श्रद्धा के साथ दहजा आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, खुशहाली और जनकल्याण की कामना की गई। धार्मिक आयोजन में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में सराबोर नजर आया। कार्यक्रम के दौरान बाबा बोरिया के सांग ने विशेष आकर्षण का केंद्र बनकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। देर रात तक चले सांग और भजन-कीर्तन में श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे रहे। उपस्थित लोगों ने धार्मिक परंपराओं का पालन करते हुए बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया और परिवार की खुशहाली की प्रार्थना की। दहजा का संचालन गंगा भगत की पार्टी द्वारा किया गया। आयोजन को सफल बनाने में कमेटी सदस्यों एवं स्थानीय लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कार्यक्रम के दौरान गद्दी पर चेला राजू एवं महादेव विराजमान रहे। श्रद्धालुओं ने माथा टेककर क्षेत्र में सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। पूरे आयोजन के दौरान भजन-कीर्तन और धार्मिक जयकारों से वातावरण गूंजता रहा। कमेटी सदस्यों ने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में भाईचारे, एकता और धार्मिक आस्था को मजबूत करने का कार्य करते हैं।


सनौली में आयोजित दहजा कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालु।

## मिनर्वा किड्स जोन घुमारवीं में पेरेंट्स डे हर्षोल्लास के साथ मनाया

# बच्चों ने 'पापा मेरे पापा...' गाने से जीता दिल

अनंत ज्ञान

**घुमारवीं।** मिनर्वा किड्स जोन घुमारवीं में शनिवार को पेरेंट्स डे बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों व प्रतियोगिताओं का आनंद उठाया। पूरे परिसर में खुशी, उत्साह और पारिवारिक प्रेम का माहौल देखने को मिला।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य प्रवेश चंदेल और स्कूल कोऑर्डिनेटर अनु चंदेल द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मिनर्वा माइंड गार्डन कॉर्डिनेटर आरती चंदेल ने की। इस अवसर पर बच्चों ने अपने माता-पिता के सम्मान में रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में तू कितनी अच्छी है, तू कितनी भोली है ओ मां, पापा मेरे पापा तथा मां-बाप का दिल न दुखाना जैसे भावुक गीतों ने उपस्थित अभिभावकों को भाव-विभोर कर दिया। बच्चों की प्रस्तुतियों पर अभिभावकों ने तालियों से उनका उत्साहवर्धन किया। अपने संबोधन में प्रिंसिपल परवेश चंदेल ने कहा कि 'माता-पिता बच्चों के प्रथम गुरु होते हैं।

बच्चों के सर्वांगीण विकास में अभिभावकों और शिक्षकों की समान भूमिका होती है। ऐसे कार्यक्रम बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ परिवार और विद्यालय के बीच बेहतर संबंध स्थापित करते हैं। उन्होंने सभी अभिभावकों का विद्यालय के प्रति सहयोग और विश्वास के लिए आभार भी व्यक्त किया।कार्यक्रम के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कपल डांस प्रतियोगिता में चित्रा और निकुंज के माता-पिता विजेता रहे। मदर गेम 'टूथ पिक' में श्रेष्ठ की माता ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि बैलेंसिंग गेम में इशानी के पापा विजयी रहे। इस मौके पर बीना ठाकुर, मोनिका ठाकुर, सोना ठाकुर, अंजना वर्मा, अनिता चंदेल, कल्पना शर्मा, रितु तथा अक्षित कपिल सहित अभिभावक उपस्थित रहे।



कार्यक्रम के दौरान नौनिहाल प्रस्तुति देते हुए।

# जांगला जिप वार्ड में भाजपा और कांग्रेस दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** झंडूता और घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र के तहत आने वाला जांगला जिला परिषद वार्ड इस बार चुनावी दृष्टि से बेहद चर्चाओं में बना हुआ है। इस वार्ड में भाजपा और कांग्रेस के कई बड़े नेताओं की प्रतिष्ठा दांव पर लगी हुई है। राजनीतिक समीकरणों के चलते यहां मुकाबला काफी रोचक होता नजर आ रहा है।

भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वर्तमान केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा का पैतृक घर जांगला वार्ड के विजयपुर में स्थित है। वहीं सदर बिलासपुर से भाजपा विधायक त्रिलोक जमवाल का पैतृक गांव भी इसी वार्ड की हीरापुर पंचायत में आता है। ऐसे में भाजपा के लिए यह वार्ड प्रतिष्ठा का विषय बना हुआ है और पार्टी अपने समर्थित उम्मीदवार की जीत सुनिश्चित करने के लिए पूरी ताकत झोंक रही है। दूसरी ओर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पूर्व विधायक एवं पूर्व जिला परिषद सदस्य बंबर ठाकुर का संबंध भी जांगला वार्ड की औहर पंचायत से है। कांग्रेस भी इस सीट को अपनी राजनीतिक साख से जोड़कर देख रही है।

इसी बीच चुनावी मुकाबले में एक युवा आजाद उम्मीदवार भी लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। युवा प्रत्याशी अपने दादा और परिवार द्वारा वर्षों तक क्षेत्र में की गई समाजसेवा को आधार बनाकर जनता से समर्थन मांग रहा है। गांव-गांव जाकर वह लोगों से विकास और जनसेवा के नाम पर वोट की अपील कर रहा है।

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि जांगला जिला परिषद वार्ड का परिणाम इस बार केवल एक सीट का फैसला नहीं करेगा, बल्कि क्षेत्र में भाजपा और कांग्रेस की पकड़ को भी दर्शाएगा। यही कारण है कि दोनों दलों के बड़े नेताओं की नजरें इस वार्ड पर टिकी हुई हैं।

# मतदान से 48 घंटे पूर्व सार्वजनिक तौर पर प्रचार गतिविधियां रहेंगी पूरी प्रतिबंधित: राहुल कुमार

अनंत ज्ञान

- उम्मीदवार मतदान केंद्र से 100 मीटर की दूरी के भीतर स्थापित नहीं कर पाएंगे शिविर
- आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन पर की जाएगी नियमानुसार कार्रवाई

**ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने जिला में 26, 28 और 30 मई को निर्धारित पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव के दृष्टिगत सभी उम्मीदवारों, समर्थकों एवं आमजन से आदर्श चुनाव आचार संहिता की सख्ती से अनुपालना सुनिश्चित करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान प्रक्रिया को बनाए रखने के लिए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा आदर्श चुनाव आचार संहिता को लेकर जारी दिशा-निर्देशों की अनुपालना सभी उम्मीदवारों के लिए जरूरी है।

उन्होंने कहा कि मतदान समाप्ति के निर्धारित समय से पूर्व 48 घंटे की अवधि के दौरान कोई भी उम्मीदवार अथवा राजनीतिक दल सार्वजनिक सभा, जुलूस अथवा प्रचार गतिविधियों का आयोजन नहीं कर सकेगा। मतदान केंद्रों अथवा मतगणना स्थलों में बिना सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी पास के प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। राहुल कुमार ने कहा कि किसी भी उम्मीदवार का शिविर मतदान केंद्र से 100 मीटर की दूरी के भीतर स्थापित नहीं किया जा सकेगा। इसके साथ ही शिविर में अनावश्यक भीड़ एकत्रित करने, पोस्टर, झंडे, चुनाव चिह्न अथवा अन्य प्रचार सामग्री प्रदर्शित करने की भी अनुमति नहीं होगी। इसके साथ ही स्थापित शिविर में खाद्य सामग्री वितरित करना तथा मतदाताओं को किसी प्रकार का प्रलोभन देना भी पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा।

उन्होंने कहा कि किसी भी उम्मीदवार द्वारा मतदाताओं के आवागमन के लिए वाहन अथवा अन्य परिवहन साधनों का उपयोग, मतदान केंद्रों के भीतर अथवा आसपास लाउडस्पीकर, मेगाफोन आदि का प्रयोग भी प्रतिबंधित रहेगा। इसके अतिरिक्त मतदान केंद्र के निकट अव्यवस्था फैलाने, मतदान कर्मियों के कार्य में बाधा डालने अथवा मतदाता का प्रतिरूपण कर मतदान करने का प्रयास करने वालों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत ने कहा कि आधिकारिक दूरभाष, मोबाइल, फैक्स अथवा अन्य संचार माध्यमों का उपयोग चुनाव प्रचार के लिए नहीं किया जा सकेगा। उन्होंने पंचायतीराज संस्थाओं के सभी उम्मीदवारों से राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित आदर्श चुनाव आचार संहिता की सख्ती अनुपालना सुनिश्चित बनाने का आह्वान किया है ताकि चुनावी प्रक्रिया को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं स्वतंत्र रूप से सम्पन्न करवाया जा सके। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन को राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत गंभीरता से लिया जाएगा तथा नियमानुसार कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**चुनाव** जिप बिलासपुर का चुनाव बना रोमांचक, कई वार्डों में सीधी लड़ाई, चेयरमैन पद के समीकरण भी उलझे

# भाजपा-कांग्रेस के बीच टक्कर, निर्दलीय बिगाड़ रहे गणित

अनंत ज्ञान

**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** बिलासपुर जिला परिषद चुनाव इस बार बेहद दिलचस्प मोड़ पर पहुंच गया है। जिले के कई वार्डों में भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला देखने को मिल रहा है, जबकि अनेक स्थानों पर निर्दलीय प्रत्याशी दोनों दलों का गणित बिगाड़ते नजर आ रहे हैं। राजनीतिक जानकारों की मानें तो इस बार जिला परिषद का परिणाम पूरी तरह से 'मिक्स जनादेश' की ओर बढ़ता दिखाई दे रहा है।

ग्रामीण क्षेत्रों में कांग्रेस अपनी पकड़ मजबूत होने का दावा कर रही है, वहीं भाजपा संगठनात्मक मजबूती और सरकार विरोधी मुद्दों के सहारे बढ़त लेने की कोशिश में है। दूसरी ओर कई वार्डों में मजबूत निर्दलीय उम्मीदवार मुकाबले को त्रिकोणीय बनाकर दोनों दलों की चिंता बढ़ा रहे हैं। जिले में इस बार स्पष्ट बहुमत की बजाय गठजोड़ और समर्थन की राजनीति की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

### जांगला वार्ड में हाई प्रोफाइल मुकाबला

**जांगला** वार्ड इस बार सबसे चर्चित सीटों में शामिल हो गया है। यहां भाजपा ने अनूप महाजन पर दांव खेला है, जबकि कांग्रेस की ओर से सुरेश नेगी मैदान में हैं। मुकाबले को रोचक बना रहे हैं निर्दलीय उम्मीदवार देवांश चंदेल। स्थानीय स्तर पर माना जा रहा है कि निर्दलीय उम्मीदवार की मजबूत पकड़ भाजपा और कांग्रेस दोनों के समीकरण प्रभावित कर सकती है।

### बरठी वार्ड में सबसे दिलचस्प मुकाबला

**बरठी** वार्ड में इस बार मुकाबला बेहद बहुकोणीय हो गया है। भाजपा के श्रवण कुमार मैदान में हैं, लेकिन उनके अलावा सात अन्य प्रत्याशी चुनावी रण में उतर चुके हैं। ऐसे में यहां वोटों का बिखराव परिणाम को अप्रत्याशित बना सकता है। राजनीतिक पर्यवेक्षक इसे जिले की सबसे 'ओपन सीट' मान रहे हैं।

### रोहल वार्ड में कांग्रेस-भाजपा आमने-सामने

**रोहल** वार्ड में कांग्रेस के रणवीर और भाजपा के जरनेल के बीच सीधी भिड़ंत है। दोनों उम्मीदवारों का क्षेत्र में मजबूत जनसंपर्क बताया जा रहा है, जिससे मुकाबला बेहद कांटे का माना जा रहा है।

### जेजवीं वार्ड में मुकाबला पूरी तरह द्विदलीय

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

**जेजवीं** वार्ड में मुकाबला पूरी तरह द्विदलीय बन चुका है। कांग्रेस की रीना पुंडीर और भाजपा की बबीता के बीच सीधा संघर्ष माना जा रहा है। दोनों दलों ने यहां पूरी ताकत झोंक दी है और यह सीट प्रतिष्ठा का प्रश्न बन चुकी है।

### ननाबां वार्ड में भाजपा की अनुभवी उम्मीदवार

**ननाबां** वार्ड से भाजपा ने अनुभवी महिला नेता प्रोमिला चंदेल को मैदान में उतारा है। क्षेत्र में उनके लंबे राजनीतिक अनुभव और महिला मतदाताओं में पकड़ को भाजपा की मजबूती माना जा रहा है।

### बरमाना में निर्दलीय बिगाड़ रहे हैं समीकरण

**बरमाना** वार्ड में भाजपा के अशोक कुमार और कांग्रेस के राजेश के बीच मुख्य मुकाबला माना जा रहा है। हालांकि निर्दलीय उम्मीदवार रोहित ठाकुर दोनों दलों का वोट बैंक प्रभावित करते दिखाई दे रहे हैं। लेकिन इस वार्ड का इतिहास रहा है कि यहां से हमेशा कांग्रेस का ही प्रत्याशी जीता है इस तरह से राजेश कुमार बेहतर स्थिति में बताए जा रहे हैं। स्थानीय स्तर पर माना जा रहा है कि अंतिम परिणाम में निर्दलीय फैक्टर निर्णायक साबित हो सकता है।

### जुखाला और नम्होल वार्ड में काफी मुकाबला रोचक

**जुखला** वार्ड से भाजपा के कुलवीर भडोल और कांग्रेस के लेखराम ठाकुर मुख्य दावेदार माने जा रहे हैं। वहीं जिला परिषद के नम्होल वार्ड में मुकाबला काफी रोचक है यहां पर भारतीय जनता पार्टी ने वीना देवी को मैदान में उतारा है तो कांग्रेस की तरफ से मीना चुनाव लड़ रही है लेकिन युवा एडवोकेट सुरभि ठाकुर ने चुनाव को त्रिकोणीय रंग दे दिया है। युवाओं और महिला मतदाताओं में उनकी सक्रियता दोनों बड़े दलों की चिंता बढ़ा रही है।

### निर्दलीय उम्मीदवार बन सकते हैं 'किंगमेकर'

**राजनीतिक** विश्लेषकों के अनुसार अभी तक के समीकरणों में भाजपा कुछ वार्डों में बढ़त बनाती दिख रही है, जबकि कांग्रेस भी ग्रामीण क्षेत्रों में मजबूत चुनौती पेश कर रही है। सबसे बड़ा फैक्टर निर्दलीय उम्मीदवार बनते दिखाई दे रहे हैं, जो चुनाव बाद चेयरमैन और वाइस चेयरमैन के समीकरण तय करने में 'किंगमेकर' की भूमिका निभा सकते हैं।

# पेट्रोल-डीजल और गैस कीमतों के खिलाफ कांग्रेस का धरना आज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतों में लगातार की जा रही बढ़ोतरी के विरोध में सोमवार सुबह 10 बजे शहीद स्मारक के पास धरना-प्रदर्शन करेगी। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि महंगाई के कारण आम लोगों का जीवन कठिन हो गया है और मध्यम वर्ग, मजदूर, किसान, बागवान तथा छोटे व्यापारी सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। पार्टी के अनुसार यह प्रदर्शन राष्ट्रीय कांग्रेस नेतृत्व के आह्वान पर आयोजित किया जा रहा है, जिसमें कांग्रेस के नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल होंगे। कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर जनविरोधी नीतियां अपनाने, बेरोजगारी और महंगाई बढ़ाने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा चुनावों के दौरान बड़े वादे करती है, लेकिन आम जनता को राहत देने में विफल रही है। पार्टी नेताओं ने कहा कि धरना-प्रदर्शन के माध्यम से भाजपा की नीतियों और 'दोहरे चरित्र' को जनता के सामने लाने का प्रयास किया जाएगा।

# पेट्रोल टैक्स कम नहीं हुआ तो होगा जनआंदोलन: डॉ. तेज प्रताप पांडेय

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** विश्व मानव कल्याण संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. तेज प्रताप पांडेय ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों को लेकर केंद्र सरकार पर जोरदार हमला बोला है। सोशल मीडिया पर वायरल एक चित्र का हवाला देते हुए उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर भारत सरकार अपने ही देश की जनता से इतना भारी टैक्स वसूलकर किसका खजाना भर रही है?



डॉ. पांडेय ने कहा कि जिस देश में आम आदमी महंगाई से कराह रहा हो, वहां पेट्रोल 100 रुपये लीटर के आसपास बेचना जनता के साथ सीधा अन्याय है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत विदेशों से लगभग 40 रुपये लीटर के हिसाब से कच्चा तेल खरीदता है, पड़ोसी देशों — भूटान, म्यांमार, श्रीलंका, नेपाल और बांग्लादेश — को 52 से 60 रुपये प्रति लीटर तक पेट्रोल उपलब्ध करवाया जाता है, लेकिन अपने ही देश की जनता को 98 से 102 रुपये लीटर तक तेल बेचा जा रहा है। उन्होंने कहा कि 'क्या देश की जनता सिर्फ टैक्स देने की मशीन बनकर रह गई है? चुनावों में जनता से विकास के वादे किए जाते हैं, लेकिन हर दिन पेट्रोल-डीजल के दामों के जरिए जनता की जेब काटी जा रही है।'

डॉ. पांडेय ने कहा कि केंद्र सरकार लगातार अंतरराष्ट्रीय बाजार का बहाना बनाती रही है, जबकि कई बार कच्चे तेल की कीमतें घटने के बावजूद आम लोगों को राहत नहीं दी गई। विश्व मानव कल्याण संस्थान ने केंद्र सरकार से पेट्रोल-डीजल पर लगाए गए भारी टैक्स को तुरंत कम करने और आम जनता को राहत देने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी कि यदि जनता को राहत नहीं मिली तो देशभर में जनजागरण अभियान और विरोध प्रदर्शन शुरू किए जाएंगे।

# मानवता और आत्म अवलोकन का संदेश ही सच्ची भक्तिः भीमराज



मुगला संत निरंकारी भवन में सत्संग का आयोजन। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**चंबा।** मुगला स्थित संत निरंकारी भवन में रविवार को साप्ताहिक सत्संग का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महात्मा भीम राज वर्धन ने की।

दूर-दराज क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ सत्संग में भाग लिया, जिससे पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। सत्संग का शुभारंभ आरती वंदना से हुआ। इस दौरान साहू, जडेरा, मंगला राख, जांघी, मेहला, धरवाला, मुगला और आदर्श नगर सहित कई गांवों से आए संतों ने भजनों और विचारों के माध्यम से निरंकारी मिशन की शिक्षाओं का संदेश दिया। अपने संबोधन में महात्मा भीम राज वर्धन ने सत्गुरु माता सुदीक्षा महाराज के उपदेशों को प्रस्तुत करते हुए कहा कि मानव जीवन का उद्देश्य केवल भौतिक सुख नहीं बल्कि आत्मिक जागृति है। उन्होंने कहा कि यदि व्यक्ति दूसरों को सुख देने का प्रयास करे तो उसका अपना जीवन भी अधिक सुखमय बनता है। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं ने मानवता, प्रेम और भाईचारे के संदेश को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। सत्संग शांतिपूर्ण और भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ।

# स्वास्थ्य विभाग टीम की चुवाड़ी में छापेमारी बिना फार्मासिस्ट चल रही दुकान की सील

## ट्रामाडोल दवा की अवैध बिक्री और स्टॉक में पाई गई गड़बड़ी, मचा हड़कंप

अनंत ज्ञान

**चुवाड़ी।** चुवाड़ी स्थित एचपी स्टेट सिविल सप्लाई कॉर्पोरेशन की दवा दुकान पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छापेमारी कर बड़ी अनियमितताओं के चलते दुकान को सील कर दिया है। निरीक्षण के दौरान सामने आई गड़बड़ियों के बाद विभाग ने यह सख्त कार्रवाई की।

जांच में पाया गया कि निरीक्षण के समय दुकान में कोई फार्मासिस्ट मौजूद नहीं था, जबकि दवाओं की बिक्री लगातार जारी थी। टीम को सबसे गंभीर अनियमितता नारकोटिक श्रेणी की ट्रामाडोल दवा में मिली, जहां 80 टैबलेट ऐसी पाई गईं, जिनकी बिक्री बिना बिल और बिना डॉक्टर की पर्ची के की गई थी।



चुवाड़ी में सीज की गई दवा दुकान। अनंत ज्ञान

इसके अलावा दुकान में कई दवाएं बिना सेल बिल के बेचे जाने के प्रमाण मिले। जिन बिलों पर दवाएं

- ट्रामाडोल की 80 गोलियां बिना बिल-बिना पर्ची बेची गईं

दर्ज की गई थीं, उनमें मरीजों का नाम और अन्य आवश्यक विवरण भी दर्ज नहीं थे, जो नियमों का उल्लंघन है। जांच में यह भी सामने आया कि कई दवाओं की एंट्री स्टॉक रजिस्टर में दर्ज नहीं की गई थी और उन्हें बिना रिकॉर्ड के ही बेच दिया गया। स्वास्थ्य विभाग ने मामले को गंभीर मानते हुए दुकान को 29 मई 2026 तक सील कर दिया है। साथ ही संबंधित फार्मासिस्ट को निर्धारित तिथि पर दुकान में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि आगे की जांच की जा सके। विभागीय अधिकारियों के अनुसार पूरे मामले की विस्तृत जांच जारी है और जांच पूरी होने के बाद जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। टीम यह भी जांच कर रही है कि नारकोटिक दवाओं की बिक्री में कहीं संगठित लापरवाही या अवैध गतिविधि तो शामिल नहीं है। इस कार्रवाई के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। स्थानीय लोगों में दवाओं की अवैध बिक्री और खासकर नशे में उपयोग होने वाली दवाओं के दुरुपयोग को लेकर गंभीर चिंता बढ़ गई है। प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि जांच के आधार पर आगे और भी सख्त कदम उठाए जा सकते हैं।

# डलहौजी हिलटॉप स्कूल में करवाई विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता




डॉ. पूनम राय ने विद्यार्थियों को विज्ञान का महत्व बताया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**अजीत सिंह, डलहौजी।** डलहौजी स्थित डलहौजी हिलटॉप स्कूल के परिसर में 'विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाना, तार्किक क्षमता विकसित करना और वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करना था। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय की अध्यक्षा डॉ. पूनम राय धवन तथा चेयरमैन सुधीर कुमार धवन की उपस्थिति में हुआ। प्रतियोगिता के दौरान विज्ञान से जुड़े रोचक प्रश्न पूछे गए, जिनका उत्तर विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास और टीम भावना के साथ दिया। सभी सदनों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली, जिससे कार्यक्रम और भी रोमांचक बन गया। वर्ड्सवर्थ सदन ने प्रथम स्थान तथा कीट्स सदन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर अध्यक्षा डॉ. पूनम राय धवन ने विद्यार्थियों को विज्ञान के महत्व के बारे में प्रेरित किया और उन्हें निरंतर जिज्ञासु बने रहने के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यालय प्रशासन ने इस आयोजन को सफल बनाने में विद्यार्थियों और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की और इसे एक ज्ञानवर्धक अनुभव बताया।

# गुरु नानक पब्लिक स्कूल में दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

अनंत ज्ञान

**डलहौजी।** गुरु नानक पब्लिक स्कूल में मातृ दिवस बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह की शुरुआत नन्हे-मुन्ने बच्चों की विशेष प्रस्तुति से हुई, जिसे उन्होंने अपनी माताओं को समर्पित किया। बच्चों की इस भावपूर्ण प्रस्तुति ने सभी उपस्थित माताओं का दिल जीत लिया।

इसके बाद माताओं और बच्चों ने मिलकर एक सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया, जिसमें आपसी प्रेम और स्नेह की झलक स्पष्ट दिखाई दी। बच्चों ने अपने नृत्य के माध्यम से अपनी माताओं के प्रति गहरा प्रेम और सम्मान व्यक्त किया। कुछ कक्षाओं के विद्यार्थियों ने दादा-दादी और नाना-नानी के महत्व को दर्शाते हुए भी आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में धरती मां को समर्पित एक विशेष नृत्य प्रस्तुति भी आकर्षण का केंद्र रही, जिसने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। समारोह के दौरान तंबोला और म्यूजिकल चेयर जैसे मनोरंजक खेलों का आयोजन भी किया गया, जिसमें बच्चों और माताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। दिन का मुख्य आकर्षण बम्पर प्राइज गेम 'तोलमोल के बोल' रहा, जिसने सभी को खूब मनोरंजन प्रदान किया। पूरा कार्यक्रम आनंद, प्रेम और उत्साह के माहौल में संपन्न हुआ। स्कूल प्रशासन ने सभी प्रतिभागियों के सहयोग और सक्रिय भागीदारी की सराहना की।



गुरु नानक पब्लिक स्कूल में मातृ दिवस समारोह का आयोजन। अनंत ज्ञान

# डलहौजी में गुरुद्वारा साहिब की 100वीं वर्षगांठ मनाई



अनंत ज्ञान

**डलहौजी।** डलहौजी स्थित श्री गुरुद्वारा साहिब सदर बाजार में गुरु सिंह सभा की ओर से 100वीं वर्षगांठ (शताब्दी समागम) बड़े श्रद्धा और धूमधाम से मनाई जा रही है। इस विशेष अवसर पर 10 जून से 14 जून तक धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी।

गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष परमजीत सिंह और जनरल सेक्रेटरी जगदीप अरोड़ा ने बताया कि 10 जून को सुबह 10 बजे श्री अखंड पाठ साहिब से कार्यक्रम की शुरुआत होगी। 12 जून को भोग के बाद कीर्तन दरबार आयोजित होगा, जिसमें भाई मनीष, भाई विशाल कोहली और भाई राजदीप सिंह कीर्तन प्रस्तुत करेंगे। 13 जून को पंजाब से आए भाई दविंदर सिंह सोढ़ी विशेष रूप से संगत को कीर्तन द्वारा निहाल करेंगे। इसी दिन दोपहर 3 बजे सदर बाजार गुरुद्वारे से विशाल नगर कीर्तन निकाला जाएगा, जो कोर्ट रोड, सुभाष चौक और गांधी चौक से होकर गुजरेगा। 14 जून को समापन दिवस पर सुबह कीर्तन दरबार के बाद अरदास के साथ समागम संपन्न होगा। इसके पश्चात गुरु का अटूट लंगर बरताया जाएगा। इस अवसर पर कथा वाचक ज्ञानी जसविंदर सिंह भी विशेष रूप से संगत को संबोधित करेंगे।

## कॉमनवेल्थ गेम्स को लेकर चंबा में खेल जागरुकता की नई पहल

# साइकिल रैली और हॉकी मैच ने जगाया युवाओं में जोश

अनंत ज्ञान

**चंबा।** कॉमनवेल्थ-डे 2026 के उपलक्ष्य में रविवार को देशभर में विभिन्न जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी क्रम में प्रदेश में 'हॉकी हिमाचल' तथा जिला चंबा में 'हॉकी चंबा' द्वारा एक विशेष खेल जागरुकता अभियान का आयोजन किया गया, जिसने युवाओं और खेल प्रेमियों में नई ऊर्जा का संचार किया।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आगामी कॉमनवेल्थ गेम्स (राष्ट्रमंडल खेलों) के प्रति खिलाड़ियों और आम लोगों में जागरूकता बढ़ाना तथा युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना रहा। आयोजन के तहत चम्बा में 'संडेज ऑन साइकिल' अभियान और एक रोमांचक हॉकी मैच का आयोजन किया गया, जिसमें खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम में करीब 50 हॉकी खिलाड़ियों और लगभग 30 साइकिल खिलाड़ियों ने अपनी भागीदारी दर्ज करवाई। इस दौरान खेल भावना, अनुशासन और फिटनेस को लेकर सकारात्मक संदेश दिया गया। इस विशेष हॉकी मैच का संचालन एनआईएस कोच एवं नेशनल लेवल अंपायर साहिल ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में हॉकी चंबा के कार्यकारी सदस्यों ने अहम भूमिका निभाई। इनमें मुकेश बेदी, जय राज, शिव करन, विकास, साहिल और दीपक महाजन प्रमुख रूप से शामिल रहे। आयोजकों ने कहा कि इस तरह के आयोजन न केवल स्थानीय खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हैं, बल्कि युवाओं में अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं के प्रति उत्साह और जागरूकता भी बढ़ाते हैं।

खेल प्रेमियों का मानना है कि यदि इसी प्रकार लगातार खेल गतिविधियां आयोजित होती रहीं, तो आने वाले समय में चंबा के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन कर सकते हैं।





50 हॉकी व 30 साइकिल खिलाड़ियों ने लिया भाग। अनंत ज्ञान

# वी-जॉन ने शेव प्रो ट्विन ब्लेड रेजर लॉन्च कर किफायती मास मार्केट में रखा कदम

अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** लुधियाना भारतीय उपभोक्ताओं के लिए गुणवत्तापूर्ण ग्रूमिंग को सुलभ बनाने की अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करते हुए वी-जॉन ने वी-जॉन शेव प्रो ट्विन ब्लेड रेजर लॉन्च करने की घोषणा की है। यह नया किफायती शेविंग समाधान भारतीय मास मार्केट के लिए स्मूद, आरामदायक और भरोसेमंद शेविंग अनुभव देने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। मात्र 20 रुपये की कीमत वाले इस रेजर का लक्ष्य कम कीमत वाले डिस्पोजेबल रेजर और प्रीमियम मल्टी-ब्लेड सिस्टम के बीच की दूरी को कम करना है, ताकि उपभोक्ताओं को किफायती दाम में बेहतर प्रदर्शन मिल सके। लॉन्च पर वी-जॉन ग्रुप के जीएम मार्केटिंग आशुतोष चौधरी ने कहा, 'वी-जॉन में हमारा हमेशा से मानना रहा है कि गुणवत्तापूर्ण ग्रूमिंग केवल प्रीमियम उपभोक्ताओं तक सीमित नहीं होनी चाहिए। शेविंग भारत के लाखों पुरुषों की रोजमर्रा की ग्रूमिंग आदत है और हमारा विश्वास है कि आरामदायक शेविंग अनुभव हर किसी के लिए सुलभ होना चाहिए। वी-जॉन शेव प्रो ट्विन ब्लेड रेजर के जरिए हम उपभोक्ताओं को ऐसा भरोसेमंद और किफायती समाधान देना चाहते हैं, जो गुणवत्ता, आराम और बेहतर वैल्यू का संतुलन पेश करे। यह लॉन्च गुणवत्तापूर्ण ग्रूमिंग को लोकतांत्रिक बनाने और देशभर के उपभोक्ताओं तक बेहतर शेविंग समाधान पहुंचाने की हमारी व्यापक सोच को दर्शाता है। साथ ही यह शेविंग इकोसिस्टम में वी-जॉन की मौजूदगी मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।'




इस लॉन्च के साथ वी-जॉन ने किफायती रेजर कैटेगरी में रणनीतिक रूप से प्रवेश किया है। कंपनी पुरुषों के ग्रूमिंग इकोसिस्टम में अपनी मौजूदगी को लगातार मजबूत कर रही है। शेविंग प्रोडक्ट्स और ग्रूमिंग उत्पादों में अपनी मजबूत विरासत के आधार पर कंपनी अब शहरी, अर्ध-शहरी और ग्रामीण भारत के उपभोक्ताओं तक बेहतर शेविंग अनुभव पहुंचाने का लक्ष्य रखती है।

# कांग्रेस नेता लखविंदर बाजवा और बेटे कमलजीत को कोर्ट से मिली जमानत

अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, पठानकोट।** पठानकोट में कांग्रेस नेता लखविंदर सिंह बाजवा और उनके बेटे कमलजीत सिंह को अदालत से जमानत मिल गई है। दोनों को एक दिन पहले पुलिस ने आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष अमनदीप सिंह संधू की शिकायत पर गिरफ्तार किया था। उन पर चुनाव प्रचार के दौरान धमकी देने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए गए थे।

जमानत मिलने के बाद पंजाब के पूर्व मंत्री राज कुमार वेरका शनिवार को पठानकोट पहुंचे और बाजवा परिवार से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार और मुख्यमंत्री भगवंत मान पर जमकर निशाना साधा। वेरका ने कहा कि पंजाब सरकार राजनीतिक विरोधियों को दबाने और डराने की राजनीति कर रही है, लेकिन कांग्रेस ऐसी धक्काशाही से डरने वाली नहीं है। उन्होंने प्रशासन और पुलिस अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं पर झूठे मामले दर्ज करना बंद किया जाए। वेरका ने दावा किया कि आने वाले समय में पंजाब में फिर से कांग्रेस की सरकार बनेगी। वहीं, अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमेटी की महासचिव और बाजवा परिवार की बहू हरसिमरन कौर बाजवा ने भी पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस देर रात उनके घर पहुंची, दरवाजे तोड़े और जरूरी दस्तावेज तथा डीवीआर अपने साथ ले गई। उन्होंने इसे राजनीतिक दबाव में की गई कार्रवाई बताया।

अदालत से राहत मिलने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल देखा गया। नेताओं ने इसे सच और न्याय की जीत बताया।



# शास्त्रीय गायक डॉ. मलकीत सिंह ने बांधा समां

## 'हॉर्न-मुक्त चंडीगढ़' जन-जागरूकता पर विशेष कार्यक्रम का किया आयोजन

अनंत ज्ञान

**गुरनाम सागर, चंडीगढ़।** भारतीय शास्त्रीय कलाओं के प्रसार एवं प्रचार के लिए प्रतिबद्ध सांस्कृतिक संस्था प्राचीन कला केन्द्र द्वारा एक विशेष संगीत संध्या का आयोजन किया गया। केंद्र द्वारा 'हॉर्न-मुक्त चंडीगढ़' विषय पर एक विशेष जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत चंडीगढ़ के जाने माने शास्त्रीय गायक डॉ मलकीत सिंह जडियाला ने अपने सधे हुए गायन की प्रस्तुति देकर एक शानदार शाम को संजोया।

डॉ. मलकीत सिंह ने पंजाब विष्वविद्यालय से संगीत की शिक्षा ग्रहण करने के साथ पंजाब विश्वविद्यालय से संगीत में एम.ए. तथा पीएचडी की डिग्री हासिल है। इन्होने ने 8 वर्ष की अल्पायु में ही गाना शुरू कर दिया थ। बचपन में गुरबाणी के शब्द गाते हुए मलकीत ने गायन संगीत के लिए अपनी प्रतिभा विकसित की। एक वकील के रूप में अपने व्यस्त दिनचर्या के बावजूद, उनका सारा खाली समय 'रियाज़' में बीतता है। हिंदुस्तानी गायन उनके जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया क्योंकि उन्होंने खुद को पूरी तरह से इस 'साधना' के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ के डॉ. भूपिंदर शीतल, प्रोफेसर यशपाल और डॉ. अरविंद दत्ता तथा डॉ. गुरनाम सिंह, पंजाबी यूनिवर्सिटी, पटियाला जैसे प्रसिद्ध गायकों के संरक्षण में संगीत सीखा।

डॉ. मलकीत सिंह ने मेवात घराने के गायक सुरेश गोपाल श्री खांडे से भी हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत की बारीकियां भी सीखीं। और आजकल ये उस्ताद अमजद अली खान से संगीत की शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।



आज के इस विशेष कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे और पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश माननीय न्यायमूर्ति विनोद एस भारद्वाज इस अवसर पर वरिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इसके साथ ही विशेष अतिथि के रूप में श्री सौरभ जोशी , मेयर चंडीगढ़ ने शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम के अंत में सभी कलाकारों को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कलाकारों को सम्मानित करने के लिए केंद्र के सचिव सजल कौसर , कथक गुरु एवं केंद्र की रजिस्ट्रार डॉ. शोभा कौसर मौजूद थे ।श्री सजल कौसर ने दर्शकों, मीडिया, विशिष्ट अतिथियों और कलाकारों को धन्यवाद दिया

## सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने चंडीगढ़ में लगाया मेगा रिटेल क्रेडिट आउटरीच कैंप

# ग्राहकों को दी डिजिटल बैंकिंग की जानकारी




अनंत ज्ञान

**गुरनाम सागर, चंडीगढ़।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा आज कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) मुख्यालय, चंडीगढ़ में मेगा रिटेल क्रेडिट आउटरीच कैंप का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व डीपी खुराना, कॉर्पोरेट जनरल मैनेजर, ने किया। उनके साथ एसके सिंह, आंचलिक प्रमुख चंडीगढ़ तथा राम कुमार यादव, क्षेत्रीय प्रमुख चंडीगढ़ भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पंचकूला के मेयर श्याम लाल बंसल उपस्थित रहे। साथ ही शिवालिक डेवलपमेंट बोर्ड के चेयरमैन ओम प्रकाश ने भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम के दौरान ग्राहकों को होम लोन, कार लोन, एजुकेशन लोन, पर्सनल लोन, डिजिटल बैंकिंग सेवाओं, बीमा उत्पादों तथा विभिन्न सरकारी प्रायोजित ऋण योजनाओं की जानकारी दी गई।

मेयर श्याम लाल बंसल ने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के प्रयासों की सराहना करते हुए सुरक्षाबीमा एवं विभिन्न सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता फैलाने पर जोर दिया, ताकि अधिक से अधिक लोग इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। एसके सिंह ने सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, उद्गम पोर्टल, सीकेवाईसी तथा डीईएएफ खातों से संबंधित विस्तृत जानकारी साझा की। वहीं राम कुमार ने बैंक की डिजिटल मोबाइल बैंकिंग ऐप 'सेंट ईज़' के माध्यम से उपलब्ध सुरक्षाबीमा सुविधाओं की जानकारी दी।

डीपी खुराना ने बीमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बैंक की उपलब्धियों एवं प्रदर्शन की जानकारी साझा की। कार्यक्रम का समापन ग्राहकों के साथ संवाद, उपयोगी व्यावसायिक संभावनाओं तथा प्रतिभागियों से प्राप्त सकारात्मक प्रतिक्रिया के साथ सफलतापूर्वक हुआ।

# कोर्ट परिसर के रिकॉर्ड रूम में लगी आग, रिकार्ड जलने की आशंका

**एजेंसी, गुरुग्राम।** लोअर कोर्ट के रिकॉर्ड रूम में रविवार दोपहर अचानक आग लग गई। धुआं और आग की लपटे उठती देख आसपास मौजूद लोगों और वकीलों ने तुरंत इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का अभियान शुरू कर दिया। रविवार होने के कारण कोर्ट परिसर में अवकाश था और अधिकांश स्टाफ मौजूद नहीं था।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार रिकॉर्ड रूम में रखे रिकार्ड की जलने की जानकारी भी सामने आई। हालांकि कितना रिकॉर्ड पूरी तरह जल चुका है और कितना सुरक्षित बचाया गया है, इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हो पाई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोपहर के समय रिकॉर्ड रूम से अचानक धुआं निकलता दिखाई दिया। वहां से गुजर रहे कुछ वकीलों ने तुरंत चौकीदार और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। इसके बाद दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने का प्रयास तेज कर दिया। काफी देर की मशक्कत के बाद आग को फैलने से रोक लिया गया। फायर ब्रिगेड अधिकारियों का कहना है कि प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट आग लगने की संभावित वजह मानी जा रही है, लेकिन वास्तविक कारणों का खुलासा विस्तृत जांच के बाद ही हो सकेगा। आग पूरी तरह बुझने के बाद रिकॉर्ड रूम में सर्च अभियान चलाया जाएगा जिससे नुकसान का सही आकलन किया जा सके।

# सीटीयू से निकाले आउटसोर्स कर्मचारियों को रखा जाए वापसः भारतीय मजदूर संघ

अनंत ज्ञान

**गुरनाम सागर, चंडीगढ़।** भारतीय मजदूर संघ, चंडीगढ के मुख्य कार्यकारी सदस्यों ने आज की मीटिंग में यूटी प्रशासन, नगर निगम तथा विभिन्न बोर्डों व विभागों में कार्यरत कांट्रैक्ट और आऊटसोर्सिंग कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीर बताते हुए उनकी नौकरी सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग उठाई है। भारतीय मजदूर संघ ने कहा कि जनता दरबार में चंडीगढ़ प्रशासक के समक्ष पहले भी यह दोनों मुद्दों के अलावा सीटीयू से निकाले गए आऊटसोर्सिंग कर्मचारियों के मुद्दे उठाए गए थे, परन्तु अभी तक चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा इन दोनों मुद्दों पर कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई ।

सीटीयू से टर्मिनेट आउटसोर्स कर्मचारी आज तक नई बसों का इंतजार करते हुए घरों पर बैठने को मजबूर हैं और उनके परिवार पीड़ा झेल रहे हैं । संघ ने निकाले गए आऊटसोर्सिंग कर्मचारियों को तुरंत प्रभाव से वापस रखने की मांग की है। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि चंडीगढ़ प्रशासन व म्युनिसिपल कार्पोरेशन में लंबे समय व दशकों से सेवाएं दे रहे हजारों कांट्रैक्ट व आऊटसोर्सिंग कर्मचारी असुरक्षा के माहौल में काम कर रहे हैं। अनेक कर्मचारी वर्षों से लगातार सेवाएं देने के बावजूद किसी केंद्रीय स्थायी नीति के अभाव में भविष्य को लेकर हजारों कांट्रैक्ट व आऊटसोर्सिंग कर्मचारी अपने व परिवार के भविष्य को लेकर चिंतित हैं।



भारतीय मजदूर संघ ने मांग की कि जिन कांट्रैक्ट कर्मचारियों ने लंबा समय सेवा में पूरा कर लिया है, उन्हें एकमुश्त नीति बनाकर नियमित किया जाए। साथ ही आऊटसोर्सिंग कर्मचारियों को निजी ठेकेदारों और जेम पोर्टल व्यवस्था के स्थान पर हरियाणा कौशल रोजगार निगम जैसी सरकारी केंद्रीकृत व्यवस्था के अधीन लाकर भर्ती से लेकर रिटायरमेंट तक नौकरी की सुरक्षा प्रदान की जाए। संघ ने कहा कि कर्मचारियों को समान कार्य के लिए सम्मानजनक वेतन, सामाजिक सुरक्षा, ईपीएफ, ईएसआई तथा सेवा निरंतरता का लाभ मिलना चाहिए।कर्मचारियों का शोषण रोकने और प्रशासनिक कार्यों की स्थिरता बनाए रखने के लिए चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा इन कांट्रैक्ट व आऊटसोर्सिंग कर्मचारियों के लिए कोई ठोस सुरक्षित नीति बनाना समय की आवश्यकता है।

संघ ने जल्द ही इन मुद्दों पर चंडीगढ़ प्रशासक से जल्द मुलाकात करने पर भी सहमति जताई। भारतीय मजदूर संघ ने प्रशासन एवं सरकार से मांगों पर संवेदनशीलता से विचार कर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की अन्यथा संगठन को आंदोलन की राह पर चलने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।



नगर एवं ग्रामसत्ता
अनंत ज्ञान

# तीन चरणों में पंचायत चुनाव से बढ़ीं दिक्कतें

## चुनावी कार्यक्रम की जटिलता ने बढ़ाई चिंता, दूरदराज के क्षेत्रों में समस्या विकराल

अनंत ज्ञान




**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** प्रदेश में पंचायत चुनावों की सरगर्मियां जहां गांव-गांव लोकतंत्र का उत्सव लेकर आई हैं, वहीं चुनाव प्रक्रिया के तीन चरणों में बंट जाने से आम लोगों की परेशानियां भी बढ़ती दिखाई दे रही हैं। राज्य के हजारों कर्मचारी, विद्यार्थी, नौकरीपेशा लोग और शहरों में रहने वाले ग्रामीण मतदाता इन दिनों समय, सफर और व्यवस्थाओं के दबाव के बीच उलझे हुए हैं। लोकतंत्र के इस पर्व में भागीदारी को लेकर लोगों में उत्साह जरूर है, लेकिन चुनावी कार्यक्रम की जटिलता ने कई परिवारों की चिंता भी बढ़ा दी है।

जानकारी के अनुसार प्रदेश में पंचायत चुनाव 26, 28 और 30 मई को करवाए जा रहे हैं। अलग-अलग चरणों में मतदान होने के कारण लोगों को बार-बार गांवों की ओर रुख करना पड़ रहा है। खासकर वे लोग, जो नौकरी या पढ़ाई के कारण शहरों में रह रहे हैं, उनके लिए सीमित समय में गांव पहुंचना आसान नहीं रह गया है। लंबी दूरी, पहाड़ी रास्ते और यातायात की सीमित सुविधाओं ने कई मतदाताओं को असमंजस में डाल दिया है।

सरकारी कर्मचारियों की सबसे बड़ी चिंता मतदान अवकाश को लेकर सामने आ रही है। कई कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें मतदान के लिए केवल एक दिन का अवकाश दिया गया है, जबकि दुर्गम क्षेत्रों तक पहुंचने और वापसी में ही पूरा समय निकल जाता है। ऐसे में कर्मचारियों को मतदान करके जल्दबाजी में वापस लौटना पड़ रहा है, जिससे थकान और अव्यवस्था की स्थिति बन रही है। कर्मचारियों का मानना है कि यदि अतिरिक्त अवकाश की व्यवस्था होती तो वे अधिक सहजता और संतुलन के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते थे।

### विद्यार्थियों की भी बढ़ीं दिक्कतें

**पंचायत** चुनावों का असर परिवारों और बच्चों की दिनचर्या पर भी साफ दिखाई देने लगा है। छोटे बच्चों वाले अभिभावकों के सामने सबसे बड़ी समस्या बच्चों की देखरेख को लेकर खड़ी हो गई है। जिन परिवारों में पति-पत्नी दोनों नौकरी करते हैं, उनके लिए गांव जाकर मतदान करना चुनौती बन गया है। वहीं पहली बार मतदान करने वाले युवा मतदाता भी यात्रा और समय प्रबंधन को लेकर परेशान नजर आ रहे हैं। शहरों में पढ़ाई कर रहे कई विद्यार्थियों के लिए लगातार सफर करना आर्थिक और मानसिक दोनों स्तर पर कठिन साबित हो रहा है। गांवों से लेकर शहरों तक यह चर्चा तेज हो गई है कि यदि यही परिस्थितियां बनी रहीं तो इस बार मतदान प्रतिशत पर भी असर पड़ सकता है। बड़ी संख्या में ऐसे मतदाता हैं, जो नौकरी, व्यवसाय या पढ़ाई के कारण अपने गांवों से दूर रह रहे हैं। लोगों का कहना है कि यदि सरकार की ओर से अतिरिक्त अवकाश, बेहतर परिवहन व्यवस्था और चरणों के बीच अधिक संतुलित प्रबंधन किया जाता तो मतदाता अधिक सहजता के साथ चुनाव प्रक्रिया में भाग ले सकते थे।

### प्रदेशभर में कुल 70,224 प्रत्याशी हैं चुनावी मैदान में

**प्रदेशभर** में पंचायत चुनावों को लेकर जबरदस्त उत्साह दिखाई दे रहा है। कुल 31,182 पदों के लिए 70,224 प्रत्याशी मैदान में डटे हुए हैं। हालांकि कई जगहों पर मुकाबला शुरू होने से पहले ही समाप्त हो गया और 10,854 उम्मीदवार निर्विरोध चुन लिए गए हैं। इनमें पंचायत वार्ड सदस्य, प्रधान, उपप्रधान और पंचायत समिति सदस्य शामिल हैं। अब शेष पदों के लिए 26, 28 और 30 मई को तीन चरणों में मतदान होगा। चुनावों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए प्रशासन भी तैयारियों में जुटा हुआ है

# जिला परिषद सीटों पर भाजपा-कांग्रेस में सीधी जंग

## दोनों पार्टियों ने प्रचार में झोंकी पूरी ताकत, गांव-गांव हो रहीं नुक्कड़ सभाएं

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** आगामी पंचायत चुनावों को लेकर क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मियां चरम पर पहुंच गई हैं। पंचायत प्रधान, उपप्रधान तथा बीडीसी सदस्य पदों के चुनावों में जहां राजनीतिक दल खुलकर सामने आने से बचते नजर आ रहे हैं, वहीं जिला परिषद के चारो वार्डों में भाजपा और कांग्रेस ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। दोनों दलों के नेता गांव-गांव जाकर नुक्कड़ सभाएं कर रहे हैं और अपने समर्थित उम्मीदवारों के पक्ष में माहौल बनाने में जुटे हुए हैं।

राजनीतिक जानकारों की मानें तो पंचायत स्तर के अधिकांश चुनावों में इस बार भी 'जो जीतेगा वही अपना' की रणनीति देखने को मिल रही है। हालांकि यदि किसी दल का अधिकृत पदाधिकारी अथवा पार्टी के प्रति पूरी तरह वफादार चेहरा जीत दर्ज करता है तो उसे राजनीतिक उपलब्धि के रूप में देखा जाएगा। जिला परिषद चुनावों में भाजपा की ओर से पूर्व विधायक मुल्क राज प्रेमी अपनी टीम के साथ पूरी सक्रियता से चुनावी मैदान में डटे हुए हैं। वह लगातार गांव-गांव जाकर नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से समर्थित उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार कर रहे हैं।

वहीं स्थानीय विधायक पैर में चोट के कारण लंबी दूरी तक प्रचार नहीं कर पा रहे हैं, लेकिन फोन और अन्य माध्यमों से लगातार चुनावी गतिविधियों पर नजर बनाए हुए हैं। उनकी अनुपस्थिति में उनके सुपुत्र एवं युवा कांग्रेस नेता रविंद्र बिट्टू ने ब्लॉक कांग्रेस की टीम के साथ चुनाव प्रचार की कमान संभाल रखी है। रविंद्र बिट्टू अपने विधायक पिता की गैरमौजूदगी में एक अनुभवी राजनेता की तरह लगातार जनसंपर्क और नुक्कड़ सभाएं कर रहे हैं। इस बार अवेरी जिला परिषद वार्ड सबसे अधिक चर्चाओं में बना हुआ है। यहां कांग्रेस की ओर से लंबे समय से पार्टी से जुड़े वरिंद्र कटोच मैदान में हैं, जबकि भाजपा ने बलवंत ठाकुर पर दांव खेला है। वामपंथी विचारधारा से जुड़े अक्षय जसरोटिया ने मुकाबले को त्रिकोणीय बना दिया है। वहीं शुभम कपूर यदि जातिवाद और क्षेत्रवाद के मुद्दों को प्रभावी ढंग से भुनाने में सफल रहते हैं तो चुनाव और भी रोचक हो सकता है। भाजपा से बगावत कर मैदान में उतरी सुधा कटोच भी महिला मतदाताओं का समर्थन मिलने पर 'छुपा रुस्तम' साबित हो सकती हैं।

कुदैल वार्ड में भाजपा की रशमा धीमान और कांग्रेस समर्थित रेशमा देवी के बीच कांटे की टक्कर मानी जा रही है। वहीं अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित तरहेल वार्ड में कांग्रेस की सत्या देवी और भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष मोनू देबी के बीच दिलचस्प मुकाबले की संभावना जताई जा रही है। राजनीतिक हलकों में यह सीट भाजपा की प्रतिष्ठा से भी जोड़कर देखी जा रही है। संसाल वार्ड में भी चुनावी समीकरण काफी दिलचस्प बने हुए हैं। माना जाता है कि दुर्गम बरोट घाटी की छह पंचायतें यहां उम्मीदवारों की जीत-हार तय करने में अहम भूमिका निभाती रही हैं। कई बार यहां का मतदाता एकतरफा मतदान की रणनीति पर भी काम करता दिखाई दिया है। इस वार्ड में भाजपा समर्थित जय गोपाल, कांग्रेस विचारधारा के रामलाल के बीच मुख्य मुकाबला माना जा रहा है। हालांकि कांग्रेस समर्थक यशपाल भी कई क्षेत्रों में प्रभाव रखते दिखाई दे रहे हैं। अधिवक्ता राज वर्मा जिस तरह से मतदाताओं के बीच जाकर अपना पक्ष रखने की भरपूर कोशिश तो कर ही रहे हैं उससे इस जिला परिषद सीट का मुकाबला और भी रोचक होता नजर आ रहा है।

# जिला परिषद वार्ड नवाही में श्याम लाल की स्थिति बेहद मजबूत

## विधायक दिलीप ठाकुर ने समर्थन में किया जोरदार प्रचार

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** जिला परिषद वार्ड नवाही से भाजपा समर्थित प्रत्याशी श्याम लाल के समर्थन में सरकाघाट के विधायक दिलीप ठाकुर ने नबाही और जुकैन क्षेत्रों में जोरदार प्रचार अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने कई जनसभाओं को संबोधित करते हुए श्याम लाल के पक्ष में मतदान की अपील की।

विधायक दिलीप ठाकुर ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी श्याम लाल पिछले कई दिनों से लगातार 15 पंचायतों में घर-घर जाकर लोगों से संपर्क कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्याम लाल की साफ-सुथरी छवि, मृदुभाषी स्वभाव, शालीनता और समाजसेवा की भावना के चलते उन्हें हर वर्ग का व्यापक समर्थन मिल रहा है। मजदूर, किसान और विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े लोग भी खुलकर उनके समर्थन में सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्याम लाल दलगत राजनीति से ऊपर उठकर लोगों के बीच काम कर रहे हैं। जो लोग घर पर नहीं मिल पा रहे हैं, उनसे वे मोबाइल के माध्यम से व्यक्तिगत संपर्क स्थापित कर रहे हैं। विधायक ने दावा किया कि नवाही वार्ड में इस बार जनता बदलाव के मूड में है और श्याम लाल को भारी जनसमर्थन प्राप्त हो रहा है।

इस अवसर पर भाजपा समर्थित प्रत्याशी श्याम लाल ने कहा कि वे हमेशा जनता के सुख-दुख में साथ खड़े रहे हैं और आगे भी क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी ईमानदारी से कार्य करेंगे।

### कांग्रेस और माकपा का भी मिल रहा समर्थन

**गौरतलब** है कि पुलिस विभाग से अधिकारी पद से सेवानिवृत्त श्याम लाल लंबे समय तक प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री रंगीला राम राव के गनमैन भी रह चुके हैं। क्षेत्र में उनकी कार्यशैली और व्यवहार के चलते कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ-साथ माकपा समर्थकों का भी उन्हें समर्थन मिल रहा है।

### कई लोगों ने थामा भाजपा का दामन

**चुनावी** माहौल उस समय और गर्म हो गया जब शशी पाल शर्मा, राकेश शर्मा, रिटायर्ड एसडीओ नेक राम शर्मा, ओमप्रकाश ठाकुर, प्रेम ठाकुर, मनोहर लाल, ज्ञान प्रकाश ठाकुर, रवी ठाकुर और हवलदार बसंत सिंह सहित दर्जनों लोगों ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इन नेताओं ने कहा कि वे क्षेत्र के विकास और मजबूत नेतृत्व को ध्यान में रखते हुए भाजपा के साथ जुड़े हैं। उन्होंने जनता से भी विकास और क्षेत्रहित को प्राथमिकता देते हुए भाजपा समर्थित प्रत्याशी श्याम लाल को विजयी बनाने की अपील की।

# अब पंचायत चुनाव में भी होगा कांग्रेस का सफाया : जयराम

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, मंडी।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मंडी जिला के सराज विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर लोगों से मिले और उनके साथ सुख- दुःख साझा किया। उन्होंने कहा कि स्थानीय निकाय चुनावों में जनता ने भाजपा के पक्ष में अपना स्पष्ट जनादेश दिया है और यही रुझान आने वाले पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों में भी देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि हिमाचल की जनता का भारतीय जनता पार्टी को पूरा आशीर्वाद और समर्थन प्राप्त है तथा जनता लोकतांत्रिक तरीके से इस जनविरोधी सरकार को करारा जवाब देने के लिए तैयार बैठी है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का झूठ अब पूरी तरह जनता के सामने बेनकाब हो चुका है। स्थानीय निकाय चुनावों के परिणामों ने साफ कर दिया है कि हिमाचल की जनता कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों, झूठी गारंटियों और लगातार बढ़ते आर्थिक बोझ से बेहद नाराज़ है। उन्होंने कहा कि स्थानीय निकाय चुनावों में कांग्रेस को जनता ने स्पष्ट रूप से नकार दिया है और आने वाले पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों में भी कांग्रेस का पूरी तरह सफाया होना तय है। जयराम ने कहा कि कांग्रेस सरकार साढ़े तीन साल में विकास के नाम पर एक भी उपलब्धि नहीं गिना पाई है। 2000 से ज्यादा संस्थान बंद करना लाखों पदों को समाप्त करना हजारों लोगों को नौकरियों से निकालना ही इस सरकार की उपलब्धि है। प्रदेश में विकास कार्य पूरी तरह ठप पड़े हैं, कर्मचारी और पेंशनर परेशान हैं, युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है। चुनाव से पहले 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने का वादा करने वाली कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आते ही भाजपा सरकार द्वारा दी जा रही 125 यूनिट मुफ्त बिजली भी छीन ली।

### प्रधान पद के उम्मीदवार ने मूलभूत सुविधाएं मजबूत करने का किया दावा

# विकास, पारदर्शिता और नशामुक्त पंचायत के मुद्दे पर चुनाव लड़ रहे विशाल ठाकुर

अनंत ज्ञान



**रितेश चौहान, सरकाघाट।** सरकाघाट उपमंडल की ग्राम पंचायत सधोट से प्रधान पद के लिए चुनाव मैदान में उतरे एडवोकेट विशाल ठाकुर ने पंचायत के सर्वांगीण विकास को अपनी प्राथमिकता बताया है। उन्होंने कहा कि छात्र जीवन से लेकर पिछले करीब 15 वर्षों तक वह सामाजिक और राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय रहकर लोगों के हितों के लिए कार्य करते आए हैं। विशाल ठाकुर ने कहा कि यदि पंचायत की जनता उन्हें समर्थन देती है तो वह सरकार से मिलने वाला प्रधान का मानदेय स्वयं पर खर्च नहीं करेंगे, बल्कि हर माह महिला मंडलों, युवक मंडलों और जरूरतमंद परिवारों को समर्पित करेंगे। उन्होंने कहा कि पंचायत में मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए कई योजनाओं पर प्राथमिकता से काम किया जाएगा। इनमें पंचायत क्षेत्र में बैंक और एटीएम शाखाएं खुलवाना, हर घर तथा चौक-चौराहों पर सोलर लाइट और सीसीटीवी कैमरे लगवाना, पक्की सड़कों का निर्माण करवाना तथा सरकारी स्कूल को सीबीएसई अथवा मॉडल स्कूल के रूप में विकसित करना शामिल है। उन्होंने कहा कि युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए पंचायत स्तर पर स्पोर्ट्स अकादमी अथवा प्रशिक्षित कोच की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों को जिला स्तर से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा ताकि स्थानीय प्रतिभाओं को बेहतर मंच मिल सके। विशाल ठाकुर ने कहा कि पंचायत परिसर को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा, जहां जिम और स्विमिंग पूल जैसी सुविधाएं उपलब्ध करवाने का प्रयास रहेगा। इसके अलावा सब पोस्ट ऑफिस सधोट को नियमित शाखा में बदलने तथा जल शक्ति विभाग का सेक्शन कार्यालय खुलवाने के लिए संबंधित विभागों से संपर्क किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पंचायत के अंतिम संस्कार स्थलों का सौंदर्यीकरण किया जाएगा और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वयं सहायता समूहों को बढ़ावा दिया जाएगा। सार्वजनिक वितरण प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के साथ पंचायत को नशामुक्त बनाने के लिए विशेष अभियान भी चलाए जाएंगे। एडवोकेट विशाल ठाकुर ने कहा कि पंचायत की हर विकास योजना और बजट का पूरा ब्यौरा ग्राम सभा में जनता के सामने रखा जाएगा ताकि पारदर्शी और जवाबदेह पंचायत व्यवस्था स्थापित हो सके।

# भौर पंचायत में प्रधान पद के उम्मीदवार पर जानलेवा हमला

अनंत ज्ञान

◆ **चुनाव प्रचार से लौट रहे शंकर दास पर अज्ञात लोगों ने किया हमला**

**महेंद्र सिंह राणा, भौर।** विकास खंड धनोटू की भौर पंचायत में प्रधान पद के उम्मीदवार शंकर दास पर रात के अंधेरे में जानलेवा हमला होने का मामला सामने आया है। शंकर दास ने कराहते हुए बताया कि वह हलेल गांव में अपना चुनाव प्रचार समाप्त कर घर की ओर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में पहले से खड़े दो अज्ञात लोगों ने उन पर तेजधार हथियार से सिर पर हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से उन्हें संभलने का मौका तक नहीं मिला। अकेले होने के कारण वह किसी तरह जान बचाकर घर की तरफ भागे। खून से लथपथ हालत में जैसे ही वह घर पहुंचे तो उनके दोनों बेटे तुरंत घटना स्थल की ओर दौड़े, लेकिन तब तक हमलावर मौके से फरार हो चुके थे। सिर पर गहरा घाव होने के कारण शंकर दास को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज नेरचौक ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने बताया कि चोट गंभीर होने के चलते उनके सिर पर 13 टांके लगाने पड़े हैं। डॉक्टरों ने उन्हें कुछ दिन आराम करने की सलाह दी है। शंकर दास ने बताया कि उनकी किसी से कोई रंजिश नहीं है और न ही कभी किसी के साथ कोई विवाद हुआ है।

# पंचायत चुनाव ड्यूटी पर तैनात 99% कर्मियों ने किया मतदान

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** शिमला रामपुर विकास खंड में आगामी 26 मई को होने वाले पंचायत चुनावों के पहले चरण को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। चुनाव को निष्पक्ष और सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए ड्यूटी पर तैनात किए गए पोलिंग स्टाफ (अधिकारियों और कर्मचारियों) ने चुनाव ड्यूटी पर रवाना होने से पहले अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

यह विशेष मतदान प्रक्रिया खंड विकास कार्यालय परिसर रामपुर में आयोजित की गई। प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार, रामपुर विकास खंड में चुनावी प्रक्रिया को अमलीजामा पहनाने के लिए कुल 293 कर्मचारी नियुक्त किए गए हैं। इन कर्मचारियों में लोकतंत्र के इस पर्व को लेकर विशेष उत्साह देखा गया और लगभग 99 प्रतिशत कर्मचारियों ने ड्यूटी पर जाने से पहले अपने मत का प्रयोग कर लिया। रामपुर विकास खंड में कुल पंचायतें 39 और कुल मतदान केंद्र 159 हैं।

# पुन: मतगणना को 10 मिनट में करना होगा आवेदन

## निर्वाचन आयोग ने जारी की गाइडलाइन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पंचायतीराज चुनाव में मतगणना को निष्पक्ष, पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने के लिए निर्वाचन आयोग ने दिशानिर्देश जारी किए हैं। आयोग के सचिव सुरजीत सिंह राठौर ने बताया कि मतगणना प्रक्रिया, रिकाउंटिंग, सुरक्षा प्रबंधन और मतपत्रों की छंटनी को लेकर सख्त नियम लागू किए गए हैं। नई गाइडलाइन के अनुसार मतगणना पूरी होने के बाद रिटर्निंग अधिकारी या सहायक रिटर्निंग अधिकारी द्वारा प्रत्याशियों को प्राप्त मतों की घोषणा की जाएगी। इसके तुरंत बाद प्रत्याशी या उनके मतगणना एजेंट को पुनर्मतगणना की मांग के लिए केवल 10 मिनट का समय मिलेगा। आयोग ने स्पष्ट किया है कि रिकाउंटिंग के लिए आवेदन लिखित रूप में देना अनिवार्य होगा। मौखिक अनुरोध स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

निर्देशों के अनुसार रिटर्निंग अधिकारी आवेदन को पूरी तरह स्वीकार, आंशिक रूप से स्वीकार अथवा अस्वीकार कर सकता है। आवेदन अस्वीकार करने की स्थिति में कारण को लिखित रूप देना होगा। अंतिम परिणाम घोषित होने के बाद किसी भी प्रकार की पुनर्मतगणना की मांग स्वीकार नहीं होगी।

### सीसीटीवी, वीडियोग्राफी और वेब-कास्टिंग अनिवार्य

**मतगणना** प्रक्रिया की निगरानी के लिए आयोग ने सभी मतगणना केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे या वीडियोग्राफी की व्यवस्था अनिवार्य कर दी है। कैमरे इस प्रकार लगाए जाएंगे कि मतगणना टेबल और एजेंट स्पष्ट रूप से दिखाई दें। रिकॉर्डिंग को कम से कम तीन महीने तक सुरक्षित रखा जाएगा। संवेदनशील और अति संवेदनशील मतगणना केंद्रों पर वेब-कास्टिंग की व्यवस्था भी की जाएगी। वहीं पोस्टल बैलेट को निर्धारित समय तक प्राप्त होने के बाद संबंधित पद के सामान्य मतपत्रों के साथ मिश्रित कर ही गिना जाएगा, ताकि मतदान की गोपनीयता बनी रहे। भीड़ नियंत्रण के लिए आयोग ने निर्देश दिया है कि जिस वार्ड की मतगणना चल रही होगी, केवल उसी वार्ड के एजेंट को मतगणना कक्ष में बैठने की अनुमति होगी। हालांकि प्रधान और उपप्रधान के प्रत्याशी या उनके एजेंट पूरी प्रक्रिया के दौरान मौजूद रह सकेंगे।

# भाजपा ने जिला परिषद चुनाव में बगावत करने वाले 28 पदाधिकारियों को हटाया

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में जिला परिषद चुनावों के बीच भारतीय जनता पार्टी ने पार्टी विरोधी गतिविधियों पर बड़ी कार्रवाई की है। भाजपा ने उन 28 पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को उनके संगठनात्मक दायित्वों से मुक्त कर दिया है, जो पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ चुनाव मैदान में उतर गए हैं। पार्टी ने इसे अनुशासनहीनता और संगठन विरोधी गतिविधि बताया है। भाजपा की ओर से रविवार को जारी बयान में कहा गया कि प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल की अनुमति और वरिष्ठ नेताओं से चर्चा के बाद यह फैसला लिया गया है। पार्टी ने साफ कहा है कि संगठन हित और अनुशासन से ऊपर कोई भी व्यक्ति नहीं हो सकता। अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ चुनाव लड़ना संगठनात्मक मर्यादा का गंभीर उल्लंघन माना गया है। दायित्वों से मुक्त किए गए नेताओं में ठियोग से सरिता वर्मा, जो प्रदेश सोशल मीडिया सह-संयोजक महिला मोर्चा थीं, झंडूता से देवांश चंदेल, प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मोर्चा, बिलासपुर से रोहित ठाकुर, प्रदेश सचिव युवा मोर्चा, सुजानपुर से वीना कपिल, प्रदेश सह-संयोजक शहरी निकाय प्रकोष्ठ, चंबा से मनोज कुमार, प्रदेश सह-संयोजक सांस्कृतिक प्रकोष्ठ और बल्ह से अनिल सैनी (डिम्पल), प्रदेश आईटी सह-संयोजक ओबीसी मोर्चा शामिल हैं। इसके अलावा बल्ह से विश्व बंधु शर्मा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य युवा मोर्चा, जोगिंद्रनगर से विजय भाटिया, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य युवा मोर्चा, शिमला ग्रामीण से मीना वर्मा, जिला सचिव भाजपा शिमला, सुजानपुर से सुमन चौहान, जिला उपाध्यक्ष भाजपा, भटियात से सुभाष चंद, जिला कार्यकारिणी सदस्य चंबा, डलहौजी-भटियात से सचिन महाजन, मंडल उपाध्यक्ष बनीखेत मंडल, भटियात से तिलक राज और संजय कुमार, दोनों मंडल महामंत्री मंडल मेल, को भी दायित्वों से मुक्त किया गया है। रोहडू से कमलेश समरैक, मंडल सचिव, बैजनाथ से सुधा कटोच, मंडल कार्यालय सचिव, बड़सर से रजनी पीला, मंडल सचिव बड़सर मंडल, भरमौर से कमला भारद्वाज, जिला कोषाध्यक्ष महिला मोर्चा, धर्मपुर से रीता निराला, जिला महामंत्री महिला मोर्चा सुंदरनगर और बैजनाथ से शुभम कपूर, जिला सचिव अनुसूचित जनजाति मोर्चा भी कार्रवाई की जद में आए हैं। इंदौरा से देवराज, मंडल अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा, चिंतपूर्णी से राजीव कुमार, मंडल महामंत्री अनुसूचित जाति मोर्चा, बल्ह से दुष्यंत शर्मा, मंडल प्रवक्ता युवा मोर्चा, मंडी से राकेश राणा, मंडल सचिव किसान मोर्चा, इंदौरा से जुगल किशोर, आईटी सह-संयोजक किसान मोर्चा, सुजानपुर से ज्योति ठाकुर, पूर्व जिला सचिव महिला मोर्चा, चंबा से करनैल सिंह, पूर्व प्रदेश मोर्चा सचिव और कसौली से दुनीचंद धीमान, पूर्व प्रदेश सचिव अनुसूचित जाति मोर्चा को भी संगठनात्मक जिम्मेदारियों से मुक्त किया गया है।

**पंचायत चुनाव** — किन्नौर में पहले चरण के मतदान के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना

# कल सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगा मतदान

अनंत ज्ञान



पहले चरण के मतदान के लिए चुनाव सामग्री के साथ रवाना होतीं पोलिंग पार्टियां। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** किन्नौर जिले में त्रिस्तरीय पंचायती राज चुनावों के पहले चरण को लेकर प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. अमित कुमार शर्मा के नेतृत्व में चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। पहले चरण का मतदान 26 मई को आयोजित होगा, जिसके लिए पोलिंग पार्टियों को चुनाव सामग्री सहित संबंधित मतदान केंद्रों के लिए रवाना कर दिया गया है। प्रशासन का दावा है कि दुर्गम क्षेत्रों में भी सभी व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित कर ली गई हैं, ताकि मतदाताओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। प्रशासन की ओर से रवाना की गई पोलिंग पार्टियां 25 मई तक अपने-अपने मतदान केंद्रों पर पहुंचकर संपूर्ण व्यवस्थाएं संभालेंगी। मतदान केंद्रों में सुरक्षा, बिजली, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश पहले ही जारी किए जा चुके हैं। उपायुक्त ने बताया कि मतदान 26 मई को सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक करवाया जाएगा और पूरी प्रक्रिया पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। दुर्गम क्षेत्रों में परिवहन और संचार व्यवस्था को भी विशेष रूप से मजबूत किया गया है, ताकि चुनाव प्रक्रिया बिना किसी बाधा के संपन्न हो सके।

उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि मतदान शुरू होने से 48 घंटे पहले जिले में सभी प्रकार के चुनाव प्रचार, रैलियों और सार्वजनिक सभाओं पर पूर्ण प्रतिबंध लागू कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि यदि इस अवधि के दौरान कोई प्रत्याशी या समर्थक प्रचार करते हुए पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### चुनाव कर्मचारियों को दिया गया है प्रशिक्षण

**जिला** निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सभी चुनाव कर्मियों को पहले ही विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है, ताकि मतदान प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, शांतिपूर्ण और निष्पक्ष बनी रहे। प्रशासन की ओर से सुरक्षा बलों की भी तैनाती की गई है और संवेदनशील मतदान केंद्रों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। वहीं पंचायत चुनावों को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह का माहौल बना हुआ है और मतदाता अपने प्रतिनिधियों के चयन को लेकर सक्रिय नजर आ रहे हैं।